kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-171 | बुधवार, 23 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

विदेशी घुसपैठियों के फर्जी वोटों के दलदल से बिहार में सत्ता तलाशने की जुगत में था इंडी ठगबंधन। लेकिन चुनाव आयोग की पारदर्शी पहल ने उनके सपनों में ख़लल डाल दिया, इसलिए बिहार से लेकर दिल्ली तक यह ठगबंधन 'चीखमचीख' मचाए है।



केशव प्रसाद मौर्य

बिहार में एसआईआर का 97 प्रतिशत काम पूरा : चुनाव आयोग 11

बिहार विधानमंडल के दोनों सदन में हंगामा सदन बुधवार तक के लिए स्थगित 12

## संक्षेप

### तीन आईएएस व छह पीसीएस के तबादले

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को तीन आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। पीसीएस से आईएएस बनने वाले विनोद कुमार गौड़ को उप सचिव उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज से मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद बनाया गया है। अरविंद कुमार मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद को अपर निदेशक सूचना और प्रतीक्षारत डा. अलका वर्मा को निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया है। पीसीएस अधिकारियों में गौरव रंजन श्रीवास्तव एडीएम (वि/रा) बहराइच से उपसचिव उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज, अमित कुमार द्वितीय एडीएम (नगर पूर्वी) लखनऊ से एडीएम (वि/रा) बहराइच बनाए गए हैं। महेंद्र पाल सिंह एडीएम (वि/रा) औरैया से एडीएम (नगर पूर्वी) लखनऊ, अविनाश चंद्र मौर्य उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ से एडीएम (वि/रा) औरैया बनाए गए हैं। नरेंद्र सिंह एसडीएम मुरादाबाद से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, गरिमा स्वरूप संयुक्त निदेशक बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय व अतिरिक्त कार्यभार उप सचिव से विशेष कार्याधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ बनाई गई हैं।

### उच्च न्यायालय में प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष मंगलवार को विशेष अपीलों पर याचियों के अधिवक्ताओं ने बहस की। इसके जवाब में राज्य सरकार के अधिवक्ताओं की बहस चल रही है। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को नियत की है। पहली विशेष अपील 5 बच्चों ने, और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा एल पी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि, राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस कर रहे हैं। बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ का इस्तीफा मंजूर

संसद भी नहीं पहुंचे, विदाई समारोह में शामिल नहीं होंगे, विपक्ष बोला- वजह स्वास्थ्य नहीं, कुछ और

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने यह जानकारी दी। दूसरी तरफ, राज्यसभा के उपसभापति और जेडीयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

हरिवंश ने ही आज सुबह 11 बजे जगदीप धनखड़ की जगह, राज्यसभा की कार्यवाही शुरू की थी। धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए थे। इससे पहले खबर आई थी कि धनखड़ विदाई समारोह में भी शामिल नहीं होंगे। घ्ख्र नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, 'ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त, 2027 में रिटायर हो जाऊंगा। उपराष्ट्रपति के इस्तीफ़े की 2 थ्योरी पहली: राष्ट्रपति को लिखे त्यागपत्र में धनखड़ ने पद छोड़ने की वजह स्वास्थ्य बताया था। दूसरीः विपक्ष इस्तीफ़े पर सवाल कर रहा है। कह रहा है कि इसकी वजह कुछ और है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को बताया, '21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे श्री जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री शेष पेज 11 पर



राज्यसभा के उपसभापति और जेडीयू सांसद हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की

### मोदी ने धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की



नई दिल्ली। जगदीप धनखड़ के एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में स्वास्थ्य कारणों से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। श्री मोदी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री धनखड़ को उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा , श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### अगला उपराष्ट्रपति चुनने के लिए जल्द से जल्द कराना होगा चुनाव : संविधान

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए संविधान के अनुसार चुनाव ''जल्द से जल्द'' कराना होगा। संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड दो के अनुसार, उपराष्ट्रपति की मृत्यु, इस्तीफ़े या उन्हें पद से हटाए जाने या अन्य किसी कारण से होने वाली रिक्ति को भरने के लिए चुनाव, रिक्ति होने के बाद 'यथाशीघ्र' आयोजित किया जाएगा। रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति 'अपने पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि तक'' पद धारण करने का हकदार होगा। संविधान में इस पर कुछ नहीं कहा गया है कि उपराष्ट्रपति की मृत्यु या उनके कार्यकाल की समाप्ति से पहले त्यागपत्र देने की स्थिति में, या जब उपराष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हैं, तो उनके कर्तव्यों का निर्वहन कौन करेगा। उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है, लेकिन कार्यकाल शेष पेज 11 पर

## पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने कृषि : योगी



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे।

उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है। इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करता है तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर उन्होने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन किया और कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया। उन्होने कहा कि हमें भारत की जलवायु, मिट्टी के अनुरूप शोध व विकास को बढ़ाने के लिए खुद को तैयार करना होगा। यूपी के अंदर यह सभी संभावनाएं छिपी हुई हैं। पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने 2047 तक भारत को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। हमें विकसित उत्तर प्रदेश बनाना है और इसके लिए सभी क्षेत्रों में अपनी संभावनाओं को तलाशना है। केंद्र सरकार ने तय किया है कि भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनेगा। हमने भी तय किया है कि 2029 में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाएंगे। योगी ने कहा कि कृषि व कृषि अनुसंधान की दृष्टि से यूपी प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है। शेष पेज 11 पर

## अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप भारतीय सेना को मिली




एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना के बाद अब सेना को भी अत्याधुनिक लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टरों की ताकत मिल गयी है और सेना के लिए तीन अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मंगलवार को वायु सेना के हिंडन एयर बेस पर उतरी।

सेना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया। सेना ने इन बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि उसकी विमानन शाखा के लिए तीन अपाचे हेलिकॉप्टरों की पहली खेप हिंडन एयर बेस पहुंच गयी है। पोस्ट में कहा गया है कि इन अत्याधुनिक हेलिकॉप्टरों से सेना की मारक क्षमता बढेगी। दुनिया की बड़ी एयरोस्पेस कंपनियों में शुमार अमेरिका की बोइंग कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के साथ छह एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद के अनुबंध के तहत यह पहली खेप भेजी है। इन हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति पिछले वर्ष शुरू होनी थी लेकिन इसमें एक वर्ष की देरी हो गयी। इन हेलिकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात किये जाने की संभावना है। शेष पेज 11 पर

## 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस, महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

मुंबई। 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में अब महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। शीर्ष कोर्ट में 24 जुलाई को सुनवाई होगी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की अपील की थी। मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन, यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वॉन्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। इनमें एहतेशाम सिद्दीकी शामिल हैं, जिसे 2015 में एक निचली अदालत ने इस मामले में मौत की सजा सुनाई थी। दूसरा आरोपी, मोहम्मद अली शेष पेज 11 पर

## कांवड़ यात्रा में भोजनालय मालिक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्ग के भोजनालयों पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने संबंधी विवाद पर मंगलवार को राज्य सरकारों को कोई निर्देश नहीं दिया, लेकिन दुकानदारों से कहा कि वे लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करें।

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने कहा कि ग्राहकों को यह जानने का अधिकार है कि क्या संबंधित भोजनालय में पहले मांसाहारी भोजन परोसा जाता था। अगर कोई केवल कांवड़ यात्रा के दौरान शाकाहारी भोजन परोसता है तो इसके बारे में ग्राहकों को जानकारी होनी चाहिए। पीठ ने कहा, ''हमें सूचित किया गया है कि आज यात्रा का अंतिम दिन है। इस समय हम सभी संबंधित होटल मालिकों से अनुरोध करते हैं कि वे वैधानिक रूप से आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने के आदेश का पालन करें। हम अन्य विवादित मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। पीठ ने कांवड़ यात्रा मार्ग के भोजनालयों पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने संबंधी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह कहते हुए कोई भी आदेश जारी करने से इनकार कर दिया कि मंगलवार (22 जुलाई) यात्रा का आखिरी दिन है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस याचिका में दलील दी गयी थी कि ये निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में शेष पेज 11 पर



### विधेयकों को मंजूरी: न्यायालय राष्ट्रपति मुर्मू के 14 सवालों की पड़ताल पर सहमत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने आठ अप्रैल के अपने फैसले के संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उठाए गए 14 महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार-विमर्श करने पर मंगलवार को सहमति व्यक्त की। शीर्ष अदालत के आठ अप्रैल के फैसले में राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए कार्रवाई करने की समय-सीमा तय की गई थी। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की संविधान पीठ 29 जुलाई को समय-सीमा तय करेगी और अगस्त के मध्य में राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई शुरू करेगी। राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 143 शेष पेज 11 पर

## एसटीएफ की निगरानी में होगी आरओ-एआरओ परीक्षा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- कोचिंग सेंटर, सोशल मीडिया व पुराने नकल माफिया पर रहेगी नजर हर
- जिले में डीएम होंगे नोडल अधिकारी 27 जुलाई को होगी यह परीक्षा

लखनऊ। प्रदेश में 27 जुलाई को होने वाली आरओ-एआरओ परीक्षा को लेकर सरकार ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस बार पुलिस के साथ एसटीएफ भी इस परीक्षा की निगरानी करेगी। डीएम अपने जिले में नोडल अधिकारी होंगे। पूरे प्रदेश में संवेदनशील केन्द्रों की विशेष निगरानी में एसटीएफ लगाई जाएगी। साथ ही नकल माफिया के जेल गए पुराने अपराधियों और वर्तमान में शक के दायरे में आने वाले गिरोह रडार पर ले लिए गए हैं।

एसटीएफ ने उन पर नजर रखना शुरू भी कर दिया है जो पर्चा आउट कराने और साल्वर उपलब्ध कराने के आरोप में पकड़े गए थे, इस समय जमानत पर है। इसके अलावा सोशल मीडिया के व्हाटसएप, टेलीग्राम प्लेटफार्म पर भी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर इस परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोचिंग संस्थानों व उनके शिक्षकों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। इससे पहले आरओ-एआरओ परीक्षा पर्चा आउट होने पर नि परीक्षा केन्द्र पर सख्ती रहेगी हर परीक्षा केन्द्र पर पहले से ज्यादा पुलिस बल तैनात रहेगा। हर केन्द्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग से टीम रखी जाएगी। प्रश्नपत्रों की ट्रेजरी से निकासी से लेकर आंसर शीट के भेजे जाने तक पूरी प्रक्रिया में सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। चेकिंग में गड़बड़ी अथवा नकल करते पकड़े जाने पर अभ्यर्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंगे आरओ/एआरओ परीक्षा को निष्पक्ष कराने के लिए परीक्षा शेष पेज 11 पर

योगी कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# महिलाओं को प्रापर्टी खरीद पर स्टांप में छूट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें 37 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पत्रकारों को बताया कि कुल 38 प्रस्ताव आए थे जिसमें 37 पर मुहर लग गई । एक प्रस्ताव को अगली बैठक में दोबारा पेश किया जाएगा । इस मौके पर मौजूद कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि टाटा टेक्नोलाजी की ओर से टाटा एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। ये उत्तर प्रदेश के लिए गेम चेंजर साबित होगा । इस फैसले से ग्रामीण इलाकों के लोगों को सबसे ज़्यादा फ़ायदा होगा। उत्तर प्रदेश में 121 पॉलीटेक्निक कॉलेज बनाये जाएँगे जिसमे पहले चरण में 45 का निर्माण किया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद पशुधन विकास मंत्री धरमपाल सिंह ने बताया कि पराग डेयरी नोयडा के विक्रय को मंजूरी प्रदान कर दी गई। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा अहम प्रस्ताव पारित किया गया है। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने बताया कि 939 करोड़ से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनेगा जिसकी लंबाई 15.87 किमी होगी जो छह लेन तक बढ़ाया जा सकेगा। चित्रकूट झांसी लिंक एक्सप्रेस वे। 548 दिन में पूरा होगा।

मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए स्टाम्प शुल्क में सरकार ने छूट देने का निर्णय लिया है । महिलावों के नाम एक करोड़ रुपये की प्रापर्टी लेने पर एक प्रतिशत छूट मिलेगी। पहले छूट की सीमा केवल दस लाख रुपए थी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में विधान सभा सत्र की शुरुआत 11 अगस्त से की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पराग डेयरी नोएडा के भूखंड को सुरक्षा संबंधित कंपनी 4.62 हेक्टेयर भूमि 101 करोड़ रुपए में बेचा जाएगा। पराग की नई फैक्ट्री बनवाकर देंगे। एम एस राफ़े 800 करोड़ कीमत का प्लांट सेक्टर 81 में लगाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि स्वामी विवेकानंद योजना में स्मार्ट फोन की जगह अब केवल टेबलेट वितरण किया जाएगा। 60 लाख बच्चों को दिया जा चुका है। अभी अगले करीब दो साल में 140 लाख बच्चों को बांटा जाना है मंत्री ने बताया कि विश्व बैंक के साथ सरकार यूपी एग्रीज के नाम से परियोजना होगी। नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के पास प्रसंस्करण भंडारण और निर्यात की व्यवस्था की जाएगी। जिसे दुनिया में भारतीय किसानों की उपज पहुंचाई जाएगी खासतौर पर बुंदेलखंड और पूर्वांचल के किसानों की। मंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट पर कार्गो का भी एक बहुत बड़ा सिस्टम डेवलप किया जाएगा। इसलिए इस योजना को लाया गया है। उन्नाव में हेचरी सीड यानी मछली के अंडों की व्यवस्था की जाएगी। जिसमें करीब 4000 करोड रुपए का निवेश आएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत जिनका विज्ञापन 28 मार्च 2005 से पहले हुआ है,वे एनपीएस की जगह ओपीएस ले सकते हैं। प्रदेश के 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों के उन्नयन के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक टीटीएल एक्सीलेंस सेंटर को स्थापित किए जाने पर 57.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं इन राजकीय शेष पेज 11 पर



- 121 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में टीटीएल एक्सीलेंस सेंटर बनेगा

### विधानसभा का मानसून सत्र 11 अगस्त से

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 11 अगस्त से यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। इस संक्षिप्त सत्र में कई विधेयक पेश किए जाएंगे। यह इस साल का दूसरा सत्र है। योगी कैबिनेट ने यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174 (1) की अनिवार्य व्यवस्था के अंतर्गत लिया है। इसके अनुसार एक सत्र की अंतिम बैठक और अगले सत्र की प्रथम बैठक के बीच अधिकतम अंतर छह माह का हो सकता है। पिछला सत्र 18 फरवरी को आरंभ होकर 5 मार्च, 2025 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था और 12 मार्च को सत्रावसान की अधिसूचना जारी की गई थी। नियमानुसार 5 सितंबर से पूर्व नए सत्र का आयोजन जरूरी था। आगामी सत्र में शासन द्वारा सत्रावसान के बाद जारी किए गए अध्यादेशों के प्रतिस्थानी विधेयकों को प्रस्तुत कर पारित कराना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक विधायी एवं औपचारिक कार्य भी किए जाएंगे।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा आस्था, संस्कृति और ग्रामीण पर्यटन का नया केंद्र: जयवीर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले मे स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि आधुनिक पर्यटक सुविधाएँ भी विकसित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है।

उन्होंने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेज़र शो, वेंडिंग ज़ोन, फूड प्लाज़ा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा, नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर, और पंचायत मंदिर (बड़ा बाज़ार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है। यहां हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर एक ऐतिहासिक मेला लगता है। मान्यता है कि यह मेला 5000 वर्षों से लगता रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहाँ पर्यटन अनुभव को और भी समृद्ध करने के लिए गढ़मुक्तेश्वर के आसपास के गांवों में ग्रामीण होमस्टे विकसित किए गए हैं। यहाँ गंगा नदी के किनारे बसे पूठ पुष्पावती गांव में 10 होमस्टे स्थापित किए गए हैं, जिससे पर्यटकों को गांवों की जीवनशैली, परंपराएं और आतिथ्य का अनुभव हो सके। यह प्राचीन गांव महाभारत कालीन धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा हुआ है। यहाँ का शिव मंदिर, शांत घाट, और ऐतिहासिक शंकर टीला इस स्थान की आध्यात्मिक आभा को और बढ़ाते हैं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से भी पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है। ग्रामवासियों को आतिथ्य, स्टोरीटेलिंग, फूड सेफ्टी और गाइडिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया है। हाल ही में 15 महिलाओं और युवाओं के लिए अगरबत्ती और धूपबत्ती निर्माण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें गोबर, फूलों और जड़ी-बूटियों जैसे प्राकृतिक तत्वों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाना सिखाया गया। इस प्रशिक्षण में ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार से जुड़ाव पर भी फोकस किया गया, जिससे स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

जयवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब होने के कारण गढ़मुक्तेश्वर और हापुड़ का यह क्षेत्र अब एक आदर्श वीकेंड डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों नागरिक अब आसानी से इन स्थलों का आनंद ले सकते हैं, खासकर उन पर्यटकों के लिए जो आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवन का अनुभव करना चाहते हैं।

# किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

डलमऊ,रायबरेली। किसानों की समस्याओं को लेकर कंांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर और सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए मंगलवार को डलमऊ तहसील परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेसियों ने उप जिलाधिकारी डलमऊ के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन भी भेजा गया जिसमें किसानों की समस्याओं का विस्तृत उल्लेख किया गया और इन समस्याओं के तत्काल समाधान की अपील की गई थी। कांग्रेसियों ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और किसानों के हितों की रक्षा करने की मांग की। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने किसानों को मौजूदा चुनौतियों जैसे फसलों का उचित मूल्य न मिलना, खाद और बीज की अनुपलब्धता,किसानों को मजबूरन बिक्री मूल्य से अधिक दामों पर ब्लैक में खाद खरीदना पड़ रहा ,बिजली की बढ़ी हुई दरें और सिंचाई की अपर्याप्त व्यवस्था पर प्रकाश डाला।

कार्यकताओं ने किसानों के ऋण माफी,न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और सिंचाई सुविधाओं में सुधार की मांग की। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कहना है किसानो की विभिन्न समस्याओं को देखते हुए समस्त समस्याओं का निराकरण करते हुए समुचित विद्युत आपूर्ति व पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद व अन्य उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर हरिभान चौधरी,ब्लॉक अध्यक्ष दीन शाहगौरा राम विलास द्विवेदी,संतोष यादव,मंडल अध्यक्ष सूर्यभान सिंह,राम देव मौर्य,संतोष द्विवेदी,विनोद प्रताप,संजय सिंह,मुकेश त्रिपाठी ऋतिक जायसवाल सहित कंाग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे के 12 रेलकर्मी पुरस्कृत, आगरा के विवेक राय और ब्रजराज सिंह बने सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने आज जून 2025 माह के लिए संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा समेत सभी मण्डलों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।पुरस्कृत कर्मचारियों में झाँसी, प्रयागराज और आगरा मंडलों के रेलकर्मी शामिल हैं। विशेष रूप से आगरा मंडल के लोको पायलट विवेक राय और सहायक लोको पायलट ब्रजराज सिंह को जून 2025 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के रूप में सम्मानित किया गया।महत्वपूर्ण घटना के अनुसार, दिनांक 29 मई 2025 को ये दोनों अधिकारी गाड़ी संख्या क्एट/ख्उघ पर तुगलकाबादऽआगरा कैंट खण्ड में ड्यूटी पर थे। शोलाकाऽहोडल स्टेशन के बीच डाउन दिशा में जा रही एक मालगाड़ी (गघ्ड्डउ) में चिंगारी और धुआं देखे जाने पर इन्होंने तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रेन मैनेजर और अन्य रेल कर्मियों को समय रहते सूचना दी, जिससे गाड़ी को रोका गया और संभावित रेल दुर्घटना को टाल दिया गया।अन्य पुरस्कृत कर्मचारियों में प्रयागराज मंडल से रवि कुमार, रनवीर सिंह, आदर्श यादव, संजीत कुमार, सचिन कुमार, नवल कुमार और पंकज कुमार तथा झाँसी मंडल और आगरा मंडल से भी चयनित कर्मचारी शामिल हैं।इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री जोशी ने सभी कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया।

## आईटीआई मंझनपुर में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार

**प्रयागराज/ कौशांबी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरकारी आईटीआई मंझनपुर में छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ और संस्थान में व्याप्त भ्रष्टाचार एक बार फिर उजागर हुआ है। एनसीवीटी (गएड्ड्ड) की 2025 की परीक्षा के तहत 17, 18, और 19 जुलाई को संपन्न हुए प्रैक्टिकल परीक्षाओं के पश्चात नियमानुसार वाइवा इंटरव्यू आयोजित होना था। परंतु 19 जुलाई को तय समय पर किसी भी पर्यवेक्षक की उपस्थिति न होने के कारण सभी छात्र सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 5:45 बजे तक इंतजार करते रहे और निराश होकर घर लौट गए।प्रशासनिक लापरवाही का आलम यह रहा कि न तो छात्रों से संपर्क किया गया और न ही अगले दिन कोई सूचना जारी की गई। छात्रों के अनुसार, जब मामला उजागर होने लगा तो मंझनपुर आईटीआई के प्रिंसिपल रुद्र गौतम ने रात 7:00 बजे कुछ चुनिंदा छात्रों को गुपचुप तरीके से बुलाया और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग करते हुए वाइवा इंटरव्यू ले लिया। यह कार्य न केवल पारदर्शिता के खिलाफ है बल्कि एनसीवीटी के दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन भी है, जिसमें प्रैक्टिकल के ठीक अगले दिन वाइवा आयोजित करने का प्रावधान है।छात्रों और अभिभावकों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। वे मांग कर रहे हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग को चाहिए कि वे इस गंभीर लापरवाही का संज्ञान लें और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु त्वरित कदम उठाएं।

## गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे बना हुआ है। प्रशासन द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, आज सुबह 8 बजे तक यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 81.89 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 84.734 मीटर से लगभग 2.84 मीटर नीचे है। पिछले 24 घंटे में यहां जलस्तर में 70 सेंटीमीटर की कमी दर्ज की गई है।गंगा नदी के तीन प्रमुख बिंदुओं पर जलस्तर इस प्रकार रहा:फाफामऊ: 82.26 मीटर (पिछले 24 घंटे में 64 सेमी की गिरावट)छतनाग: 81.38 मीटर (52 सेमी की कमी)बक्सी एसटीपी: 81.88 मीटर (60 सेमी की गिरावट)गौरतलब है कि यह सभी जलस्तर रिकॉर्डिंग स्तर 79.50 मीटर से ऊपर हैं, लेकिन अब भी खतरे के निशान से काफी नीचे हैं। इससे फिलहाल बाढ़ जैसी किसी स्थिति की आशंका नहीं है।प्रशासन ने बताया है कि सभी तटबंध पूर्णतः सुरक्षित हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जल पुलिस, राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमें मुस्तैद हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत और बचाव दलों को अलर्ट पर रखा गया है।जनसामान्य से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी की जा रही आधिकारिक जानकारी का ही अनुसरण करें।

## ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या, कारण स्पष्ट नहीं

**रहीमाबाद/लखनऊ ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रहीमाबाद पुलिस को मंगलवार सुबह करीब 6 बजे स्टेशन मास्टर से सूचना मिली कि रहीमाबाद और दिलावर नगर स्टेशन के बीच एक युवक का शव ट्रैक पर पड़ा है, जो संभवतः ट्रेन के आगे कूद गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पहचान के लिए सोशल मीडिया की मदद ली। कुछ ही देर बाद एक महिला थाना पहुंची और मृतक की पहचान अपने पति राकेश 37 वर्ष निवासी ग्राम पुन्नई, थाना अतरौली, जनपद हरदोई के रूप में की। पत्नी के मुताबिक राकेश एक दिन पहले कैथुलिया गांव में अपने बहनोई सत्तू के घर आया था। वह मजदूरी का कार्य करता था और उसके परिवार में पत्नी प्रियंका व तीन बेटियां हैं। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार राकेश का पत्नी से कुछ अनबन हुई थी, जबकि परिजन उसे बीमारी से परेशान बताते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सफाई नायकों को बारिश उपकरण दिए

**महराजगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** टाउन एरिया महराजगंज कार्यालय में आज मंगलवार को सभी सफाई नायकों को बारिश से बचने के लिए रायन कोट, हाथ में पहनने वाले ग्लप्स, जूते आदि बांटे गए। बरसात में सुरक्षा सामग्री पाकर सभी सफाई कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे, यह पुनीत कार्य नगर अध्यक्ष सरला साहू, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, अधिशासी अधिकारी रामाशीष वर्मा सभी सभासद के हाथों से दिया गया। आपको बता दें कि, नगर अध्यक्ष सरल साहू ने बताया कि, बरसात के दिनों में बारिश से बचने के लिए रायनकोट, गंदगी से बचने के लिए हाथों के ग्लब्स, और जहरीले जंतुओं से बचने के लिए सभी सफाई नायकों को जूते प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि, सफाई कर्मचारी हमारे नगर के सच्चे कर्मवीर हैं। बरसात हो या धूप, ये हर परिस्थिति में नगर की सेवा करते हैं। कार्यक्रम को अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रभात साहू ने भी संबोधित अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि, हनुमानगढ़ी मंदिर में बन रहे बारात घर से नगर पंचायत के लोगों को बेटियों की शादी संपन्न कराने में राहत मिलेगी, पहले हजारों रुपए खर्च करने के बाद ऐसी व्यवस्था मिलती थी।

# शिक्षा मित्र ,पंचायत मित्र व ग्राम सेवक को दिया गया बीएलओ की जिम्मेदारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोरखपुर। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची सुधार एवं नवीन नाम बढ़ाने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश से आशा और सफाई कर्मी से कार्य नहीं कराए जाने के निर्देश पर बीएलओ के कार्य को शिक्षामित्र, पंचायत मित्र व ग्राम सेवक को दे दिया गया अब इनकी ट्रेनिंग करा कर मानक आईडी दिया जाएगा। आज तहसील सदर सभागार में 321 पिपराइच विधानसभा व 323 ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के सुपरवाइजर के साथ बैठक की अध्यक्षता एसीएम प्रथम /एआरओ 323 ग्रामीण विधान सभा प्रशांत वर्मा अपर एसडीएम सदर/एआरओ 321 पिपराइच विधान सभा आरती साहू ने करते हुए निर्देशित किया। कि आगामी वर्ष में पंचायत चुनाव कराया जायेगा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक ग्राम सभाओं व उसके टोले मंजरों में रहने वाली जनता हेतु मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया की रणनीति तैयार कराई जा रही है बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर अब आशा और सफाई कर्मचारी पंचायत चुनाव हेतु मतदाता सूची तैयार करने से कोसों दूर रहेंगे। बैठक में बताया गया की पंचायत चुनाव की मतदाता सूची तैयार करने हेतु बीएलओ का कार्य शिक्षा मित्र पंचायत मित्र व ग्राम सेवक के द्वारा किया जाएगा जिन्हें मानक आईडी उपलब्ध कराया जाएगा।

# बीईओ की कार्यवाही में 8 अमान्य विद्यालयों को नोटिस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



उन्नाव। मियागंज खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार ने मंगलवार को क्षेत्र में किए गए अपने औचक निरीक्षण में 8 विद्यालयों में मान्यता से ऊपर कक्षाएं संचालित मिलने पर इन सभी विद्यालयों को नोटिस देते हुए अमान्य कक्षाएं तत्काल बंद करवाई तथा इन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को निकट के परिषदीय, माध्यमिक तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन कराये जाने के निर्देश प्रदान किये। यह कार्यवाही शिक्षा विभाग की सतर्कता और नियमों के पालन को लेकर किये जा रहे अभियान का हिस्सा रही । बीईओ सबसे पहले रसूलाबाद नगर पंचायत के वेदांत इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे जहां कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई बिना किसी मान्यता के चल रही थी । बी ई ओ द्वारा अभिलेख मांगे जाने पर ना ही अभिलेख उपलब्ध कराए जा सके और ना ही इस संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया, विद्यालय को इस संबंध में पूर्व में भी नोटिस दिया जा चुका है । शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी की टीम रसूलाबाद नगर पंचायत के मां वैष्णो शिशु मंदिर तथा मालती देवी जगदीश प्रसाद जूनियर स्कूल पहुंची, जहां टीम को नर्सरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होती हुई मिली जबकि संचालित कक्षाओं के मान्यता संबंधी अभिलेख मांगे जाने पर प्रबंधक उचित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके और न ही इस संबंध में की संतोष जनक उत्तर दे सके। इसी प्रकार मदरसा एसकेटी के जिम्मेदार भी कक्षा 12 तक की कक्षाओं के संचालन के संबंध में कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके, गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल,माखी के रामसनेही बाल विद्या मंदिर तथा आसीवन के राजा रिंकी पब्लिक स्कूल, आर डी एम डी पब्लिक स्कूल, कल्लू प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भी मान्यता से ऊपर कक्षाओं का संचालन होता पाया गया, जिन्हें तत्काल बंद करते हुए बी ई ओ ने प्रबंध तंत्र को कड़ी चेतावनी दी, उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में बिना मान्यता के कक्षाओं का संचालन पाया गया तो प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर एफआईआर दर्ज कर जुर्माना वसूला जाएगा । सभी विद्यालयों के बच्चों को निकटवर्ती परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, इन सभी विद्यालयों को नोटिस प्रदान किए गए हैं और इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है । शिक्षा विभाग ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि बिना मान्यता के शिक्षा संस्थानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# बेगुनाहों को फंसाने वाले अधिकारियों और मकोका जज के खिलाफ कार्यवाई करे सुप्रीम कोर्ट : शाहनवाज़ आलम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। कंाग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने मुंबई हाईकोर्ट द्वारा 2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों में मकोका अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए बेगुनाहों के बरी कर दिए जाने का स्वागत करते हुए सुप्रीम कोर्ट से निर्दोषों को फंसाने वाले अधिकारियों के ख़िलाफ कार्यवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए विस्फोटों में 189 लोगों की जान गई थी और 824 लोग घायल हुए थे. इस मामले में मुंबई पुलिस, मुंबई क्राइम ब्रांच, एटीएस और एनआइए ने देश में मुस्लिम विरोधी माहौल बनाने के लिए बेगुनाह मुस्लिम युवकों को फंसाया। जिन्हें मकोका की एक विशेष अदालत ने 2015 में 12 में से 5 को फांसी और 7 को उम्र क़ैद की सज़ा सुना दी थी, लेकिन अब मुंबई हाईकोर्ट ने सभी को बरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि मकोका के तहत एसपी से ऊपर रैंक के पुलिस अधिकारी के सामने दिया गया इक़बालिया बयान सबूत के रूप में स्वीकार किया जाता है, जिसका मतलब है कि इन बेगुनाह मुस्लिमों को फंसाने में मुंबई पुलिस के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे जिन्होंने इन्हें टॉर्चर करके झूठे बयान लिए थे, जिन्हें हाईकोर्ट ने अब ख़ारिज कर दिया। ऐसे में न्यायालय को इन बेगुनाह लोगों को फंसाने में शामिल अधिकारीयों के साथ ही मकोका जज के ख़िलाफ भी कार्यवाई करनी चाहिए जिसने पुलिस की फ़र्ज़ी थ्योरी पर आंख मूँद कर भरोसा किया और बेगुनाहों को फांसी और उम्र क़ैद की सज़ा सुना दी। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि बिना ज़मानत के 19 साल जेल में बंद रखकर इन 12 लोगों, जिनमें से एक की मौत हो चुकी है की ज़िन्दगी पुलिस और न्यायपालिका के साम्प्रदायिक तत्वों के गठजोड़ ने बर्बाद किया है. जिसका हर्ज़ाना दिए बिना राज्य अपनी निष्पक्ष छवि को दुबारा बहाल नहीं कर सकता। शाहनवाज़ आलम ने इस घटना की नए सिरे से जांच की मांग करते हुए आरएसएस, अभिनव भारत, ख़ुफ़िया और सुरक्षा एजेंसियों में घुसपैठ कर चुके इन संगठनों के स्लीपर सेल्स को जांच के दायरे में लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि 2006 की इस घटना की जांच कर रही एजेंसियां बेगुनाह मुस्लिमों को फंसाने के लिए झूठी कहानियाँ गढ़ती रहीं लेकिन उसी समय समझौता एक्सप्रेस विस्फोट, मालेगांव, हैदराबाद की मक्का मस्जिद में हुए आतंकी हमलों के दोषी हिंदुत्ववादी सांगठनों को जांच के दायरे से ही बाहर रखा। जिससे यह साबित होता है कि कथित जांच का मकसद दोषियों को पकड़ने के बजाये मुस्लिम समाज की छवि ख़राब करना था। उन्होंने कहा कि इनमे से कुछ अभियुक्तों का मुकदमा लड़ रहे युवा वकील शाहिद आज़मी की 2010 में कुर्ला स्थित उनके दफ़्तर में गोली मारकर की गयी हत्या की जांच भी अब नए सिरे से होनी चाहिए, क्योंकि इन बेगुनाहों को फंसाने वाले लोगों का सम्बन्ध उनकी हत्या से हो सकता है।

## अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में चार घायल

**सफीपुर उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार अलग अलग मार्ग पर जहां ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वृद्ध व युवती सहित तीन लोग घायल हो गए वहीं सडक पार कर रहा बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया जिन्हें मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।हरदोई के बिलग्राम थाना क्षेत्र के राहुला गांव निवासी सलमान बहन शीबा और चाचा इशरार के साथ एक ही बाइक से हसनगंज थाना क्षेत्र के रसूल पुर बकिया गांव रिश्ते दार की मौत पर शामिल होने के लिए जा रहे थे इसी बीच लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर बाबा खेडा गांव के पास बने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक युवती और वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए दूसरी घटना सम्पर्क मार्ग पर कायम पुर निबरवारा गांव निवासी किशोर भीम पुत्र सियाराम सडक पार कर रहा था इसी बीच गांव निवासी युवक द्वारा तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## 25 हजार रुपये का इनामिया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली सदर पुलिस ने फरार एवं 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त दिलीप पुत्र सुरेश निवासी बंधुखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत नादाखेड़ा के पास संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, तभी बाइक सवार अभियुक्त दिलीप उपरोक्त आता हुआ दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तभी दिलीप बाइक से भागने के दौरान गिर गया तथा पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में दिलीप उपरोक्त के बांए पैर में गोली लगी है। पुलिस द्वारा दलीप उपरोक्त को हिरासत मे लेकर जिला अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद बाइक व एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है बताते चले कि बीते दिनों आरोपी युवक ने एक युवती के घर में घुसकर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई जिसमें मृतका की मां ने कोतवाली सदर में मुकदमा दर्ज कराया था।

## कार और ट्रक की टक्कर में एक की मौत

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपनगर गोला का एक परिवार मंगलवार को एक सदस्य लखनऊ जाते समय सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।जिसमें एक युवती की मौत हो गई तथा अन्य 6 लोग घायल हो गए जिनका इलाज एक अस्पताल में चल रहा है। उपनगर गोला के वार्ड नंबर 19 निवासी 46 वर्षीय दिलीप कुमार उमर लखनऊ में रहते हैं। बीते सप्ताह अपने पिता की मृत्यु के उपरांत? उपनगर गोला में आकर उनका अंतिम संस्कार कराकर मंगलवार को परिवार के साथ लखनऊ लौट रहे थे। सुल्तानपुर में माइल स्टोन 161.4 के पास उनकी कार का एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें कार में सवार एडवोकेट संजय गुप्ता की 19 वर्षीय बेटी दिशा की मौत हो गई। दिलीप की 41 वर्षीय पत्नी रुचि गुप्ता 16 वर्षीय बेटे स्वास्तिक और 10 वर्षीय आदित्य साथ ही धर्मेंद्र कुमार गुप्ता की 52 वर्षीय पत्नी पूनम गुप्ता घायल हो गए।सभी घायलों का इलाज केजीएमसी लखनऊ में चल रहा है। घर पर सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

## डीएम ने परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिये दिशा निर्देश

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उप्र लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा)परीक्षा 2023 को सकुशल, शांतिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। डीएम ने निर्देश दिया की परीक्षा की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रकार की तैयारियां पहले से ही कर ली जाए साथ ही निर्देशिका पुस्तिका का भी भली भांति अध्ययन कर लिया जाए। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। हर केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। वीडियोग्राफी और रिजर्व मजिस्ट्रेट की व्यवस्था भी की गई है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल, ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्रों पर समय से पहुचेंगे। परीक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों या कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट,पर्यवेक्षक,समन्वयी पर्यवेक्षक,केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा के पूर्व ही परीक्षा केंद्र का निरीक्षण अवश्य कर ले। किसी भी प्रकार की कमी होने पर समय रहते उसे दूर कर लें। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल रखा जाए।

# लखनऊ दवा बाजार में छापा तीन लाख की दवाएं सील

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नॉरकोटिक्स औषधि के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं। मंगलवार को एफएसडीए की टीम ने अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में छापा मार कर तीन लाख की दवाएं सील कर दीं। इनमें अधिकंाश नारकोटिक्स ड्रग्स हैं।

अधिकारियों का कहना है कि दवाओं के सत्यापन के बाद ही इनकी बिक्री की जा सकेगी। टीम ने 11 ड्रग्स के सैम्पल लेकर जांच के लिए लैब भेजे हैं।

एफएसडीए सहायक आयुक्त (औषधि) बृजेश कुमार के निर्देश पर आज नॉरकोटिक्स औषधि के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट की चार थोक दुकानों पर छापा मारा गया। छापा मारने वाली टीम में औषधि निरीक्षक संदेश मौर्य, विवेक कुमार सिंह, अशोक कुमार और अनीता कुरील ने संयुक्त रूप से मेडिसिन मार्केट में चल रही चार दुकानों की जांच की। जिन दुकानों में छापा मारा गया उसमें मेसर्स ओम साईं राम मेडिकोज, मेसर्स श्री बांके बिहारी फार्मा, मेसर्स दवा च्वाइस फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स गुरूजी फार्मास्युटिकल शामिल हैं।

सहायक आयुक्त ने बताया कि जांच के दौरान 11 दवाओं के नमूने संग्रहीत किए गए। उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला को भेजा गया है। इसमें तीन सैम्पल नॉरकोटिक्स औषधियों के थे। उनकी जांच भी राजकीय प्रयोगशाला में की जाएगी। सभी की रिपोर्ट आने के बाद ही विभाग आगे की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि मेसर्स ओम साई राम मेडिकोज पर 2.60 लाख रुपये की नॉरकोटिक्स औषधियां एवं मेसर्स श्रीबांके बिहारी फार्मा पर 40 हजार रुपये की अन्य औषधियों को फ्रीज कर दिया गया है। फर्म संचालक को निर्देश दिया गया कि नॉरकोटिक्स एवं अन्य औषधियों के क्रय-विक्रय का सत्यापन कराये जाने के बाद ही दवाओं का विक्रय किया जा सकेगा।

टीम ने जब मेसर्स दवा च्वाइस फार्मेसी द्वारा औषधियों के विक्रय बिलों की जांच की। उसमें कई अनियमितताएं मिलीं। फर्म की मुख्य संचालक पूजा तिवारी छापे के समय फर्म में अनुपस्थित थीं। जिस कारण फर्म से दवाओं के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए फर्म का संचालन बंद करने का आदेश जारी कर दिया। टीम ने कहा कि जब तक संचालक द्वारा सवालों के लिखित जवाब विभाग में नहीं दिए जाते तब तक दुकान का संचालन बंद रहेगा।

# 91वीं वाहिनी द्वारा किया गया वृक्षारोपण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। बिजनौर स्थित 91वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बरगद, पीपल, आम, अमरूद जैसे फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट जीतेन्द्र कुमार ओझा ने अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित करते हुए वृक्षों के जीवन में महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाः ''वृक्ष हमें न केवल शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जलवायु सुधारने तथा वन्यजीवों को आश्रय देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र नाथ मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा विशेष पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल, सहायक पुलिस उपायुक्त गोसाईगंज, ऋषभ रुणवाल, प्राचार्या, सी.वी. गुप्ता महाविद्यालय सुधा बाजपेई , सीएओ अडानी ग्रुप चौधरी चरण सिह इंटर नेशनल एयर पोर्ट वाहिनी द्रुत कार्य बल के उप कमांडेंट आलोक कुमार,श्री योगेश पांडे व अरुण तिवारी के साथ-साथ थाना बिजनौर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा अन्य अधिकारियों और जवानों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

# गाँवों के मेलों से गायब हो गए नाटक

## कभी लोग देखते थे कठपुतली का मंचन, अब सिर्फ सुनाई देता है डीजे का शोर, मिट्टी के खिलौने भी अब प्लास्टिक में बदले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ । निगोहां कस्बा से आगे प्राचीन भंवरेश्वर मंदिर तीन जिलों की सीमा पर स्थित है। यहां लाखों की संख्या में श्रवण मास में श्रद्धालु तो आते ही हैं, साथ ही महाशिवरात्रि पर्व पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। कई किलोमीटर तक लगने वाली भीड़ स्वयं ही इस मंदिर की ऐतिहासिकता को बयां करती है। इसी भीड़ और भक्तों की सुरक्षा के लिए निगोहां, बछरावां और मौरावां थाने की पुलिस भी मुश्तैद रहती है। इसके अलावा प्रत्येक सोमवार को भी यहां पर मेला लगता है। जिसमें कई जिलों से लाखो की संख्या में लोग आते है।

मेले में बर्तन , कपडे, लकडी व लोहे की तथा पशुओं की बिक्री हेत व्यवस्था रहती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के खेल तमाशा बच्चो के मनोरंजन तथा नौटंकी व सिनेमा अदि मनोरंजन हेत व्यवस्था रहती है। जिसकी व्यवस्था का सम्पूर्ण संचालन सुदौली स्टेट के द्वारा किया जाता है। बुजुर्गों की माने तो यह मेला कई शतकों से चला आ रहा है। इस मेले में लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी इनके अलावां इलाहाबाद, फैजाबाद, बनारस, फतेहपुर आदि दूर -दूर लोग आते है और मंदिर में जलाभिषेक कर मेले में तरह तरह के सर्कस तथा नाटक का लुफ्त उठाते है

**बैल गाड़ी का किराया था मात्र 'चार आना'** : निगोहां के रहने वाले 78 वर्षीय किशनलाल बताते है कि उनके समय मे मेला जाने के लिये कोई भी संसाधन नही थे। मेला जाने के लिये दर्जनों एक्का तांगा चला करते थे जिसका किराया ''चार आना '' हुआ करता था। उनके गांव व आसपास के गांव के बहुत से लोग महिलायें - पुरुष बच्चो को लेकर समूह बनाकर कई किलोमीटर तक पैदल मेला जाया करते थे। बैलगाड़ी का जमाना था जिनके पास बैलगाड़ी होती थी तो वह मोहल्ले के कई लोगो के साथ मेला जाया करते थे।



**20 किलोमीटर पैदल चलकर पहुँचते थे मेला** : बुजुर्गों ने बतया की उस समय इस मेले में कई जिलों के लोग 20 से 25 किलोमीटर तक की दूरी तय कर पैदल ही मेला जाते थे। आज इसी मेले में पहुंचने के लिए सैकड़ो वाहन चलाने लगे लोगो के पास निजी वाहन हो गए पहले साइकिल भी किसी किसी के पास हुआ करती थी।

**मेले से गायब हो गए मिट्टी के खिलौने** :ंजना शर्मा ने बताया कि, आज के मेले में मिट्टी के खिलौनों की जगह प्लास्टिक के खिलौनों ने ले ली। उनके समय मे तरह तरह के खिलौनों होते थे एक आने में झोला भर खिलौने लाते थे हर कोई ये खिलौने लेकर जरूर जाता था।

**मेले से यमपुरी का नाटक हुआ गयाब** : बुजुर्गों ने बताया कि कभी इस मेले में तरह तरह के नाटक , सर्कस होते थे जिसको देखने के लिये लोगो की भींड़ लगती थी पहले इस मेले में यमपुरी नाटक हुआ करता था जो काफी दूर दूर तक प्रसिद्ध लोकप्रिय होते थे।? उस समय नाटक से उन्हें कुछ सीखने को मिलता था। आज इन नाटक ओर सर्कस की जगह अश्लील गानों ने ले ली है जिनसे नवयुवक बर्बादी की ओर जा रहा है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरएसएम अस्पताल में स्थापित कराया वॉटर कूलर प्लांट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी/लखनऊ। बैंक ऑफ बदौड़ा के 118वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक की शिवाजी मार्ग शाखा द्वारा मंगलवार को राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय,बीकेटी में एक वाटर कूलर प्लांट स्थापित कराया गया।इससे आरएसएम हॉस्पिटल आने वाले लगभग एक हजार मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल कर्मचारियों को शुद्ध शीतल जल उपलब्ध होने लगा है।आरएसएम हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके शर्मा ने वाटर कूलर प्लांट का श्रीगणेश किया।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ शर्मा ने औषधि वितरण केन्द्र के समीप वाटर कूलर प्लांट लगने पर प्रसन्नता जताते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा को धन्यवाद ज्ञापित किया।वहीं, समाजसेवी श्री चौहान ने बैंक ऑफ बड़ौदा को 118वें स्थापना दिवस की बधाई दी।उन्होंने बैंक द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना भी की।इस अवसर बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सत्येंद्र सिंह चौहान ने अस्पताल के चिकित्साधिकारियों को पौधे भेंट किए।उन्होंने बैंक के सुनहरे इतिहास और उपलब्धियों का जिक्र किया।सीनियर मैनेजर ने वर्तमान समय में बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं एवं उत्पादों, बैंक ऑफ बदौड़ा सैलरी पैकेज के अंतर्गत विभिन्न लाभों, पर्सनल लोन,होम लोन,कार लोन,सोलर लोन आदि के बारे में गहन जानकारी दी।इस मौके पर आरएसएम हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुमित कुमार महराज, चिकित्साधिकारी डॉ गिरीश पाण्डेय, बैंक ग्राहक सेवा सहायक सोमेश भारती,सभासद मनोज रावत,समाजसेवी भूपेन्द्र सिंह चौहान,संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री इतेंद्र सिंह चौहान सहित आरएसएम हॉस्पिटल के कई चिकित्सक,स्वास्थ्य कर्मी व तीमारदार उपस्थित रहे।

# उत्साहपूर्वक मनाया गया मैंगो डे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। करियर ग्लोबल स्कूल, विजयपुर अस्ती रोड, बीकेटी, लखनऊ में मंगलवार को ''मैंगो डे'' का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे सजावट और आम से संबंधित गतिविधियों से जीवंत हो उठा।इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति के प्रति प्रेम,फलों के पोषण मूल्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्रीमती पूजा यादव के स्वागत भाषण से हुई,जिसमें उन्होंने आम को ''फलों का राजा'' बताते हुए इसके सांस्कृतिक और पोषण संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप-प्रधानाध्यापिका अंशिका सिंह,वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह,शिक्षिका आरती यादव,मिंटी चौहान, शिवानी मिश्रा, अनामिका यादव,प्रीति शाह सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया,जिनमें आम थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता,कविता पाठ,और आम से बने स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रदर्शनी शामिल थी।कक्षा 3 से 5 के छात्रों ने आम के पेड़ की देखभाल और इसके पर्यावरणीय लाभों पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की,जिसे सभी ने खूब सराहा।शिक्षिका आरती यादव ने छात्रों को आम के पोषण तत्वों और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी साथ ही छात्रों ने ''पेड़ लगाओ,पर्यावरण बचाओ''अभियान के तहत विद्यालय परिसर में आम के पौधे रोपे।प्राचार्य पूजा यादव ने अपने समापन भाषण में कहा,''मैंगो डे का आयोजन न केवल छात्रों को प्रकृति के प्रति प्रेम सिखाता है,बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित भी करता है।''इस आयोजन में सभी शिक्षकों,कर्मचारियों और सैकड़ों छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।करियर ग्लोबल स्कूल भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों में नैतिक मूल्यों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता रहेगा।

## इकरा हसन सांसद का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान:अकील

**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा द्वारा कैराना की सांसद इकरा हसन के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी बहुत ही निंदनीय है,पूरे सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य और आपत्तिजनक है यह टिप्पणी न केवल एक निर्वाचित महिला सांसद की गरिमा को ठेस पहुंचाती है बल्कि यह लैंगिक और धार्मिक आधार पर अपमानजनक भी है जो सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली है राणा का यह बयान कि मैं इकरा हसन से निकाह कुबूल फरमाता हूं और उन्हें मैं घर में नमाज पढ़ने की इजाजत दूंगा इस तरह की बातें न केवल व्यक्तिगत अपमान है बल्कि यह महिलाओं के प्रति असंवेदनशील और संप्रदायिक मानसिकता को दर्शाती है यह किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए सामान्य नहीं है एक निर्वाचित सांसद जो एक महिला है उनके खिलाफ इस तरह की अभद्र और सार्वजनिक टिप्पणी न केवल उनकी व्यक्तिगत गरिमा पर हमला है बल्कि यह सांसद और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है ऐसी टिप्पणी समाज में नफरत और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाली है जो सामाजिक ताने-बाने के लिए हानिकारक है अगर एक सांसद के लिए इस तरह की टिप्पणी हो सकती है तो आम महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति की कल्पना करना मुश्किल होगा जब एक महिला सांसद सुरक्षित नहीं है तो आम बेटियों का क्या हाल होगा यह टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत अपमान है बल्कि यह समझ में महिलाओं के प्रति गलत मानसिकता को दर्शाती है योगेंद्र राणा जैसे लोगों को समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए मोहम्मद अकील खान ने कहा कि योगेंद्र राणा की टिप्पणी निंदनीय संवेदनशील और सांप्रदायिक है जो एक शब्द समाज के लिए अस्वीकार्य है यह मामला न केवल एक सांसद के सम्मान का सवाल है बल्कि यह महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द के लिए एक गंभीर मुद्दा है इस घटना का तुरंत संज्ञान लिया जाए और योगेंद्र राणा के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ये मांग पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने की है एक महिला के मान सम्मान के साथ समझौता किसी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

## मंडला मर्डर्स के कलाकार पहुंचे लखनऊ, 25 को नेटफ्लिक्स पर होगी प्रसारित




**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** 25 जुलाई को रिलीज हो रही फिल्म मंडला मर्डर्स के कलाकार वाणी कपूर, सुरवीन चावला और वैभव राज गुप्ता लखनऊ पहुंचे। लखनऊ पहुंचने के बाद कलाकारों ने शहर की ऐतिहासिक विरासत का आनंद लिया और अपने फैन्स को इस शो के बारे में बताया। मीडिया की बातचीत में कलाकारों ने बताया कि सीरीज़ के कुछ हिस्सों की शूटिंग लखनऊ में हुई है। इस सीरीज़ में श्रिया पिलगांवकर, सिद्धांत कपूर, राहुल बग्गा, रघुबीर यादव और मोनिका चौधरी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। जांच अधिकारी रिया थॉमस का किरदार निभा रही वाणी कपूर ने कहा कि मंडला मर्डर्स की दुनिया बहुत रोमांचक है। कॉप विक्रम सिंह का किरदार निभा रहे वैभव राज गुप्ता ने कहा कि मंडला मर्डर्स में आपको हर सुराग एक ऐसी जगह पर ले जाएगा जिसकी उम्मीद नहीं होगी। महिला राजनीतिज्ञ, अनन्या भारद्वाज का किरदार निभा रही सुरवीन चावला ने कहा कि मंडला मर्डर्स इसलिए मुझे पसंद है, क्योंकि यह सिर्फ़ एक थ्रिलर नहीं, बल्कि आपको चकित कर देने वाली कहानी है। इसके किरदार, रहस्य और ट्विस्ट देखकर आप चौंक जाएंगे। नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के माइथोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर मंडला मर्डर्स का प्रसारण नेटफ़्लिक्स पर होने वाला है, मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को केवल नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। मंडला मर्डर्स के प्रोड्यूसर वाईआरएफ एंटरटेनमेंट और डायरेक्टर गोपी पुथरन एवं मनन रावत हैं।

## मिट्टी डालने के विवाद में मारपीट लाठी-डंडों से हमला कर दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां का मजरा मठ में मिट्टी डालने को लेकर कहासुनी के बाद तीन लोगों ने एक युवक को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीट दिया, पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। निगोहा पुलिस से मिली जानकारी थाना क्षेत्र के उतरावां का मजरा मठ निवासी अनुप चंद्र द्वारा दी गई लिखित तहरीर में बताया कि बीते रविवार को वह अपने दरवाजे के सहन में बने रैम्प के पास मिट्टी डालकर उसे समतल कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही निवासी दिलीप, दुर्गेश और राजरानी वहां पहुंचे और कहने लगे कि यहां मिट्टी क्यों डाल रहे हो। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, विरोध करने पर तीनों ने अनुप चंद्र को गंदी-गंदी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसे कई गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में मिली तहरीर के आधार पर मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी दिलीप, दुर्गेश और राजरानी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## श्रावण मास में ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और हरिनाम की गूंज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां के उतरावां गांव के प्राचीन श्रीहनुमानजी मंदिर प्रांगण स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पूरे सावन मास प्रतिदिन हरिनाम संकीर्तन और रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को भी मंदिर परिसर में भक्तों ने हरिनाम का संकीर्तन करते हुए रुद्राभिषेक संपन्न किया। कार्यक्रम से जुड़े जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह शिवालय अत्यंत प्राचीन है, लेकिन वर्षों से जर्जर अवस्था में था। वर्ष 2023 में श्रीमलूकपीठ चित्रकूट धाम के दीनबंधु दास जी महाराज के उतरावां गांव आगमन पर उन्होंने शिवालय की मिट्टी खुदवाकर मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया। उनके आशीर्वाद और ग्रामवासियों व भक्तों के सहयोग से मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य आरंभ हुआ और अब मंदिर पूरी तरह से तैयार हो गया है।उन्होंने बताया कि इस नवनिर्मित मंदिर में सावन के पहले दिन 11 जुलाई 2025 से हरिनाम संकीर्तन और रुद्राभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ है, जो 10 अगस्त 2025, श्रावण मास की पूर्णिमा तक लगातार चलेगा। इस अवधि में प्रतिदिन भक्तजन विशेष पूजा-अर्चना कर उत्तर प्रदेश में गौ माता को 'राज्य माता' का दर्ज़ा मिलने की कामना कर रहे हैं। आचार्य शिवम द्विवेदी प्रतिदिन श्रावण मास और रुद्राभिषेक की महिमा का वर्णन करते हुए पूर्ण वैदिक विधि-विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराते हैं। मंदिर परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भक्ति भाव से हरिनाम संकीर्तन में सहभागी हो रहे हैं।

# कांग्रेस कमेटी ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। मंगलवार को बख्शी का तालाब लखनऊ की अगुवाई में जिलाध्यक्ष लखनऊ रुद्रदमन सिंह व जिला कोर्डिनेटर प्रमोद सिंह के नेतृत्व में बीकेटी तहसील में खरीफ की फसल में खाद,पानी,किसानों को मुफ्त बिजली न मिलने को लेकर ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया को दिया,इस मौक़े पर उपस्थिति जन समूह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीकेटी क्षेत्र में सहकारी समितियों पहाड़पुर,किशुनपुर सहित विभिन्न में खाद की समस्या बनी हुई है और किसान बेहाल है।शिवरी की सहकारी समिति में ताला पड़ा हुआ है और किसानों की समस्याओं का कोई भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने अगर किसानों की समस्याओं पर जल्द ध्यान देकर हल नहीं किया गया,तो ब्लाक कंांग्रेस और जोरदार तरीके से धरना प्रदर्शन करेंगी।इस ज्ञापन में जिलाध्यक्ष लखनऊ रुद्रदमन सिंह बबलू, जिला कोर्डिनेटर प्रमोद सिंह,सचिव नागेंद्र सिंह चौहान,ब्लाक अध्यक्ष संतोष द्विवेदी,जिला उपाध्यक्ष मतलूब रजा,जिला उपाध्यक्ष रामपाल यादव,उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह,राजा राजकुमार सिंह यादव सहित समस्त मंडल अध्यक्ष व ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में सपा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के आनुसांगिक संगठन महिला सभा एवं मजदूर सभा द्वारा प्रदेश सरकार के तानाशाह रवैये के चलते प्राथमिक विद्यालयों को बन्द किये जाने एवं बच्चों को शिक्षा से वंचित किये जाने के विरोध में महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के नेतृत्व में महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव एवं महानगर अध्यक्ष मुन्नी पाल की उपस्थिति में एवं मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू' की उपस्थिति में सैकड़ों महिला एवं मजदूर सभा के पदाधिकारियों द्वारा समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन कैसरबाग, लखनऊ पर एकत्रित होकर जिला कलेक्ट्रेट, लखनऊ में जाकर प्रदेष सरकार के मनमाने रवैये को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव एवं मजदूर सभा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू' ने एक सुर में कहा कि प्रदेश की तानाशाह सरकार वर्तमान समय में जिस तरह से प्राथमिक विद्यालयों को बन्द कर उनको मर्ज कर रही है इससे गरीब मजदूरों के बच्चों की शिक्षा पर बहुत बुरा असर पड़ने के साथ ही वह षिक्षा से वंचित रह जायेंगे। इससे रसोईयों को भी रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। साथ ही प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की वजह से प्रदेश का किसान, नौजवान रोजगार न मिलने पर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो रहा है और रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय को बन्द किये जाने एवं उनको मर्ज किये जाने पर तत्काल रोक लगाया जाना नितान्त आवश्यक है और साथ श्रम पोर्टल को भी तत्काल खोला जाता चाहिए जिससे लाभार्थियों को उसका लाभ मिल सके और मनरेगा मजदूरों को 300 दिनो का कार्यदिवस एवं साप्ताहिक भुगतान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुषील दीक्षित, राष्ट्रीय प्रवक्ता नाहिद लारी, राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा विजय लक्ष्मी रावत, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, जिला सचिव संदीप यादव, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, मजदूर सभा जिला महासचिव अर्जुन रावत के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलायें एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्पदंश से युवती की दर्दनाक मौत, झाड़-फूंक में गंवाई जिंदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। मंगलवार दोपहर निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में सर्पदंश की घटना ने एक परिवार की खुशियों को गम में बदल दिया। गांव निवासी 25 वर्षीय सोनी की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। दुखद बात यह रही कि समय पर इलाज की बजाय परिजन झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ गए, जिससे उसकी जान नहीं बच सकी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनी दोपहर करीब 1 बजे अपने घर के कमरे में कुछ सामान निकालने गई थी। इसी दौरान कमरे में रखे एक पुराने जूते में छिपे जहरीले सांप ने उसके हाथ में काट लिया। जैसे ही उसने दर्द महसूस किया और सांप को देखा, वह घबराकर चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और सर्पदंश की जानकारी होने के बावजूद उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में झाड़-फूंक कराने के लिए ले गए।बताया जा रहा है कि वहां झाड़-फूंक करने वाले ने लगभग डेढ़ से दो घंटे तक इलाज का नाटक किया और आश्वासन दिया कि वह सोनी को ठीक कर देगा। इस बीच पीड़िता की हालत लगातार बिगड़ती रही।

अंततः जब स्थिति गंभीर हो गई तो परिजन उसे लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।सोनी की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवारवालों ने शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया।मृतका के परिवार की माली हालत पहले से ही खराब बताई जा रही है। उसके पिता सुखराम की तीन वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। मां कृष्णा कुमारी के साथ परिवार में एक छोटी बहन मोनी और दो भाई सूरज व सचिन हैं।बताया जाता है कि सोनी का विवाह कुछ वर्ष पहले हुआ था, लेकिन पति से अनबन के चलते जल्द ही संबंध विच्छेद हो गया था। तभी से वह मायके में रह रही थी।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर उचित चिकित्सा मिल जाती तो शायद सोनी की जान बच सकती थी। यह मामला झाड़-फूंक जैसी कुप्रथाओं और अंधविश्वास के खिलाफ एक बार फिर चेतावनी बनकर सामने आया है।गांव के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश जैसी घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा और सही जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न दोहराई जाएं।

# गोहत्या का प्रयास करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, बाकी फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ नगराम क्षेत्र में पुलिस की इस कार्रवाई से डरें गौ तस्कर, मचा हड़कंप

नगराम, लखनऊ । नगराम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गोहत्या का प्रयास कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंगलवार को नगराम पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि नेवाज खेड़ा के पास स्थित शराब ठेका के पीछे जंगल में एक मोटरसाइकिल व एक बैल बांधकर कुछ लोग गोहत्या की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर छापेमारी की, जहां जंगल के अंदर एक बछड़ा बंधा मिला और पास ही छह युवक बैठे थे। पुलिस को देख सभी आरोपी मौके से भाग निकले, जिनमें से दो युवक मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हुए। घटनास्थल से चार बोरे चोकर, हरी घास व झाड़ियों की आड़ में छिपाकर रखी गई मोटरसाइकिल और बैल को पुलिस ने बरामद किया। नगराम पुलिस द्वारा विगत दिनों पहले नगराम थाने में गो हत्या के मामले दर्ज है इस मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को मुखबिर की सूचना पस्तरा थाना गोसाईगंज निवासी आशिफ पुत्र राममिलन को भदेवर गांव के पहले बेली मार्ग से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया, जिसे विधिक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों का अवैध रूप से गोहत्या करना एवं गौमांस का अवैध कारोबार करना। नगराम पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में गौहत्या जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की धरपकड़ में भी लगी हुई है।

# भिठौरा पंचायत में मनरेगा बना भ्रष्टाचार का शिकार

**फर्जी हाजिरी से उड़ाई जा रही सरकारी धनराशि**

**जब पोर्टल पर दर्ज हाजरी में है महिलाये तो फोटो से गायब क्यों?**

**फर्जी हाजरी का खेल जोरो पर , नतमस्तक नजर आ रहे जिम्मेदार**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भिठौरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अपने उद्देश्यों से भटककर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर सरकारी धन का खुला दुरुपयोग हो रहा है, जबकि संबंधित जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों में बड़े पैमाने पर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हाजिरी में महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, जबकि मनरेगा पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों में महिलाएं कहीं नजर नहीं आतीं। ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से योजना को भ्रष्टाचारियों के हाथों सौंप दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यस्थल पर मजदूरों की उपस्थिति नाममात्र की जाती है। एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर हाजिरी दर्ज की जा रही है। ग्राम प्रधान , रोजगार सेवक और सचिव की मिलीभगत से पूरे सिस्टम को ठेंगा दिखाते हुए लाखों रुपये की सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस बात की ओर इशारा करती है कि भ्रष्टाचार को कहीं न कहीं संरक्षण प्राप्त है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है ।अब देखना यह है कि प्रशासन गरीबों के हक की रक्षा करेगा या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

## थाना कमलापुर के लगभग 500 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बैट्री हुई चोरी

कमलापुर। थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत भारत पेट्रोल पंप अज्ञात चोरों का केंद्र बन चुका है। चोरों के हौसले बुलंद दिखाई पड़ रहे हैं। आए दिन चोर कस्बा कमलापुर के आसपास आवासीय घरों के सामने खड़े वाहनों को निशाना बनाते हैं। बीती रात मां वैष्णो फिलिंग सेंटर (भारत पेट्रोल पंप) के पास स्थित संजय कुमार शुक्ला के मकान के बाहर खड़े निजी ट्रक से सामने का शीशा निकाल कर अज्ञात चोर ट्रक का बैट्रा निकाल ले गए। जबकि लगभग एक माह पूर्व उक्त पेट्रोल पंप के सामने बने घर के बाहर खड़े ई रिक्शा के बैट्रा चोरी हो गए थे। जिसकी तहरीर स्थानीय थाने पर दी गई थी। पूर्व में भी उक्त पेट्रोल पंप से लेकर आसपास से बैटरी चोरी डीजल चोरी ,टायर चोरी जैसी कई घटनाएं हो चुकी है। स्थानीय लोगों का मानना है। अज्ञात चोरों का गिरोह चलता है। जो हाईवे के किनारे एकांत में खड़े वाहनों को निशाना बनता है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की मठाधीशी के चलते घटनाओं पर अंकुश लगाना पहाड़ साबित हो रहा है।

# विधायक ने किया बारात घर का शिलान्यास

**बीस लाख की लागत से बनेगा बारात घर कहीं खुशी, कहीं गम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। बिसवां विकास खण्ड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में बहु प्रतीक्षित बारात घर का शिलान्यास मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक ने पूजन अर्चन के बाद किया। यह बारात घर मजरा गांव मवासेपुर में बनने जा रहा है। बारात घर बनने की जानकारी मिलने पर जहां एक ओर मवासेपुर गांव के लोगों में खुशी हैं वहीं आबादी की दृष्टि से ग्राम पंचायत का केंद्र जहांगीराबाद गांव के लोगों में मायूसी भी है। यहां के निवासियों का कहना है जहांगीराबाद में शासन की योजनाओं के अन्तर्गत जो भी भवन बनना होता है वह जहांगीराबाद में न बनाकर मजरा गांवों में बना दिया जाता है जिसका पूरा लाभ आम नागरिक को नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हो, पशु चिकित्सालय हो अथवा सार्वजनिक शौचालय हो इन सभी की बिल्डिंग बाहर गांवों में बनवा दी गईं जिनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब बारात घर भी यहां से 2 किमी दूर मवासेपुर में बन जाने से जहांगीराबाद के लोगों के लिए वह निष्प्रयोज्य रहेगा। इस बात को लेकर ग्रामीणों में ग्राम पंचायत के प्रति जरूर मायूसी देखी गई। मंगलवार दोपहर में क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने मवासेपुर गांव पहुंच कर जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद सीतापुर एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा0 श्याम किशोर वर्मा, जिलाध्यक्ष सेवाभारती बिसवां महानाराण वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी, ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव, जहांगीराबाद मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रामू चौरसिया आदि की उपस्थिति में विधिवत पूजन अर्चन के बाद बारात घर के लिए शिलापूजन किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैंकों की सलाहकार समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार की देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी)/जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) मार्च की त्रैमास बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीएम ने सीडी रेशियो, वार्षिक ऋण योजना, बैंक संबंधित विषयों पर गहनता पूर्वक चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एमवाईएसवाई, एक जनपद एक उत्पाद योजना, एसएचजी, सीसीएल व केसीसी फिशरीज एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत लंबित पत्रावलियों को शीघ्रता पूर्वक निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। सभी सहकारी योजनाओं को रिजेक्ट करने पर अध्यक्ष महोदया ने विशेष टिप्पणी की। उन्होंने निर्देश दिए कि रिजेक्ट आवेदनो की समीक्षा कर पुनः आवेदन कराए। सभी बैंकों को आभा जनजातीय ग्रामों में वित्तीय सुविधाएं प्रदान करने पर बल दिया एवं सभी बैंकों से वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की जानकारी मांगी गई।उन्होनें बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिहींपुरवा के थारू बहुल्य क्षेत्र में एक भी बैक शाखा नहीं होने के कारण वहां पर एक बैंक अथवा एक एटीएम स्थापित कराये जाने के लिए एलडीएम को निर्देश दिया। डीएम सभी बैंकों के समन्वयक को निर्देश दिया कि आप सभी अपना-अपना सीडी रेसियों बढ़ाये। बहराइच जनपद आकाक्षांत्मक जनपद है गर्वमेन्ट की स्कीम का लाभ सभी को मिले ऐसा प्रयास बैकों के माध्यम से होना चाहिए। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अन्तर्गत युवाओं को लोन देने की प्रगति कम है इसको बढ़ाया जाय। एनआरएलएम योजनान्तर्गत लखपति दीदी की प्रगति शून्य होने पर डीएम ने सभी बैंकों के अधिकारियों को प्रगति में सुधार लाये जाने के सख्त निर्देश दिये।इसी प्रकार डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, पशुपलान, मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त व्यक्त करते हुए कहा कि इससे संबंधित पात्र व्यक्ति समाज के निचले वर्ग के लोग है इसलिए सभी विभाग व बैंक समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद के लिए आवंटित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित कराएं ताकि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों एवं परिवारों आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।

डीएम ने कहा कि यह सभी योजनाएं मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों के सुरक्षा कवच को ध्यान में रख कर बनाई गयी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं बैंक प्राथमिकता के साथ निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, भारतीय रिजर्व बैंक से सहायक महाप्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबंधक, एनआरएलएम, कृषि विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, मत्स्य अधिकारी, एफएलसी, आरएसईटीआई निदेशक, बीएमएम एवं बैंक के जिला समन्वयकों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सीतापुर जिला अस्पताल को मिली नई सौगात

**ब्लड सेपरेशन यूनिट का डीएम ने किया उद्घाटन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिला चिकित्सालय सीतापुर में स्थापित ब्लड सेंटर में एक नई यूनिट (ब्लड सेपरेशन यूनिट) का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इकाई के शुभारंभ से अब रक्तदान के पश्चात एक ही यूनिट रक्त को उसके प्रमुख घटकों-प्लाज्मा, रेड ब्लड सेल्स, प्लेटलेट्स एवं क्रायोप्रेसिपिटेट्स में विभाजित किया जा सकेगा, जिससे अधिक से अधिक मरीजों की जरूरत को एक ही यूनिट से पूरा किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ल्लयह आधुनिक चिकित्सा सुविधा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगी तथा गंभीर रोगियों जैसे थैलेसीमिया, डेंगू, प्रसूति रोग एवं अन्य जटिल बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर जीवन रक्षक रक्त घटक उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा।ङ्क उन्होंने आम नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि इस यूनिट के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20-25 रक्त यूनिट्स को घटकों में विभाजित किया जा सकेगा। यह सुविधा एनएबीएच मानकों के अनुरूप विकसित की गई है। रेडक्रास सोसाइटी सीतापुर, संजीवनी संस्थान सीतापुर एवं दया फाउण्डेशन द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर *मुख्य चिकित्सा अधिकारी* डा0 सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 इन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप, प्रभारी अधिकारी रक्त केन्द्र डा0 पूजा यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने किया ब्लॉक नकहा का औचक निरीक्षण अनुपस्थित मिले कार्मिक, कार्यवाही के दिए निर्देश

**ग्राम पंचायत स्तर पर खुली व्यवस्थाओं की पोल, कई स्तरों पर मिली लापरवाही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंगलवार को ब्लॉक नकहा एवं ग्राम बड़ागांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक स्तर पर कार्मिकों की अनुपस्थिति, निर्माण कार्यों की धीमी गति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की अनियमितता पाई गई। उक्त लापरवाहियों को गम्भीरता से लेते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।सीडीओ ने मंगलवार को ब्लॉक नकहा का औचक निरीक्षण किया। सुबह 10:15 बजे पहुंचते ही सीडीओ ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। 14 नियमित कार्मिकों में से सिर्फ 5 और 12 संविदा कर्मियों में से मात्र 4 कर्मचारी ही उपस्थित मिले। निरीक्षण में एडीओ पंचायत, एडीओ समाज कल्याण और एडीओ आईएसबी तक अनुपस्थित मिले। इस पर सीडीओ ने नियमित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने और संविदा कर्मियों का मानदेय रोकने के निर्देश दिए।

**एनआरएलएम की प्रगति पर जताई नाराजगी**

सीडीओ ने ब्लॉक परिसर के सभी पटलों का गहन निरीक्षण किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की प्रगति अत्यंत कमजोर पाई गई। आरएफ, सीसीएल और सीआईएफ से संबंधित समूहों की संख्या और लाभ वितरण की स्पष्ट जानकारी तक मौजूद नहीं थी। इस पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

**निर्माण कार्य में सुस्ती पर फटकार**

ब्लॉक परिसर में निर्माणाधीन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। निर्माण की धीमी गति पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्माण एजेंसी से समन्वय कर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूर्ण कराने को कहा गया।

**बड़ागांव में बंद मिले स्वास्थ्य केंद्र**

निरीक्षण के दूसरे चरण में सीडीओ ग्राम पंचायत बड़ागांव पहुंचे। यहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर व उप स्वास्थ्य केंद्र बंद मिले। ग्रामीणों ने बताया कि यह केंद्र करीब दो से ढाई महीने से बंद हैं। परिसर में झाड़-झंकार फैले मिले। इस पर सीडीओ ने सीएमओ को तैनात कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सभी एमओआईसी को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील रहने को कहा।

**ग्राम सचिवालय की सेवाओं में लापरवाही पर वेतन व मानदेय बाधित**

ग्राम सचिवालय में दी जा रही सेवाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। शिकायत पंजिका और परिवार रजिस्टर अद्यतन नहीं मिले। इस पर सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव का वेतन और पंचायत सहायक का मानदेय रोकने के आदेश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पशु अस्पताल में लगा ताला, एक साल से नहीं हुई डॉक्टर की तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिंगाही खीरी। पशु चिकित्सक का स्थानांतरण होने बाद स्थानीय कस्बे स्थित पशु चिकित्सालय पर किसी भी चिकित्सक तैनाती न होने के कारण नहीं यहां के पशुपालकों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।सरकार पशु संवर्धन के लिए बढ़ावा दे रही है। इसके लिए उनके अच्छी सेहत के भी प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन तहसील के सभी पशु अस्पताल खुद बीमार है। यहा कोई स्थाई डॉक्टर नहीं है सिंगाही अस्पताल में एक साल पहले यहां कार्यरत डॉक्टर एके पटेल का स्थानांतरण बीते 30 जून को हो गया। 31 जनवरी को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सुरेश चन्द्र सक्सेना भी सेवानिवृत्त होने के बाद अस्पताल में ताला लगाकर बन्द कर दिया गया था उसके बाद अभी तक किसी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं कि गई। इस कारण चिकित्सालय पर आए पशुपालक अस्पताल में लटका हुआ ताला देख कर घर वापस लौट जा रहे हैं।निघासन पशु चिकित्सालय में फार्मासिस्ट सियाराम राणा के सहारे, तिकुनिया में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी गुलाब सिंह, बेलपरसुआ में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी ठगीराम के सहारे अस्पताल चल रहा है। पशु चिकित्सालय में डॉक्टर की तैनाती न होने के कारण, गौशालाओं में पशुओं की देखभाल और इलाज में काफी दिक्कतें आ रही हैं। गौशालाओं में पशुओं के बीमार होने पर, उन्हें समय पर डॉक्टर की सलाह और इलाज नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति पशुओं की सेहत के लिए खतरनाक है। और गौशालाओं के संचालन को भी प्रभावित कर रही है। नीमगांव के पशु चिकित्सक सौरभ सिंघई ने बताया कि उनके पास निघासन, सिंगाही, तिकुनिया, बेलपरसुआ के अलावा दो अन्य अस्पतालों के चार्ज है।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल



सिंगाही, खीरी। निघासन-सिंगाही रोड पर मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी।जानकारी के मुताबिक, थाना निघासन क्षेत्र के मंशा पुरवा निवासी सचिन बाइक से सिंगाही थाना क्षेत्र के संहजना गांव में घुघरी देने जा रहा था। रास्ते में घोसियाना के पास निघासन की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने सचिन की बाइक के साथ सिंगाही की ओर से आ रही दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी।हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को आनन-फानन में निघासन सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया।दूसरी बाइक पर सवार हरद्वाही निवासी धर्मेंद्र व निबौरिया निवासी रिंकू की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखीमपुर रेफर कर दिया गया है। सिंगाही एसओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जल्द ही बस को बरामद कर चालक को पकड़ लिया जाएगा।

## किसानों की बदहाली पर कांग्रेस का हल्ला बोल, सौंपा ज्ञापन

बिसवां / सीतापुर । जिला कांग्रेस कमेटी व नगर कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौहान व नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा की अगुवाई में महामहिम राज्यपाल को संबोधित उप जिला अधिकारी महोदय की अनुपस्थिति में तहसीलदार बिसवां को सौपा गया ।जिसमें मांग की गई है कि इस समय किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता है जो उसे मिल नहीं रही है। इफको केंद्र समितियां व प्राइवेट दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं पहुंच रही है। जिससे किसान परेशान है ।साथ ही गांव में बिजली की आपूर्ति भी नहीं हो रही है जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं ।ज्ञापन में लिखा गया है कि भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने की बात करती है जो पूर्ण रूप से खोखला साबित हो रही है। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सेवता प्रभारी नरेश चंद्र गौड़ ब्लॉक अध्यक्ष बकरीदी प्रदेश आईटी सेल के मंत्री रजनीश मिश्रा करीम अंसारी रमेश चंद्र गौड़ मुजीब खाँ सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

# जिलाधिकारी का आदेश बना घोर निंदा का पर्याय

**खुद की हुई गलतियों की सजा दी एसडीएम मितौली को**

**मितौली एसडीएम व तहसीलदार को नवोदय प्रकरण में हटाएं जाने पर उठ रहे सवाल**

**मितौली एसडीएम के डिमोशन से मीडिया मे व्याप्त आक्रोश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जवाहर नवोदय विद्यालय मे सोमवार को हुए प्रकरण मे जिलाधिकारी द्वारा दिया गया एस डी एम मितौली के डिमोशन का आदेश घोर निंदा का कारण बन गया है और जिलाधिकारी का इस तरह का निंदनीय आदेश पारित करने से मीडिया मे आक्रोश व्याप्त हो चुका है।कई घंटों तक बच्चों कमरे मे बंद रहे और जिलाधिकारी से मिलने की मांग करते रहे किन्तु जिलाधिकारी ने बच्चे जो काल का भविष्य है,उनके भविष्य पर ध्यान न देते हुए मामले को अनदेखा करती रही और बच्चों से जाकर नही मिली।वहीं दूसरी तरफ मीडिया कर्मियों द्वारा भी लगातार जिलाधिकारी से सम्पर्क करने का प्रयास जारी रहा किन्तु जिलाधिकारी ने एक शब्द भी बात करना जरूरी नही समझा और मामले को अनदेखा करती रही और खुद के द्वारा मौके पर न पहुंचकर अपने द्वारा की गयी गलतियों को दूसरे के ऊपर डालकर एस डी एम मितौली रेनू मिश्रा का डिमोशन कर दिया और अन्य तहसील मे भेज दिया। जिलाधिकारी द्वारा दिया गया यह आदेश कहीं न कहीं बहुत बड़ी साजिस की तरफ इशारा करता है कि आखिर जिलाधिकारी ने ऐसा क्यों किया। जबकि एस डी एम रेनू मिश्रा व तहसीलदार पूरे दिन हास्टल के बाहर जिलाधिकारी के न पहुँचने पर भी भयंकर धूप में खड़ी रही और बार बार बच्चों को हर संभव हर तरीके से समझाने की कोशिस करती रही और आश्वासन देती रही और बच्चों के हिंसात्मक व आक्रामक स्वभाव को बहुत सूझबूझ और मेहनत से संभालती रही और अंत मे उनकी मेहनत रंग लाई और बच्चों पर नियंत्रण पाकर सकुशल उनको कमरे से बाहर निकाला।जिलाधिकारी द्वारा एस डी एम की सराहना करने के बजाए उनका डिमोशन ही कर दिया। एस डी एम मितौली की यही गलती थी जो प्रधानाचार्य और कमाल गाजी जैसे व्यक्तियों के खिलाफ गयी और उनको सजा दी गयी,आखिर जिलाधिकारी ने ऐसा क्यों किया,सवालों के घेरे मे है? मीडिया जिलाधिकारी से सवाल करती है क्या इसके पीछे कोई षड्यंत्र शामिल है या जिलाधिकारी ने खुद की गलतियों को छिपाने के लिए ऐसा किया। यदि जिलाधिकारी चाहती तो बच्चों से मौके पर पहुंचकर मिल सकती थी किन्तु उन्होंने ऐसा नही किया और मामले से बचती रही और किनारा काटती रही। जबकि एसडीएम रेणु मिश्रा मीटिंग से सीधे नवोदय आते ही देर शाम तक छात्रों को समझाने में हर सम्भव प्रयास करती रहीं और कड़ी मशक्कत के बाद छात्रों को सकुशल बाहर निकालने की यह सजा सवालों के घेरे में है? डीएम ने सुबह ही हास्टल का दरवाजा तोड़ने के आदेश दिए थे लेकिन स्थानीय प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा और मौके के उग्र माहौल को देखते हुए दरवाजा तोड़ने का जोखिम उठाना उचित नहीं समझा क्यूंकि बच्चे बार बार आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी दे रहे और वीडियो वायरल कर रहे थे।

साथ ही एबीवीपी के कार्यकर्ता भी उग्र थे। ऐसे मे एस डी एम ने साबधानी पूर्वक संयम से काम लेटे हुए मामले को शांत रखा और कोई भी आक्रामक और हिंसात्मक घटना नही घटित होने दी,माहौल शांत होने पर एसडीएम मितौली रेणु मिश्रा की सूझबूझ से ताला तोड़कर बच्चों को सकुशल सुरक्षित निकाला गया।क्या बच्चों को सकुशल और सुरक्षित निकालना ही एसडीएम मितौली रेनू मिश्रा की ग़लती है जो उनको सराहना की जगह निराशा हाथ लगी। फिलहाल डीएम को अपने आदेश पर एक बार फिर से विचार करने की जरूरत है। ऐसी कार्रवाई से जिम्मेदार अधिकारियों का मनोबल टूटता है। वहीं उपद्रवियों का मनोबल बढ़ता है। एसडीएम मितौली के हटाएं जाने से स्थानीय लोगों व मीडिया बंधुओं/अधिवक्ताओं में भी जिलाधिकारी के प्रति आक्रोश व्याप्त होता दिख रहा है।

## काशीनगर सिकटिहा में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

लखीमपुर खीरी। शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए काशी नगर सिकटिहा क्षेत्र में विकसित की जा रही बद्री एनक्लेव पर सोमवार को बुलडोजर चला दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के स्पष्ट निर्देश पर की गई।एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्रशासन ने पहले ही बद्री एनक्लेव के डिवेलपर को कई बार नोटिस जारी किए थे, लेकिन इसके बावजूद अवैध निर्माण जारी रहा।एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई शासन के निर्देशों के तहत की गई है और अन्य अवैध प्लाटिंग पर भी जल्द बुलडोजर चलाया जाएगा।प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध प्लॉटिंग कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस सख्ती का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शहर का विकास योजनाबद्ध और कानूनी दायरे में रहेगा।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अवैध निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## रेस्टोरेंट का अंतराष्ट्रीय श्री मद भागवत कथा मर्मग्य आचार्य शिवा कंत शास्त्री ने फीता काट कर किया शुभारंभ



उन्नाव । सदर स्थिति सिया प्यारी प्लाजा में देश की सबसे प्रसिद्ध रेस्टोरेंट की श्रृंखला में वन बाइट (धद्वद्द थ्द्बप्ह्) का अंतराष्ट्रीय श्री मद भागवत कथा मर्मग्य आचार्य शिवा कंत शास्त्री ने जनपद के सदर विधायक पंकज गुप्ता बी जे पी जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ फीता काटकर उदघाट्न किया इस मौके पर उन्होंने रेस्टोरेंट में बनने वाले उच्च गुणवत्ता वाले खाने के व्यंजन की जानकारी प्राप्त किया।कार्यक्रम में बी जे पी नेता सुशील तिवारी, हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, बी जे पी नेता अमित मिश्रा, पूर्व प्रदेश मंत्री मंजुलता अवस्थी,जिला सहकारी संघ की उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला,अधिवक्ता अजेंद्र अवस्थी, अधिवक्ता श्री कंत तिवारी गोपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेश गुप्ता,पत्रकार प्राचीन्द्र मिश्रा,पत्रकार प्रदीप तिवारी विनोद कुमार गौतम हिमांशु अवस्थी, चेतन मिश्रा,सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे रेस्टोरेंट के प्रबंधक शिवम बाजपेई ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।इससे पूर्व रूद्राक्ष कंस्ट्रक्शन में भी लोगों ने महराज जी का स्वागत किया गया।शिवम तिवारी आजाद,शरद शुक्ला सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे

# वजीरगंज में जिम्मेदारों के लिये दुधारू गाय बनी मनरेगा योजना

**ब्लॉक की ग्राम पंचायत साहिबापुर में ऑनलाइन मस्टर रोल नम्बर 2272 से 2279 में 58 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है जो एक ही फोटो से 6 मस्टर रोल दिखाया गया।**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। वजीरगंज क्षेत्र में श्रमिकों को गांव में ही रोजगार की गारंटी देने वाली केन्द्र की मनरेगा योजना ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों के लि ए दुधारू गाय साबित हो रही हैं इस योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है।

रोज़गार गारंटी योजना के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ब्लॉक के वीडियो और एपीओ से मिलकर मन रेगा के मस्टर रोल पर मजदूरों की फर्ज़ी हाज़ि री लगा कर प्रधान व रोजगार सेवक अपने खा स लोगो के खाते में पैसा भेजवा रहे हैं। ताज्जुब की बात यह है कि कई मामले सामने आने के बावजूद भी उच्च अधिकारियों द्वारा कोई कार्र वाई नहीं की जा रही? है योजना में भ्रष्टाचार को रोकने हेतु एमएमएस सिस्टम लागू किया गया हैं जिसमें साइड पर जो मनरेगा मजदूर काम करते हैं,उनकी मस्टर रोल में आनलाइन हाजि री रोजगार सेवक या मेट द्वारा लगाने का नियम है।मजदूरों का काम करते हुए फोटोग्राफ्स भी अपलोड किया जाता है जो फोटो साफ सुथरी और ऊंचे स्थान से खड़े होकर खींचा गया हो जिसमें मजदूरों का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे,जिन मजदूरों की हाजिरी मस्टर रोल में लगी हो,वही मजदूर फोटो में प्रदर्शित हो,ऐसा नियम बताया गया है।लेकिन वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम प्रधान व मनरेगा स्टाफ की मिलीभगत से शासन के नियमों की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।यह मामला विकास खंड वजीर गंज का है।ब्लाक की 17 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योज ना के तहत चकरोड भूमि समतलीकरण बंधा निर्माण तालाब सौंदर्यीकरण आदि 23 कार्य वर्तमान में संचालित है।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार इन 23 कार्यों में कुल 856 मजदूरों की प्रतिदिन हाज़िरी लग रही है।प्रति श्रमिक 252 रुपये के हिसाब से प्रतिदिन दो लाख 15 हजार 7 12 रूपये रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं।सरकार की मंशा के विपरीत मनरेगा मजदूरी में रोजगार सेवक प्रधान व मन रेगा से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर बड़ा खेल किया जा रहा है।

ब्लॉक की ग्राम पंचायत साहिबापुर में ऑनलाइन मस्टर रोल नम्बर 2272 से 2279 में 58 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है जो एक ही फोटो से 6 मस्टर रोल दिखाया गया। जबकि मौके पर एक भी मजदूर काम करते पाए गए।ब्लॉक की ही ग्राम पंचायत गेड़सर में 3 कार्यों के लिए 166 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज की जा रही है।शुकुलन पुरवा सड़क से नाग बाबा स्था न तक मिट्टी पताई कार्य 54 श्रमिकों को लगा या गया है।दूसरे कार्य में 74 श्रमिकों को पीएम सड़क से दूधनाथ यादव के खेत तक मिट्टी पटा ई का कार्य दर्शाया गया है जिस सड़क पर मि ट्टी पटाई का कार्य दर्शाया गया है उस सड़क पर बड़ी-बड़ी घास से उगी हुई हैं।तीसरे कार्य में 38 श्रमिकों को तेली गांव से होते हुए रिहार गांव से लक्ष्मण के खेत तक मिट्टी कार्य के लिए दर्शाया गया है लेकिन उस भी सड़क पर मौके पर घास उगी हुई हैं।

जबकि मौके पर कोई मज दूर कार्य करता नही दिखाई दिया। ग्रामीणों काआरोप है कि यहाँ सिर्फ कागज में काम चलता है।ऐसे ही वजीरगंज ब्लॉक की बड़कुइया,बिरह मतपुर,कादीपुर,खीरीडीह,नौबस्ता,रायपुर, सोहना,कई ग्राम पंचायतो में चकरोड पर मिट्टी पटा ई,तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के नाम पर श्र मिको की हाजिरी दर्शायी जा रही हैं ग्रामीणों का आरोप है कि यहां कोई काम नहीं हुआ है।काम अभी बंद पड़ा हुआ है।मजेदार बात यह है कि चल रहे कार्य पर कहीं डिस्पले बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जबकि शासन का आदेश हैं कि हो रहे कार्यो पर डिस्पले बोर्ड पहले लगा ए जाएं।

## जमीन के विवाद पर दो पक्षों में एक-दूसरे पर चलाए लाठी-डंडे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के देवरिया चूड़ामणि गांव में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठी और डंडों से जम कर मारपीट हुई है। राम उजागर और श्याम बहादुर पक्ष के लोगों के बीच लाठी-डंडों से मार पीट हुई जहां इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।दोनों पक्षों से दो-दो लोग घायल हुए।सभी घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।राम उजागर का आरोप है कि श्याम बहादुर पक्ष के लोग उनकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि विपक्षी फर्जी तरीके से उनके साथ विवाद करते रहते हैं।बीते कई सालों से इन दोनों लोगों का एक बैनामा की जमीन में रास्ता निकल जाने को लेकर के विवाद चल रहा है।नगर कोतवाल विवेक कुमार त्रिवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शांति भंग की कार्यवाही की गई है।घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।इसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे और भी जो कार्रवाई होगी वह भी नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जाएगी।

# मॉडल वेंडिंग जोन के पात्र आवेदकों की होगी दोबारा जांच

**जिलाधिकारी नेहा शर्मा उठाया सख्त कदम**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका परिषद गोण्डा के तीन मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानों के आवंटन को पूरी तरह पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए मंगलवार को एक अहम निर्णय लिया है।उनके निर्देश पर नगर पालिका परिषद गोंडा द्वारा पात्र घोषित किए गए करीब 581आवेदकों की सूची का दोबारा सत्यापन कराया जाएगा।यह जांच राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी, जिससे किसी भी अपात्र को दुकान का आवंटन न हो सके।नगर पालिका परिषद द्वारा प्राप्त 1600 से अधिक आवेदनों की प्रारंभिक जांच के बाद 581 व्यक्तियों को पात्र पाया गया था।पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाते हुए यह सूची नगर पालिका कार्यालय में चस्पा की जा चुकी है और इस पर आपत्तियां दर्ज कराने हेतु 25 जुलाई 2025 तक का सम य निर्धारित किया गया है।लेकिन जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सिर्फ आपत्तियों के साथ ही पात्र सूची का भी सत्यापन करा जाएगा।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि दुकान आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए,और इसके लिए हर स्तर पर जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी उनका यह निर्णय, उन सैकड़ों असंगठित क्षेत्र के दुकानदारों के हित में है, जिन्हें लंबे समय से व्यवस्थित और स्थायी स्थान की प्रतीक्षा थी।

### 105 दुकानें, 1600 से अधिक आवेदन

गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में तीन मॉडल वेंडिंग जोन में कुल 105 दुकानों के लिए यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इनमें, सिंचाई विभाग ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउंड्री तक 40 दुकानें, गांधी पार्क मेन गेट से एलबी एस चौराहा तक 34 दुकानें और नेकी की दीवार से जीआईसी गेट,बहराइच रोड तक 31 दुकानें हैं।प्रत्येक दुकान के लिए 15 हजार रुपए निर्धारित किया गया है।पहले चरण में इन्हीं तीन वेंडिंग जोन को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।नगर पालिका परिषद द्वारा पूर्व में ही कुल 23 वेंडिंग जोन चिन्हित किए गए हैं,जिन्हें अगले चरणों में इसी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।इससे न केवल शहर में अस्थायी दुकानदारों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यातायात व्यवस्था में सुधार और स्ट्रीट फूड व छोटे व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### स्थायी व्यवस्था की दिशा में ठोस कदम

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन वेंडिंग जोन का संचालन वेंडर मैनेजमेंट कमेटी और नगर पालिका परिषद की निगरानी में ही होगा,जिससे दीर्घकालिक और स्थायी व्यवस्था स्थापित हो सके।यह कदम गोंडा के शहरी विकास की दिशा में एक बड़ा परिवर्तनकारी प्रयास माना जा रहा है।

# यांत्रिक कारखाना के नवागत डिप्टी सीएमई (आर) से मिला पीआरकेएस का प्रतिनिधि मंडल

**यांत्रिक कारखाना में नए पदभार ग्रहण किए हुए डिप्टी सीएमई (आर) एस सी वर्मा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । मंगलवार कोयांत्रिक कारखाना गोरखपुर के नवागत डिप्टी सीएमई (आर) श्री एस सी वर्मा महोदय से पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर श्री विनोद राय ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार मुलाकात किया तथा कारखाने की समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तृत बातचीत किया। महामंत्री श्री विनोद राय ने डिप्टी सीएमई महोदय से निवेदन किया कि कारखाने की कोई भी शॉप बंद न किए जाएं कारखाना कर्मियों से कार्य लिया जाए क्योंकि कारखाना कर्मी विधिवत प्रशिक्षित हैं एवं गुणवत्ता परक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं उन्होंने कहा की आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी कारखाना में कार्य करते हैं लेकिन आउटसोर्सिंग का कार्य कम से काम कराया जाए ज्यादा से ज्यादा कार्य कारखाना कर्मियों से कराया जाए। महामंत्री विनोद राय ने कहा की कर्मचारियो का प्रमोशन ऑनलाइन किया जाए। जैसे ही कोई कर्मचारी रिटायर होता है तुरंत उसके जगह पर नए कर्मचारियों को प्रमोट किया जाए जिससे किसी कर्मचारी का वित्तीय नुकसान न होने पावे। महामंत्री विनोद राय ने कारखाने में पेयजल, टॉयलेट ऑफिसों की कमियों को दुरुस्त करने, महिला कर्मियों के लिए अलग से कॉमन रूम बनाने पर भी महोदय से चर्चा किया। डिप्टी सीएमई (आर) महोदय ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उसके तत्काल निवारण का आश्वासन दिया।

महामंत्री विनोद राय के साथ प्रतिनिधिमंडल में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ मुख्यालय मंडल के श्री फिरोजुल हक, नवीन मिश्रा लेखा मंडल के श्री शमशाद अहमद, पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री दीपक चौधरी जयप्रकाश सिंह, यांत्रिक कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष श्री बृजपाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव ,अजय त्रिपाठी , दीपक प्रजापति,अंशुमाल पाठक, अभिषेक गुप्ता हरकेश बहादुर सिंह संतोष श्रीवास्तव , विनोद मिश्रा मनोज शुक्ला योगेंद्र पाल अनिल गौतम राजकुमार गुप्ता राजू रावत नूर ए आलम अल्बर्ट पीटर अखिलेश तिवारी सुनील कुमार गंगेश राजवंशी कैलाश राजभर अजय गुप्ता शशि भूषण सिंह फैज गणेश नूर आलम सतीश श्रीवास्तव लक्ष्मी श्रीवास्तव इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# नेपाल सीमा पर साइकिल सवारों द्वारा तस्करी की कोशिश नाकाम, 21 बोरी खाद और 3 साइकिलें बरामद

**जवानों को देखकर तस्कर मौके पर साइकिल व खाद छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने विफल कर दिया। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा की चितलवा सीमा चौकी से गश्त कर रही टीम ने कार्रवाई करते हुए तस्करों के कब्जे से 21 बोरी प्रतिबंधित खाद और 3 साइकिलें जब्त कीं। यह कार्रवाई उस समय हुई जब सहायक उप निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एसएसबी का गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 672/2 के पास पेट्रोलिंग कर रहा था। इसी दौरान तीन संदिग्ध साइकिल सवारों को भारत से नेपाल की ओर सामान ले जाते देखा गया। जवानों को देखकर तस्कर मौके पर साइकिल व खाद छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकले। एसएसबी टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके से सभी 21 बोरी खाद और तीन साइकिलें जब्त कर लीं। बरामद किए गए सामान की विधिक प्रक्रिया पूरी कर जिला कृषि विभाग को सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची कृषि विभाग की टीम ने खाद को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएसबी के अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सीमा पर सक्रिय तस्कर गिरोहों पर कड़ा संदेश है। सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी के चलते आए दिन तस्करी के प्रयासों पर पानी फिर रहा है।

## अर्थी बाबा ने मेडिकल के जूनियर डाक्टरों पर अभद्रता का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । समाजसेवी राजन यादव उर्फ अर्थी बाबा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को जनसूचना अधिकार के तहत शिकायत किया था जिस क्रम में विभाग से जबाब आया है कि निवेदन किया कि आवेदक राजन यादव पुत्र धनपत यादव निवासी दरगहिया थाना एम्स जनपद गोरखपुर द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के जाँच के क्रम में आवेदक से वार्ता किया गया तो आवेदक द्वारा बताया जा रहा हैं कि आवेदक समाज सेवक हैं। आवेदक का आरोप हैं कि मेडिकल कालेज गुलहरिया के जुनियर डॉक्टरों द्वारा मरिजो के साथ मार पीट किये जाने तथा अभद्र व्यवहार किया जा रहा हैं, जिसके संबंध में थाना गुलहरिया पर कई बार अभियोग पंजीकृत कराया गया हैं, जिसमें कार्यवाही हेतु आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।महोदय उपरोक्त वर्णित घटना का संबंध मेडिकल कालेज थाना गुलहरिया से होना पाया जा रहा हैं, अतः महोदय से निवेदन हैं कि प्रकरण की जाँच थाना गुलहरिया से कराने की कृपा करें।

# पुलिस और सत्ता के संरक्षण में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, सीएम योगी का आदेश भी बेअसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध टैक्सी स्टैंडों को हटाने के आदेश दिए थे,लेकिन गोण्डा शहर में यह आदेश लागू होते नहीं दिख रहे हैं।शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड लगातार चल रही है,लेकिन पुलिस और अफसर इस ओर अनजान बने हुए हैं।यहां से अधिकारी गुजरते हैं और उनके सामने ही यह खेल जारी रहता है,लेकिन कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है।शहर में नगर पालिका की ओर से किसी भी स्थान पर वैध पार्किंग नहीं है।यही कारण है कि शहर के अंबेडकर चौराहा,एलबीएस चौरा हा,सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने बनी दु काने के बाहर,स्कूल-कालेजों के बाहर सिटी कार्ट मॉल और वी मार्ट शॉपिंग माल के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग लगी रहती थी।इस कारण सड़ कों पर जाम की समस्या बनी रहती है।मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद पुलिस-प्रशासन ने सख्ती से अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाने का का र्य किया था,लेकिन कुछ स्थानों पर अभी भी अवैध पार्किंग में ही वाहन खड़े हो रहे हैं।अवैध पार्किंग और सड़कों पर आसपास वाहन खड़े करने वाले लोगों के सामने भी वैध पार्किंग की समस्या है।शहर में कई मार्केट तो ऐसी है,जहां पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है।इस कारण ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।न ही शहर में किसी भी जगह वैध पार्किंग की कोई जगह पिछले कुछ सालों से नहीं मिल सकी है।जबकि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी ईओ व एसएसपी-डीएम के साथ वर्चुअल संवाद करते हुए वैध पार्किंग के लिए जगह तलाशने की बात कही थी।गोंडा शहर में कोई सुधार नहीं हुआ हैं।बॉक्स पुलिस चौकी के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड,गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने शहर में अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।मनमाने ढंग से संचालित टैक्सी स्टैंड पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहन जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं।इससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों पर शिकंजा कस ने में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी नाकाम दिख रहे हैं।टैक्सी स्टैंड संचालकों पर सत्ताधारी दल के नेताओं की सरपरस्ती है,इससे जिम्मेदार भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।कई बार रोडवेज कर्मचारियों ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया और कई लोगों पर एफआई आर तक दर्ज हुईं थी।वही शहर में दर्जनों से अधिक स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।सवा रियां बैठाने के लिए सड़क पर आड़े-तिरछे वाह न खड़े किए जाते हैं।सड़क पर चलने वाली रोड वेज बसों के आगे वाहनों को लगा कर सवारियों को बैठाया जाता है।आए दिन यात्रियों से बदसलूकी होती रहती है।अवैध टैक्सी स्टैंड के खिला फ कई बार लोगों ने धरना प्रदर्शन किया लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई हैं।

## गांधी पार्क के पास सांड़ ने दो महिलाओं को बुरी तरह किया घायल



नानपारा, बहराइच। एक बार फिर शहर की सड़कों पर बेपरवाह घूमते जानवरों ने बड़ा हादसा कर दिया। सोमवार की शाम गांधी पार्क के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक बेकाबू सांड ने अचानक राह चलती दो महिलाओं पर हमला कर दिया। महिलाओं को उठा-उठाकर सड़क पर पटका गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों में एक महिला कुददूसुन (26 वर्ष), निवासी मिहींपुरवा दूसरी हसीना (35 वर्ष), निवासी छोटा दरोगापुरवा हैं। दोनों नानपारा में रिश्तेदारी में आई हुई थीं और गांधी पार्क के पास से पैदल गुजर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांड अचानक उग्र हो गया और राहगीरों पर झपट पड़ा। स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों ने तुरंत घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। महिलाओं का आरोप है कि वह घंटों तक दर्द से कराहती रहीं, लेकिन न तो उन्हें तत्काल दर्द निवारक इंजेक्शन दिया गया, और न ही कोई प्राथमिक दवा। हसीना के टूटे हाथ पर सिर्फ एक पट्टी बांध दी गई, एक्स-रे की तत्काल सुविधा न होने से इलाज में और भी देरी हुई। एक्स-रे के लिए जब परिजन स्थानीय निजी डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर पहुंचे तो वहां की कार्यप्रणाली ने भी निराश किया। इस पूरे मामले को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम से शिकायत की गई है।

# बलाईगांव में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, 122 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। सीमावर्ती ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), नानपारा ने एक सराहनीय पहल करते हुए बलाईगांव में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर (एमसीए) का आयोजन किया। इस शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर का नेतृत्व एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) डॉ. ए. लिंगय्या और उनकी टीम ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए बीमारियों की रोकथाम, प्राथमिक इलाज और स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की। शिविर में कुल 122 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 10 बच्चे, 40 महिलाएं और 72 पुरुष शामिल थे। सभी को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही, सामान्य बीमारियों से बचाव और स्वच्छता से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी गई। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर न केवल ग्रामीणों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराते हैं, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। यह आयोजन बल की जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी एसएसबी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह की पहल से आम जनमानस को बड़ी राहत मिलती है। 59वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा भविष्य में भी ऐसे चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाने की योजना है, जिससे ज़रूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

# धान रोपाई कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने थाने में बैठाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में मंगलवार को खरगुपुर पुलिस के रौब का मामला प्रकाश में आया है।जहां एक तरफ थाना क्षेत्र का व्यक्ति अपने खेत में धान की रोपाई कर रहा था। तो वहीं खेत में डायल 112 पुलिस पहुंच व्यक्ति को थाने पर ले आई। जहां थाने की पुलिस ने उसे जबरन 6 घंटे थाने पर ही बैठाए रखीं।घटना खरगुपुर क्षेत्र के लोनावा दरगाह गांव के निवासी इश्तियाक नाम के व्यक्ति के साथ घटित हुई है। जिसको लेकर पीड़ित व्यक्ति ने मंगलवार को एसपी से मिल कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि उसका अपने ही भाई पट्टीदार से भूमि को लेकर रंजिश चली आ रही है। जिसको लेकर विपक्षी आए दिन उसे परेशान किया करते है।जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन भी है।उसका कहना है कि वह 18 जुलाई को अपने खेत में धान की रोपाई कर रहा था। तभी विपक्षी उसे धान बैठाने से रोका और डायल 112 को बुलाकर पुलिस की धमकी देते हुए उसे मारा पीटा भी। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक भी न सुन उसे थाने पर ले आई।जहां उसे 6 घंटे तक थाने पर ही बैठाए रखा।आरोप है कि पुलिस ने उससे छोड़ने के नाम पर 6 हजार रुपया भी ले लिया जिसको लेकर उसने एसपी से विपक्षियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

# मानदेय न मिलने से विद्युत कर्मियों के परिवार पर भूख का संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । विद्युत उपकेन्द्र बांसगांव प्रथम व द्वितीय पर तैनात आउटसोर्सिंग विद्युत कर्मियों को दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने से उनके परिवार के समक्ष भूख का संकट खड़ा हो गया है। इससे आहत दो दर्जन विद्युत कर्मियों ने मंगलवार को एसडीएम प्रदीप कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर दो दिन के अंदर मानदेय का भुगतान कराने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे गये मांग पत्र में आउटसोर्सिंग विद्युत कर्मियों ने बताया है कि इस उपकेन्द्र पर विद्युत कर्मियों की आपूर्ति करने वाली टीडीएस फर्म ने जब से ठीका लिया तब से कभी भी समय से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मानदेय भुगतान की मांग करने पर उक्त फर्म के जिम्मेदार विद्युत कर्मियों की सेवा समाप्त कर देने की धमकी देने लगते हैं। विद्युत कर्मियों ने बताया है कि पिछले दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं किये जाने से उनके परिवार के समक्ष भूख का संकट खड़ा हो गया है। इस सम्बंध में विद्युत कर्मियों द्वारा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराकर उनसे भुगतान कराने की कई बार मांग की गयी।

# नगर पालिका में बोर्ड की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद कार्यालय में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई जिसमें शहर में सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश, जलापूर्ति, कर निर्धारण और निर्माण संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने निर्देश दिए की प्रतिदिन टीम बनाकर पालिका के अधिकारी मोहल्ले में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वार्ड में उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति भी चेक की जाएगी सफाई ठीक नहीं होने और कर्मचारियों के गैर हाजिर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। स्ट्रीट लाइट के संबंध में बताया कि सावन का महीना चल रहा है। सभी शहर के प्रमुख मंदिरों और कहां पर यात्रियों के मार्ग पर पाठ प्रकाश व्यवस्था ठीक कर दी गई है। स्ट्रीट लाइट डिपार्टमेंट को निर्देश दिए गए हैं कि कांवर यात्रियों के मार्ग और मंदिरों के आसपास चेक करवाया जाए कि पाठ प्रकाश व्यवस्था सही हो। शहर के मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो इसलिए जलकल विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते रहें। गली मोहल्ले में जहां कहीं भी लिखे जो उसको तुरंत ठीक कराए जाने के निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि सभी वार्डो में कराए गए निर्माण कार्य की सूची बनाई जा रही है। जहां सड़को का निर्माण नहीं हो पाया है वहां निर्माण कराया जाएगा। ग्रहकर और जलकर वसूली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समस्त टैक्स कलेक्टर को अधिक से अधिक गृह कर और जलकर जमा करवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शहर में सफाई व्यवस्था अच्छी होने के संबंध में वे वार्डों में स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं बताया कि सुबह और दोपहर में कर्मचारियों के काम की मॉनिटरिंग हो रही है।बैठक में अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, गोकुल प्रसाद मौर्य, विपिन कुमार राजू फौजी, गोकुल प्रसाद मौर्य, जाहिदा बी, राशिद हुसैन, शबनम, निर्मल सिंह टीटू, इक़्बाल हजरत, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, शैलेन्द्र कौर, शबनम, सुनीता सिंह, श्यामलता, माया देवी, मेहनाज बेगम, पल्लवी, शिखा वर्मा, रत्ना शुक्ला, पुष्पा उपाध्याय, शिवम, चेतन गंगवार आदि सभासद, राज्य मंत्री प्रतिनिधि राकेश सिंह, समस्त विभागों के प्रभारी मौजूद रहे।

# पुष्प बरसाकर कांवड़ यात्रा का किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नेशनल हाईवे 730 पर कांवर जलाभिषेक यात्रा का जोरदार स्वागत पुष्प वर्षा करके किया गया। इस धार्मिक यात्रा में शिवभक्तों की आस्था और उत्साह देखने लायक था। बोल बम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और शिवभक्तों के जोश, ऊर्जा और आस्था को देखकर हर किसी का मन प्रफुल्लित हो गया।कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है। बल्कि यह श्रद्धा,संकल्प और संस्कृति का उत्सव भी है। इस यात्रा में शामिल कांवरिये भगवान शिव की भक्ति में लीन रहते हैं और उनकी आस्था का प्रदर्शन करते हैं। पुष्प वर्षा से उनका स्वागत कर स्थानीय लोगों ने भी इस धार्मिक आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की हैं।इस तरह के आयोजनों से न केवल धार्मिक भावनाएं मजबूत होती हैं। बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिकता का भी संदेश मिलता है। कांवर यात्रा के दौरान उमड़े श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरनपुर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया और हर किसी के मन में भगवान शिव की भक्ति का संचार हुआ है।इस मौके पर सपा नेता पवन सिंह यादव, अधिवक्ता संजय पांडेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे हैं।

## 30 जुलाई को कावड़ियों का जत्था कछला घाट होगा रवाना

**पीलीभीत।** बीसलपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव अमृता खास में जय महाकाल कवर्थी दल के शिव भक्तों ने सोमवार को आपस में एकत्र होकर छोटी सी एक सभा की जिसमें जय महाकाल कवर्थी दल के शिव भक्तों ने बताया कि 30 जुलाई 2025 को कवार्थियों का जत्था अमृता खास गांव से कछला घाट के लिए रवाना होगा और 04 अगस्त 2025 को बीसलपुर के बाबा बालेश्वर नाथ शिव मंदिर पर कवार्थी जलाभिषेक करेंगे इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा, भाजपा के जिला आईटी संयोजक अनुभव अवस्थी, डालचंद गंगवार, गेंदनलाल कश्यप, मुनीष कश्यप, महेश कश्यप, प्रदीप कुमार, अर्जुन, विकास गंगवार, सुनील कश्यप, मोहित वर्मा, राज भारती, योगेंद्र मौर्य, सूरजपाल मौर्य, भोला कश्यप सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## भक्तों ने गोमती नदी से जल लेकर बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर में किया जलाभिषेक दर्शन करने पहुंचे एसपी

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने भी बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पहुंच कर सुरक्षा बलों के साथ दर्शन करने पहुंचे वही अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने सोमवार को बाइक जलाभिषेक यात्रा निकाली यात्रा सुबह पूरनपुर से शुरू हुई स्टेशन रोड से होते हुए गोमती जी माधोटांडा तक पहुंची शिवभक्तों ने गोमती उद्गम स्थल से जल भरकर यात्रा वापसी पूरनपुर के मुख्य मार्केट होते हुए सिरसा जंगल स्थित बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर पहुंची। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया है। यात्रा में बड़ी संख्या में बाइक सवार शिवभक्त शामिल हुए। भगवान शिव के जयकारों और धार्मिक गीतों के बीच यात्रा अनुशासित रही। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। पूरनपुर थाना प्रभारी ने सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी निभाई और संवेदनशील मार्गों पर पूरी सतर्कता से सुरक्षा की बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की है। स्थानीय लोगों और संगठन के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन का आभार जताया है।

## अव्यवस्था का शिकार बनी तहसील बल्दीराय

**बल्दीराय/सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील बल्दीराय आठ वर्ष बाद भी अव्यवस्था का शिकार बन कर रह गई है, तहसील परिसर में न पीने का पानी न शौंचाचय की सुविधा यहां अधिवक्ता स्टाम्प बेंडर वादी प्रतिवादी आदि लोग परिसर में हो रही असुविधा से परेशान है। तहसील परिसर में सुलभ शौचालय का तो निर्माण हुआ है लेकिन सफाई के अभाव में वहां गंदगी व्याप्त है गंदगी इतनी है आस पास जाने पर भी लोग मुंह ढक लेते है कई बार इसकी शिकायत भी हुई लेकिन शीर्ष अधिकारियो की शिथिलता के चलते कार्यवाही हो पाना मुश्किल है। तहसील परिसर में लगा आरो काफी दिनो से खराब है जिससे परिसर में आए वादी प्रतिवादी अधिवक्ता स्टांप बेंडर पीने के पानी के तरस रहे है खराब आरो को शिकायत होने के बाद भी नही बनवाया गया। तहसील परिसर में लोगों को स्वच्छ पानी मिले इसके लिए आरो लगवाया गया लेकिन खराब होने के बाद किसी सक्षम अधिकारी ने खराब आरो की रिपेयर के लिए कोई कदम नहीं उठाया तहसील परिसर में आए वादी प्रतिवादी स्टांप वेंडर अधिवक्ता सहित अन्य लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं अधिवक्ताओं ने बताया कि आरो ठीक कराया अति आवश्यक है जिससे गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। तहसील परिसर में उगी झाड़िया सफाई व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है मुख्यालय पर स्थित विकासखंड कार्यालय भी है जहां दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मी तैनात है लेकिन तहसील परिसर में साफ सफाई कभी नहीं करते झाड़ियां में आए दिन विषैले जंतु देखे जाते हैं, जिससे अधिवक्ता वादी प्रतिवादी डरकर भागते रहते हैं।

## दुर्गामाता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना पड़ा मंहगा, बीएसए ने किया निलंबित

**बल्दीराय/सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कांवड़ यात्रा व देवी भंडारे की छुट्टी मांगने आयी छात्रा को शिक्षक द्वारा दुर्गामाता जी को अभद्र और शिवभक्तों को गंजेड़ी, नसेड़ी जैसे अश्लील व अभद्र गाली देने वाले शिक्षक ओमप्रकाश को बीएसए सुल्तानपुर ने तुरंत संज्ञान लिया और निलंबित करते हुए जांच टीम गठित कर दी है।

वि0खं0धनपतगंज के समरथपुर कम्पोजिट विद्यालय में नियुक्त शिक्षक ओम प्रकाश ने हिन्दू देवी देवताओं को गाली देकर ,धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने तथा धार्मिक उन्माद फैलाने का घिनौना कार्य किया है। शिक्षक ने दुर्गा जी को अभद्र और कावरियों को नशेड़ी गजेडी जैसे आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर हिंदूधर्म को स्पष्ट गाली दिया है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है और लोगों में आक्रोश भी है। इस बावत बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकारी कर्मचारी होने के नाते प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह हर धर्म का सम्मान करें। कोई भी सरकारी कर्मचारी, व्यक्ति विशेष अथवा किसी धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की आजादी नही पा सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षक को निलंबित करते हुए जाँचटीम गठित कर दी गयी है।

## उपनिबंधक कार्यालय पर पार्किंग व्यवस्था नहीं

तहसील मुख्यालय के थाना मोड पर स्थित उपनिबंधक कार्यालय पर पार्क पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने से जमीन क्रय विक्रय करने आए लोगों का वाहन मुसाफिरखाना देवरा मार्ग पर ही खड़ा किया जाता है जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। कई लोगों ने बताया कि उप निबंधक कार्यालय की स्थापना तो कर दी गई लेकिन जिम्मेदारों ने आम नागरिकों की यह समस्या नहीं देखी लोगों ने बताया कि थाना मोड पर उप निबंधक कार्यालय की वजह से ही प्रायः लगता है।

## पूर्व जिपं सदस्य ने कांवड़ियो का किया स्वागत एवं अभिनंदन

**सुल्तानपुर/जयसिंहपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नि. जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने रविवार को बरदहिया पर पूर्वांचल पुल के नीचे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवभक्त कावड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनकी सेवा भाव किया। इस दौरन उन्हें ग्राम महमूदपुर, सेमरी बाजार, सिसौदा, मौहरिया, रामनाथपुर, देवपरापार, चांदपुर, दुबेपुर, आस-पास के सभी ग्राम सभा से कांवड ले जा रहे 350 से 400 शिवभक्तों को पानी, फल, दवाइयां और अंगरक्षक (गमछा) आदि वितरित करते हुए कहा कि सावन मास में कावड़ियों की सेवा करना साक्षात भगवान शिव की सेवा करना है। उन्हें आगे कहा कि इस सेवा से बढ़कर कोई और पुनीत कार्य नहीं हो सकता है उन्हें सभी शिवभक्तों को उनके गंतव्य स्थान तक सही सलामत पहुंचने के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए शुभकमनाएं दिया और सुल्तानपुर रेल्वे स्टेशन तक पहुंचाया और 400 कावड़ियों के जथे को बाबा बैजनाथ धाम के लिए किया रवाना। इस पुनित कार्य में शुभम सिंह, शिवेंद्र सिंह, सचिन सिंह, पंकज सिंह प्रधान, रमेश गुप्ता, कुलदीप धूरिया, दीनेश यादव बी.डी.सी., गुड्डू यादव, दिनेश विश्वकर्मा, घगरू अग्ररहरी, लालजी, खूँटी अग्ररहरी, विपिन अग्रहरि, पंकज अग्ररहरी, उपस्थित रहे।

# भूजल संरक्षण सप्ताह का समापन, विद्यार्थियों ने ली जल बचाने की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाधान विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित भूजल संरक्षण सप्ताह का समापन मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह और पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जल बचाने, उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने और हर बूंद का संचयन करने की शपथ ली।शपथ में प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे जल को अनमोल संपदा मानते हुए उसका सदुपयोग करेंगे, परिवार, मित्रों और पड़ोसियों को भी जल बचाने के लिए प्रेरित करेंगे और जल संरक्षण के माध्यम से भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे।इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण को लेकर रचनात्मक विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में राधिका वर्मा, नैंसी, यशवी वर्मा, सुहानी, प्रिया, शिवि शर्मा, सावित्री देवी, सपना आदि ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

प्रिया कश्यप ने प्रथम, पलक कोरंगा ने द्वितीय तथा नैना ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुणा देवी ने की जबकि प्रधानाचार्य सुमन देवी और कार्यक्रम संयोजिका गुंजन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में जल संरक्षण को व्यवहार में लाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इइस सप्ताह के दौरान जो सीख मिली है, उसे केवल विचार तक सीमित न रखें, बल्कि हर दिन अपने आचरण में उतारें। कार्यक्रम के सफल आयोजन से समिति के भूजल संरक्षण प्रयासों को नई दिशा मिली है। उपस्थित लोगों ने समिति की इस पहल की सराहना की और भूजल संकट से निपटने के लिए जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया हैं।

# अभिभावक-अध्यापक बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में शनिवार को अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों एवं संरक्षकों को निपुण भारत मिशन के संबंध में जानकारी दी और कक्षा एक एवं दो में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को निपुण बनाए जाने हेतु अभिभावकों एवं संरक्षकों से सहयोग प्रदान करने की अपील की जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने 6 से 14 आयु वर्ग के विद्यालय न जाने वाले सभी बच्चों का निकटतम परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश कराए जाने की अपील की। साथ ही आधार विहीन विद्यार्थियों के आधार बनवाए जाने हेतु भी उन्हें जागरूक किया गया। बच्चों को घर पर निरंतर अभ्यास कार्य कराए जाने हेतु अभिभावकों एवं संरक्षकों को प्रेरित किया गया। साथ ही दीक्षा एवं रीड अलांग अप के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराए जाने हेतु उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न अभिभावकों एवं संरक्षकों के मोबाइल पर दीक्षा एवं रीड अलांग ऐप इंस्टॉल कराया गया तथा उसके प्रयोग के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों और संरक्षकों से डीबीटी के माध्यम से खातों में प्राप्त धनराशि का सदुपयोग किये जाने तथा उसके माध्यम से विद्यार्थियों हेतु ड्रेस, जूते मोजे, स्वेटर, बैग और स्टेशनरी क्रय किए जाने का अनुरोध किया जिसे सभी ने स्वीकार किया। बैठक में विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और उनकी रोकथाम एवं बचाव के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों एवं संरक्षकों को इस संबंध में जागरूकता संबंधी पोस्टर का भी वितरण किया गया। बैठक में विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े अन्य विभिन्न बिंदुओं पर भी परस्पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मनोज कुमार, शोभाराम, हीरा कली, जागन लाल, मीरा देवी, पिंकी देवी, गोदावरी, अखिलेश कुमार, गंगा देवी, भगवान देई, रीना देवी, सुनीता देवी, धर्मावती, गुड्डी देवी, गीता देवी, जगदीश प्रसाद, राखी देवी, प्रेमवती, महेंद्र पाल, उषा देवी, भारती और रोशन लाल सहित विभिन्न अभिभावक एवं संरक्षक और श्रीमती श्रीमती ममता देवी, श्रीमती प्रगति धामी तथा श्रीमती अंजना शुक्ला उपस्थित रहीं।

## दवा लेकर लौट रहे युवक पर हमला कर की लूट

**पूरनपुर।** बच्ची को दावा दिलाकर लौट रहे युवक की कार पर लोहे की रॉड से हमला कर दम्पत्ति के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया थाना माधोटांडा के वीर खेड़ा निवासी गुरजंट सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे कहा कि वह सोमवार को अपनी बच्ची की दवाई बरेली से दिलाकर वापस अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते मे पहले से घाट लगाए बैठे लोगो ने मेरी कार पर लोहे की रॉड मारकर हमला कर कार का पीछे से शीशा तोड़ दिया और कार रोक ली और गहने से भरा बैग निकाल लिया और जान से मारने की नियत से हमला कर दिया और मैने अपनी सूझ बूझ से गाड़ी भगा ली और अपनी और अपने बच्चों की जान बचा पाया कलीनगर के रहने वाले 10, 15 लोगो पर लूट का मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# कांग्रेस नेताओं ने बिजली पानी और खाद की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। उत्तर प्रदेश कंांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को जनपद अमेठी की समस्त तहसीलों में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कंाग्रेस नेताओं की अगुवाई में किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम एवं तहसीलदार को सौंपा। कंाग्रेस नेताओं ने बताया कि जनपद में किसानों को फसल की सिंचाई के लिये समुचित बिजली एवं यूरिया खाद की आपूर्ति जल्द सुनिश्चित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।कंाग्रेस के जिला उपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन आज किसान बिजली पानी और खाद के लिये परेशान नजर आ रहा है और इन किसानों की व्यथा सुनने का किसी के पास समय नही है।उन्होंने कहा कि कंाग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार से बिजली पानी और खाद की व्यवस्था किये जाने की मांग की है। कंाग्रेस नेताओं द्वारा तहसील अमेठी, तिलोई, गौरीगंज के साथ ही मुसाफ़िरखाना में एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है।इस मौके पर जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम कन्नौजिया, राजू ओझा, पवन मिश्रा, चंद्र मोहन तिवारी, काशी प्रसाद, अब्दुल रऊफ,अजहरुल हक,ठाकुर इशराक, वीरेंद्र मिश्रा, राजकिशोर सिंह,कल्लूराम पासी, राजबहादुर पासी, महेंद्र तिवारी, कामता प्रसाद मिश्रा, वकार अहमद, देवेन्द्र कुमार शुक्ला, इकबाल अहमद सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक सौ आठ ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की होगी स्थापना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और सूचना तक आसान पहुंच को सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने एक नई पहल की है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की योजना शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी की कुल छह सौ बयासी ग्राम पंचायतों में से प्रथम चरण में एक सौ आठ ग्राम पंचायत भवनों को डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित किया जायेगा। इन लाइब्रेरी में एक स्मार्ट टीवी, डेस्कटॉप कंप्यूटर, आवश्यक सॉफ़्टवेयर, उच्च गति इंटरनेट कनेक्शन, कुर्सी-मेज, रैक, अलमारी, बुकसेल्फ और अन्य जरूरी उपकरण स्थापित किए जाएंगे। खास बात यह है कि डिजिटल संसाधनों के साथ-साथ वहां भौतिक पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी, जिससे छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीण नागरिक भी इन केंद्रों का उपयोग सामान्य ज्ञान, कृषि तकनीक, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में कर सकेंगे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ी सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा प्रत्येक लाइब्रेरी का संचालन सुचारु रूप से हो इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि गांवों में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का प्रयास है, जहाँ शिक्षा और सूचना हर घर तक पहुंचेगी।

# बिजली कटौती व जन समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों का जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कंाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में किसान, बिजली कटौती व जन समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया व महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से सौंपा गया। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि धान की रोपाई का समय चल रहा है किसानों को खाद बिजली की परेशानी से जूझना पड़ रहा है लेकिन सरकार इस पर कोई कार्य नहीं कर रही है व इस सरकार में बिजली कटौती से त्राहि त्राहि कर रही है लेकिन जिले के जनप्रतिनिधि व प्रशासन चैन की नींद सो रहे हैं उनको जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। वरिष्ठ कंाग्रेस नेता सलाहुद्दीन हाशमी व पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि जिले का किसान बिजली खाद को लेकर और जिले की आम जनता बिजली कटौती से बहुत परेशान है लेकिन जिले का प्रशासन जन समस्याओं को लेकर बहुत ही संवेदनहीन है जो निंदनीय है जो सरकार बिजली पानी खाद की व्यवस्था नहीं कर सकती उसको सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी व सुब्रत सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में करेंट ग़ायब है योगी जी अब भी प्रदेश को मठ की तरह चलाना चाहते है। किसानो को बिजली, पानी और खाद समय से नहीं मिल पा रही। यह सरकार जन हित के मुद्दे पर पूरी तरह से फ़ेल है। इस मौके पर साफिया शाहबाज खान, रामकिशोर, मोहित तिवारी, हाजी फिरोज, बजरंग प्रसाद रावत, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मेराज अहमद, मानस तिवारी और मोहम्मद सिराज, हामिद राईनी, इमरान अहमद, प्रेम प्रकाश हिमांशु तिवारी, अमरेश पाठक, मोहसिन सलीम, जेपी तिवारी, कृष्ण चंद्र जायसवाल, शुभम रावत, श्याम लगन, समीर शेख समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# उदासीन संगत आश्रम मामले में पीड़ित व्यापारियों के साथ रहने का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के लखनऊ नाका म.न. 512 सैकड़ों वर्षों से स्थित उदासीन संगत आश्रम गुरुद्वारे/मंदिर के करोड़ों रूपए की संपत्ति का फर्जी बैनामे करके विक्रय किए जाने के प्रकरण में सोमवार को पीड़ित व्यापारियों से जो बतौर किराएदार निवास कर रहे है भाजपा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य भावना सिंह और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सुल्तानपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और हर परिस्थिति में साथ रहने का आश्वासन दिया।

सोमवार को भाजपा नेत्री भावना सिंह व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सुल्तानपुर का प्रतिनिधि मंडल देर शाम भाजपा महिला मोर्चा सुल्तानपुर की निवर्तमान जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन के निवास लखनऊ नाका पर पहुंचा था। भावना सिंह ने समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी व उनके संबंधियों संतोष चौधरी व पंचरास्ता स्थित यात्रा ट्रेवल्स के प्रोपराइटर लोकनाथ अग्रहरि पर मंदिर/गुरुद्वारे जैसी धार्मिक सम्पत्ति को फर्जी तरीके से विक्रय किए जाने तथा अपनी पत्नियों के नाम पर बैनामा करने के आरोप पर कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के पदाधिकारी को ऐसा कार्य करना उन्हें शोभा नहीं देता। श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रशासन से मेरी मांग है कि इस पर शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही हो और अगर आवश्यकता पड़ी तो उक्त प्रकरण को वो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष ले जाएंगी। वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारियों का हाल चाल लिए। पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि उनका परिवार दशकों से उदासीन संगत आश्रम के अंतर्गत निर्मित भवनों में किराएदार के रूप में रह रहे हैं, पूर्व में महंत बाबा प्रयागदास जी (जिनकी कुछ वर्ष पूर्व में मृत्यु हुई) तक के रहते हुए उन्हें कभी किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। वर्तमान में आश्रम के महंत बाबा शीतलदास है। व्यापारियों ने बताया कि अभी कुछ दिन से विपक्षियों के द्वारा उन्हें और उनके परिवारजनों को डराए धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि धर्मेंद्र कुमार उर्फ राजू चौधरी पर समाजवादी पार्टी संगठन को कठोर कार्यवाही करते हुए उन्हें संगठन से निष्कासित किया जाना चाहिए।

# बुजुर्गों पर संकट

निर्विवाद रूप से जलवायु परिवर्तन से उपजी चुनौतियों का सामना आज समाज का हर वर्ग कर रहा है। खासकर विकासशील व गरीब देशों की स्थितियां विकट हैं जहां पर्यावरणीय प्रदूषण व लचर स्वास्थ्य सेवाओं के चलते स्थिति गंभीर बनी हुई है। विशेष तौर पर इन दिनों जब अमेरिका-यूरोप समेत एशिया के तमाम देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर विभिन्न रोगों से जूझ रहे बुजुर्गों पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट करती है। चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में पिच्चासी फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, यूएनइपी की यह रिपोर्ट बुजुर्गों के समक्ष दरपेश गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती है। यह संकट लचर स्वास्थ्य सेवाओं व प्रदूषित वातावरण वाले गरीब व विकासशील मुल्कों में ज्यादा है। दरअसल, बुजुर्गों पर बढ़ते इस संकट की मूल वजह बड़ी उम्र में आंतरिक तापमान को नियंत्रण में करने की क्षमता घटना है। जिससे वे मौसम की तीव्रता को सहन नहीं कर पाते। फलतरू गर्मी व ठंड की तीव्रता को सहन करने में उनका शरीर सक्षम नहीं हो पाता। कुल मिलाकर उनकी कम होती रोग प्रतिरोधक क्षमता गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। वैसे भी मौसम के चरम का असर उन लोगों के लिये ज्यादा संवेदनशील होता है जो बढ़ती उम्र के रोगों से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे देशों को बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना चाहिए। दरअसल, पर्यावरण प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहा है। खासकर शहरों में स्थिति ज्यादा विकट है, जहां बुजुर्ग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रलोभन में आ बसते हैं। फलतः मरीजों के दबाव से स्वास्थ्य सेवाएं भी चरमराने लगती हैं। जिसकी कीमत बुजुर्गों को चुकानी पड़ती है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति की आय कम हो जाती है, फलतरू शारीरिक क्षमता में गिरावट के बाद बढ़ती उम्र के रोगों का इलाज करा पाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि उनके बच्चे उनका साथ नहीं देते तो उनके लिए संकट और गहरा जाता है। निस्संदेह, बुनियादी ढांचे को मजबूत करके स्वास्थ्य सेवाओं को सस्ती व सर्व सुलभ बनाने की भी जरूरत है। जिससे संवेदनशील वर्ग के संकट के समाधान में मदद मिल सके। ऐसे में बुजुर्गों की भागीदारी सामाजिक कार्यक्रमों व आय के साधन जुटाने में बढ़ाई जानी चाहिए। जिससे शारीरिक गतिशीलता से उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। दरअसल,बढ़ती उम्र व बीमारियां उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करती हैं। निस्संदेह, यदि वैश्विक तापमान में और वृद्धि होती है, तो बुजुर्गों के लिये ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के घातक परिणाम हो सकते हैं। यूएनइपी की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक तापमान में यदि औद्योगिक समय के बाद से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो वर्ष 2050 के बाद बुजुर्गों की मौत के प्रतिशत में तीन सौ फीसदी से अधिक की वृद्धि हो सकती है। इस आसन्न संकट से योजनाबद्ध प्रयासों से ही निबटा जा सकता है।

**विशेष तौर पर इन दिनों जब अमेरिका-यूरोप समेत एशिया के तमाम देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर विभिन्न रोगों से जूझ रहे बुजुर्गों पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनइपी की ताजा रिपोर्ट करती है। चौंकाने वाली रिपोर्ट बताती है कि बीती सदी में नब्बे के दशक के बाद से लेकर अब तक भीषण गर्मी से बुजुर्गों की मौत में पिच्चासी फीसदी की वृद्धि हुई है।**

# बड़ी जीत है द रेजिस्टेंट फ्रंट का आतंकी संगठन घोषित होना

**टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा। उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफ़ान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता। अमेरिका द्वारा टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना भारत की एक बड़ी राजनयिक एवं कूटनीतिक सफलता है।**

पहलगाम में जब आतंकी हमले में निर्दोषों का रक्त बहा, आहें एवं चीखें गूंजी, जिसने न केवल देश एवं दुनिया को झकझोर दिया था, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि आतंकवाद की जड़ें अब भी जीवित हैं और उन्हें राजनीतिक, वैचारिक और सीमा-पार समर्थन प्राप्त है। लेकिन इस बार एक बड़ा परिवर्तनकारी एवं प्रासंगिक कदम अमेरिका की ओर से सामने आया है, जिसने इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की मुखौटा इकाई द रेजिस्टेंट फ्रंट (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित कर दिया, इस तरह टीआरएफ की पहचान और आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का नया अध्याय लिखा गया है। यह कदम केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं, बल्कि आतंक के विरुद्ध वैश्विक मंच पर एक रणनीतिक संदेश है कि अब छद्म युद्ध और पनपते आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही का युग आ गया है। अमेरिका का यह कदम भारत के लिए एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विदेश मंत्री एस जयशंकर के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयास इस बात के द्योतक है कि आतंकवाद से निपटने के मोर्चे पर भारत सफल हो रहा है। अमेरिका के इस फैसले ने न सिर्फ टीआरएफ के आतंकी चेहरे से बेपर्दा किया है, बल्कि पाकिस्तान की उन नापाक हरकतों को भी बेनकाब कर दिया, जिन्हें वह खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर छिपाता आ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे भारत-अमेरिका के बीच मजबूत आतंकवाद-रोधी सहयोग का प्रमाण बताया है और आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग की जरूरत पर बल दिया है। टीआरएफ दिखने में एक स्थानीय कश्मीरी संगठन होने का भ्रम देता है, लेकिन असल में यह लश्कर-ए-तैयबा और उसके सरगना हाफिज सईद की पुरानी साजिश का नया चेहरा है। पाकिस्तान-समर्थित आतंकी संगठनों को नया नाम एवं नये रूप में प्रस्तुत करना पाक की एक साजिश एवं सोची-समझी रणनीति है, ताकि दुनिया के सामने वह अपने दामन को पाक-साफ दिखा सके। एक और विडम्बनापूर्ण स्थिति यह है कि पाक ने इसे इस तरह पेश किया जैसे यह कश्मीर का स्थानीय संगठन हो। यह जगजाहिर है कि कई बड़े आतंकी संगठन पाकिस्तान की धरती से संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन प्रमुख हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी कई बार ये सवाल उठे और पाक को आतंक पोषित स्वीकार्य किया जाने लगा। उसका नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान ने रणनीति बदली और आतंकी संगठनों के नाम भी बदलने शुरू कर दिए। टीआरएफ इसका एक उदाहरण है। इसका गठन 2019 के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हुआ और इसका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को 'स्वदेशी विद्रोह' की आड़ में अंजाम देना है। पहलगाम हमला भारत के उस प्रयास को चुनौती देता है जो वह 'पर्यटन और विकास के माध्यम से कश्मीर को मुख्यधारा में लाने' के लिए कर रहा है। जब भी कश्मीर में शांति की बहार आती है, ऐसे आतंकी संगठन हिंसा का तूफ़ान लेकर आते हैं। टीआरएफ ने सोशल मीडिया, इंटरनेट और कूटनीतिक शब्दजाल का इस्तेमाल करके अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को 'कश्मीरी प्रतिरोध आंदोलन' के रूप में पेश करने की कोशिश की, जबकि उसके तार रावलपिंडी और आईएसआई के आतंकवाद समर्थन तंत्र से सीधे जुड़े हैं। मगर, अमेरिका की ओर से इसे वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना इस बात का सबूत है कि आतंकियों को हथियार की तरह इस्तेमाल करने के इरादों को किसी छद्म नाम की आड़ में छिपाया नहीं जा सकता। अमेरिका द्वारा टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया जाना भारत की एक बड़ी राजनयिक एवं कूटनीतिक सफलता है। यह दिखाता है कि भारत की तीक्ष्ण एवं ताकतवर विदेश नीति अब केवल घटनाओं की निंदा तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय दबाव निर्माण की रणनीति पर आधारित है। जो संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रस्तावों को भी बल देती है। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध वर्षों से चेतावनी देते हुए दुनिया को आतंकमुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक स्तर पर विभिन्न देशों को आतंक के खिलाफ एकजुट करने के प्रयास तेज किये हैं। ऐसे में अमेरिका पर भी यह साबित करने का दबाव बना है कि वह आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मापदंड न अपनाये। क्योंकि अमेरिका का दोगलापन चर्चा में रहा है, एक तरफ अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने का दावा करता है, तो दूसरी ओर पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और विश्व बैंक से बड़ी धनराशि कर्ज के रूप में दी जाती है। एक तरफ राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस मुद्दे पर भारत के साथ खड़े होने की बात करते हैं, दूसरी तरफ आतंकवाद की नर्सरी चलाने वाले पाकिस्तान को लेकर अपने नरम रुख का इजहार भी करते रहते हैं। आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का ढुलमुल रवैया भी हैरान करने वाला है। सवाल यह है कि जब अमेरिका यह मानता है कि पाकिस्तान आतंकियों को पाल-पोस रहा है, तो वह वैश्विक संस्थाओं से उसे वित्तीय मदद रोकने की वकालत क्यों नहीं करता है? ऑपरेशन सिंदूर में पाक को करारी मात देने के बाद भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में वातावरण बनाने के लिये तत्पर हुआ। आतंक के खिलाफ इस लड़ाई को मजबूती देने के लिये ही भारत ने अमरीका समेत 32 देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजे थे। इन देशों को पुख्ता सबूतों के साथ बताया गया कि टीआरएफ पाकिस्तान प्रायोजित लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। संभवतः भारत के यही प्रयास इस संगठन के खिलाफ अमरीका के सख्त फैसले का आधार बनी। अमरीका ने इससे पहले 2001 में भारतीय संसद पर हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद को आतंकी संगठन घोषित किया था। पाकिस्तान इन दोनों संगठनों की तरह टीआरएफ को भी भारत के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करता रहा है। निश्चित ही अमेरिका की यह ताजा कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन भारत को अब केवल प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कमर कसते हुए प्रक्रिया दिखानी चाहिए। उसे सीमा पार सर्जिकल/ड्रोन स्ट्राइक की नीति को और मजबूत करना चाहिए। आतंकी समर्थकों की फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों की मांग करनी चाहिए। घरेलू स्तर पर खुफिया तंत्र और साइबर निगरानी को और सक्रिय एवं आधुनिक बनाना चाहिए। वैश्विक मंचों पर एफएटीएफ, यूएन, और जी 20 जैसे संगठनों में पाकिस्तान की आतंक-समर्थक भूमिका को बार-बार उजागर करना चाहिए। आज आवश्यकता है कि दुनिया के सभी लोकतांत्रिक और शांति-प्रिय राष्ट्र एक मंच पर एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस पॉलिसी अपनाएं। किसी भी राष्ट्र को- चाहे वह प्रत्यक्ष हो या परोक्ष, आतंकियों की शरणस्थली बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना पहला कदम है, अब इसकी जड़ों को नष्ट करना ही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के नापाक गठजोड़ पर जब तक सभी देश एकमत नहीं होंगे, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंचेगी। सवाल यह भी है कि जब पाकिस्तान आतंकी संगठनों का खुलेआम समर्थन करता रहता है तो उसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने से परहेज क्यों किया जा रहा है? विशेषज्ञों का कहना है कि अमरीका के ताजा कदम के बाद एफएटीएफ और दूसरी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां टीआरएफ की फंडिंग की जांच करेंगी। पहलगाम का हमला एक बार फिर हमें चेतावनी देता है कि आतंकवाद केवल सुरक्षा का संकट नहीं, बल्कि सभ्यता, शांति और मानवता का अपमान है। हमें अब शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प और कार्यवाही की ओर बढ़ना होगा। भारत को अब केवल प्रतिकार नहीं, बल्कि निर्णायक प्रहार की नीति अपनानी चाहिए ताकि अगली पीढ़ी एक ऐसे भारत में सांस ले सके जहां 'कश्मीर' केवल खूबसूरती का पर्याय हो, आतंक का नहीं। भारत को वैश्विक मंचों पर टीआरएफ को बेनकाब करने की मुहिम जारी रखनी चाहिए, ताकि इस संगठन को फिर फन उठाने का मौका न मिले। **–ललित गर्ग**

# ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत-चीन के बीच बढ़ेगी दरार

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद साम्राज्यवादी ड्रैगन (चीन) ने ब्रह्मपुत्र नदी पर विश्व का सबसे बड़ा बांध बनाने का काम शुरू कर दिया है। तिब्बत के मेडोग जिले में बांध निर्माण की चीन की यह कुटिल चाल भारत पर कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए सोची समझी रणनीति है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ना तय है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने दावा है कि इसके निर्माण से हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। लेकिन इस बांध निर्माण के पीछे चीन के क्या निहितार्थ हैं? इससे भारत का क्या नुकसान हो सकता है और चीन किस तरीके से इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हथियार की तरह कर सकता है? अगर इसके चलते भारत की समस्या बढ़ती है तो इसका क्या समाधान हो सकता? ऐसे तमाम पहलुओं और प्रश्नों का विश्लेषण चौंकाने वाला है। चीन के ब्रह्मपुत्र नदी में बांध बनाने के निर्णय से भारत और चीन के बीच लंबे समय से चले आ रहे भौगोलिक, रणनीतिक और जल संसाधनों को लेकर विवाद अब एक नई दिशा में बढ़ गया है। यह भारत के लिए एक रणनीतिक, पर्यावरणीय और जल-सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ब्रह्मपुत्र नदी एशिया की प्रमुख नदियों में से एक है, जो तिब्बत से निकलकर भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम होते हुए बांग्लादेश तक जाती है। यह नदी भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जीवनदायिनी है। भारत में ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई लगभग 916 किलोमीटर है। फिलहाल कुल जल प्रवाह का 30 प्रतिशत हिस्सा भारत को प्राप्त होता है। असम राज्य की 60 प्रतिशत कृषि भूमि ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है। मानसून के दौरान इस नदी के कारण असम में भारी बाढ़ की समस्या सामने आ जाती है। इस परियोजना का स्थान तिब्बत का मेडोग जिला है, जो भारत की सीमा से सटा हुआ है। बताया जाता है कि इस परियोजना की संभावित उत्पादन क्षमता 60 गीगावॉट है। यह विश्व की अब तक की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इसकी अनुमानित लागत 50 अरब डॉलर है। यह वर्ष 2035 तक बनकर तैयार होगा। भारत की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अगर यह परियोजना चालू हो जाती है तो भारत के असम और अरुणाचल प्रदेश में जल प्रवाह कम हो सकता है। इसका सीधा असर इन राज्यों में होने वाली खेती, मछली पालन और पेय जल पर पड़ेगा। भारत की चिंता का दूसरा प्रमुख कारण है कि चूंकि चीन की भौगोलिक सीमा भारत से जुड़ी हुई है, इसलिए वह इसका इस्तेमाल कभी भी भारत के खिलाफ रणनीतिक हथियार की तरह कर सकता है। अगर वह भारत पर दबाव बनाना चाहता है तो वह भारत को बिना सूचना दिए डैम से जल छोड़ देगा तो भारत के पूर्वोत्तर में भारी बाढ़ आ सकती है। जनसंख्या विस्थापन और जीवन स्तर पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि चीन, ब्रह्मपुत्र पर बनने वाले बांध और जल प्रवाह पर पारदर्शिता नहीं रखेगा। ऐसे में भारत के पास कोई पूर्व सूचना तंत्र नहीं है जिससे इस संबंध में उसको अधिक जानकारी मिल सके। ब्रह्मपुत्र का जल स्तर कम होने से नदी पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा असम और अरुणाचल में कृषि, मत्स्य पालन और बाढ़ प्रबंधन पर भारत को अधिक धन व्यय करना पड़ेगा। ध्यातव्य है भारत और चीन के रिश्ते पहले से ही काफी तनावपूर्ण हैं। वर्ष 2020 में गलवान घाटी की झड़प के बाद दोनों देशों में विश्वास की कमी बनी हुई है। ब्रह्मपुत्र बांध का मुद्दा इस तनाव को और अधिक बढ़ा सकता है। हालांकि भारत ने इस विषय को कई बार द्विपक्षीय वार्ताओं में उठाया है, लेकिन चीन की एकतरफा कार्रवाई भारत के लिए अपमानजनक है। ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में आखिर भारत के समक्ष विकल्प क्या है? क्या भारत को चीन की इस कार्यवाही को चुपचाप देखते रहना चाहिए? ऐसा बिलकुल नहीं है कि भारत कुछ नहीं कर रहा। लेकिन चीन के इस रणनीतिक हथियार के खिलाफ अधिक आक्रामक नीति बनानी चाहिए। चीन को एक्सपोज करने के लिए भारत को चीन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अधिक कूटनीतिक दबाव बनाना होगा। भारत को इसके लिए संयुक्त राष्ट्र, जी20, और एशियान जैसे मंचों का प्रयोग चीन की गैर-पारदर्शिता को उजागर करने के लिए करना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# मुंह के स्वास्थ्य से लेकर पाचन क्रिया में बहुत फायदेमंद है पान का पत्ता

हमारे देश में पान खाना बहुत ही सामान्य बात है। हमारे पूर्वज अक्सर खाना खाने के बाद पान खाया करते थे। लेकिन अफसोस की बात है कि आज कल शहर में रहने वाले लोग न केवल इसके उपयोग से अनजान हैं, बल्कि ऐसा मानते हैं कि इसके सेवन से मुंह के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। भारत में पान और सुपारी का उपयोग धार्मिक अनुष्ठानों और प्रार्थनाओं में भी किया जाता है क्योंकि इसे शुभ माना जाता है। पान के पत्तियां विटामिन सी, थायमिन, नियासिन, राइबोफ्लेविन और कैरोटीन जैसे विटामिन से भरपूर होते हैं और इसे कैल्शियम का एक बड़ा स्त्रोत भी माना जाता हैं। हालांकि ये जरूर है कि पान खाकर इधर-उधर थूकना एक बेहद बुरी आदत है और पान खाने वालों को हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पान खाने के बाद कूड़ेदान का ही इस्तेमाल करें न कि किसी दीवार या खुले जगह की। ऐसा करने से वातावरण में गंदगी फैलती है जो हमारे स्वस्थ के लिए ठीक नही है। पान खाने वालों की संख्या तो बहुत है लेकिन कुछ ही लोगों को पता होता है कि इसे खाने के कुछ फायदे भी हैं। पान के पत्ते में कई ऐसे तत्व होते हैं जो बैक्टीरिया के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं। जिन लोगों के मुंह से दुर्गंध आ रही हो उनके लिए पान का सेवन काफी फायदेमंद होता है। इसमें इस्तेमाल होने वाले मसाले जैसे लौंग, कत्था और इलायची भी मुंह को फ्रेश रखने में मददगार होते हैं। पान खाने वालों के लार में एस्कॉर्बिक एसिड का स्तर भी सामान्य बना रहता है, जिससे मुंह संबंधी कई बीमारियां होने का खतरा भी कम हो जाता है। पान खाना पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होता है। ये सैलिवरी ग्लैंड को सक्रिय करके लार बनाने का काम करता है जो कि खाने को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ने का काम करता है। कब्ज की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए भी पान की पत्ती चबाना काफी फायदेमंद है। गैस्ट्रिक और अल्सर जैसी समस्याओं के निवारण के लिए भी पान खाना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# चीटियां बताती हैं भविष्य की ये खास बात, समझें उनके इशारे

एक वर्ष में तीन मौसम बताए गए हैं सर्दी, गर्मी और बरसात। अभी गर्मी का मौसम समाप्त होने वाला है और बारिश का शुरू। बारिश को लेकर हमेशा से ही कई प्रकार की भविष्यवाणियां की जाती रही हैं। ज्योतिष के अनुसार तो बारिश की सटीक भविष्यवाणी की जा सकती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि चीटियां भी बारिश की भविष्यवाणी करती हैं और बारिश की पूर्व सूचना दे देती हैं। जी हां, यह बात सत्य है कि बारिश से पूर्व चीटियां इशारा कर देती हैं। अक्सर काफी लोगों ने देखा होगा कि बारिश के पूर्व चीटियों के झुंड पेड़ पर चढ़ते-उतरते दिखाई देते हैं। ध्यान से देखने पर मालुम होता है कि चीटियां सफेद रंग के छोटे-छोटे अंडे पेड़ पर ऊपर की ओर ले जा रही होती हैं। यदि ऐसा दृश्य कभी भी दिखाई देता है तो समझ लेना चाहिए कि बारिश होने वाली है। बारिश के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का यह काफी पुराना तरीका है। आज भी कई स्थानों पर इस तरीके का उपयोग बारिश की जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा यदि अत्यधिक वर्षा या सामान्य वर्षा के समय चीटियां अपने अंडे पानी में डाल दे तो यह संकेत है बारिश रुकने का। जब चीटियां अपने अंडे पानी में डालने लगे तो समझ लेना चाहिए कि बारिश शीघ्र ही थम जाएगी। चींटियों को बहुत ध्यान से देखने पर ही ये बात मालुम हो सकती है।

## पर्यटन



# आलीशान महलों के बीच चमचमाती रात खूबसूरत दिखता है उदयपुर का नजारा

झिलमिल सितारों का आंगन होगा' आपने ये फिल्मी गाना तो जरूर सुना होगा लेकिन अगर आप इस गाने के शब्दों को हकीकत में बदलते हुए देखना चाहते हैं, तो आप राजस्थान के शहर उदयपुर में रात के समय ऐसा नजारा देख सकते हैं। आलीशान महलों के बीच चमचमाती रात देखकर आपकी ट्रिप और भी मजेदार बन जाएगी। सिटी पैलैसः सिटी पैलैस को उदयपुर की शान कहा जाता है। इस महल का निर्माण शहर के संस्थापक महाराणा उदय सिंह-द्वितीय ने करवाया था। ये राजस्थान का सबसे बड़ा महल है। ये महल इतना बड़ा है कि इसके अंदर 11 छोटे महल बने हुए हैं। 1559 में सफ़ेद संगमरमर के पत्थरों से बना ये प्राचीन महल आज भी अपनी ख़ूबसूरती के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। विंटेज म्यूजियमः सिटी पैलेस से करीब 2 किमी की दूरी पर स्थित है एक संग्रहालय जो विंटेज और पुरानी कारों के लिए जाना जाता है। पर्यटकों के देखने के? लिए यहां कई साल पुरानी विंटेज कारें रखी हुई हैं। लेकिन इन सभी कारों में 1934 की रॉल्स रॉयल फैंटम कार बेहद पसंद आएगी। पिछोला लेकः पिछोला लेक उदयपुर शहर के आकर्षण का प्रमख केंद्र है। शहर के बीचों बीच स्थित इस लेक के ऊपर लेक पैलेस, जग मंदिर, मोहन मंदिर और अरसी विलास बने हुए हैं। ये उदयपुर की सबसे पुरानी और बड़ी लेक है। फ़तेह सागर लेकः फ़तेह सागर लेक एक सुंदर कृत्रिम झील है जिसे महाराणा फ़तेह सिंह द्वारा वर्ष 1678 में विकसित किया था। ये उदयपुर के चार प्रमुख़ झीलों में से एक है। इसे शहर का गौरव माना जाता है। सुंदर नीले पानी और हरे भरे परिवेश की वजह से इसे 'दूसरा कश्मीर' भी कहा जाता है। इस झील के बीच में तीन छोटे टापू भी बने हैं। मानसून पैलेसः एक समय में ये जगह राज परिवार के लिए मानसून के समय ठहरने की जगह हुआ करती थी। सफ़ेद चमकदार मार्बल से बने इस पैलेस का आर्किटेक्चर बेहद शानदार है। इस महल की खिड़की से ठीक नीचे देखने पर पिछोला झील का शानदार नज़ारा दिखाई देता है।

# भिलवल कांड : 19 साल पुराने दंगे में 15 दोषी करार, 7-7 साल की सजा, जुर्माना

## पूर्व विधायक सुंदर लाल दीक्षित समेत दर्जन भर से अधिक लोग बरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। करीब 19 वर्ष पुराने एक विवादास्पद दंगे और राष्ट्रीय राजमार्ग बाधा एवं आगजनी के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश अशद अहमद हासमी ने सोमवार को 15 आरोपियों को 7-7 वर्ष की कठोर कारावास एवं 22,700 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं, साक्ष्य के अभाव में 16 अन्य आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया गया। यह मामला 19 अगस्त 2006 का है, जब मामूली रास्ते के विवाद ने भयावह रूप ले लिया था। विवाद उस समय बढ़ा जब तहसीलदार की टीम ने रास्ता हटाने की कार्रवाई की। इस पर विरोध कर रहे कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिनमें अंबर शरण जायसवाल प्रमुख थे। गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस टीम आरोपी को लेकर लौट रही थी, तभी भेलवल कस्बे में राजमार्ग पर भारी भीड़ ने घेराव कर उसे छुड़ा लिया। भीड़ में तत्कालीन पूर्व विधायक हैदरगढ़ स्व. सुंदरलाल दीक्षित, प्रहलाद शरण जायसवाल, प्रधानाचार्य गुरुदीन मौर्य, नगर अध्यक्ष नन्कू साहू समेत तीन-चार सौ लोग एवं स्कूली छात्र शामिल थे। भीड़ ने लाठी-डंडों और हथियारों से लैस होकर राष्ट्रीय राजमार्ग को बल्ली-बांस लगाकर जाम कर दिया। इसी बीच, उसी रास्ते से इलाहाबाद हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस का काफिला गुजर रहा था। जैसे ही वाहन भेलवल पहुंचा, भीड़ ने उन पर भी हमला बोल दिया। चीफ जस्टिस की कार पर पथराव हुआ और काफिले की एक गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने हालात को संभालने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने एसडीएम हैदरगढ़, सीओ और तहसीलदार समेत प्रशासनिक अमले पर हमला कर दिया, जिसमें 11 लोग घायल हुए। थाने की सरकारी जीप को आग के हवाले कर दिया गया, और अन्य वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने 34 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई कई वर्षों तक चली और गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने निम्नलिखित 15 अभियुक्तों को दोषी ठहराया –

**दोषी ठहराए गए**: अंबर शरण, पुष्कर जायसवाल, प्रहलाद शरण जायसवाल, रामपाल मल्लाह, सत्यनाम, बेचालाल, मनोज कुमार, उमाशंकर, राजेश कुमार यादव, विभोर जायसवाल, विश्वनाथ यादव, सोहन लाल, रामनारायण पासी, देशराज यादव व सुभाष यादव।

**दोषमुक्त हुए**: गुरुदीन मौर्य, महेश, रमेश, प्रमोद कुमार, वीरेंद्र, राजबहादुर, अशरफ अली, रमेश मल्लाह, शफील, राजेंद्र कुमार, आनंद कुमार, नन्कू साहू, हरिशरण, गोलू पासी और चंद्रशेखर को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामले में पूर्व विधायक सुंदरलाल दीक्षित व शंकर की मृत्यु हो चुकी है जबकि एक आरोपी अवधेश प्रताप शर्मा की पत्रावली अलग कर दी गई थी।

**राजनीतिक हलचल भी जुड़ी रही** : सूत्रों के मुताबिक इस हाई-प्रोफाइल मामले में मुकदमा वापस लेने का भी प्रयास किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः न्यायालय ने वर्षों पुराने इस संवेदनशील प्रकरण में अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया।

# पैरा वेटनरी वर्कर्स संघ ने पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। पैरा वेटनरी वर्कर्स संघ जनपद बाराबंकी ने मंगलवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बाराबंकी को ज्ञापन देकर नियमित मानदेय और बीमा करवाने की मांग की है ।अपनी मांगों को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष स्वामी दयाल के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से मिला और उन्हें ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की ।संघ के महामंत्री नरेंद्र कुमार ने बताया कि सरकारी निर्देश पर पैराबेट / पशुमित्र कृत्रिम गर्भाधान टीकाकरण और टैगिंग का काम करते हैं लेकिन न तो नियमित मानदेय मिल रहा है और न ही बीमा की सुविधा मिली है ।संघ ने नियमित मानदेय और 50 लाख का बीमा समेत कई सुविधाओं की मांग की है । इस मौके पर जिला अध्यक्ष स्वामी दयाल जिला उपाध्यक्ष सुशील वर्मा महामंत्री नरेंद्र वर्मा संगठन मंत्री रामदत्त मीडिया प्रभारी सुनील कुमार प्रचार मंत्री वेदप्रकाश तिवारी सहित करीब दो दर्जन वेटनरी वर्कर्स मौजूद रहे।

# महादेवा पहुंचा योगी का हेलीकॉप्टर शशांक, विजय ने बरसाया फूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी।श्रावण मास के कृष्ण भौम प्रदोष के शुभ मंगल अवसर पर भूतभावन भगवान लोधेश्वर महादेव की नगरी महादेवा में गोरक्ष पीठाधीश्वर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर भौमवार को शिवभक्तों पर फूल बरसाए गए।मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय उड़नखटोला में सवार हो आकाश मार्ग से महादेव तीर्थ पहुंचे और श्रद्धालुओं सहित पूरे मंदिर अंचल पर पुष्पवर्षा की।श्रीलोधेश्वर महादेव जी के मठ पर हुई पुष्प वर्षा से पुजारी वीरेंद्र अवस्थी सहित अन्य सेवादार तथा मेला में मौजूद श्रृद्धालु व क्षेत्रवासियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में प्रशासन का यह प्रयास श्रद्धालुओं की सेवा और उनके सम्मान को समर्पित है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुखद यात्रा के लिए पुलिस बल पूरी तरह सजग है। हमारी कोशिश है कि हर शिव भक्त बिना किसी अवरोध के दर्शन लाभ प्राप्त कर सके।

मुख्य पुजारी ने जताया खुशी, ग्रामीण खफा : लोधेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र अवस्थी ने बताया कि आज सुबह से ही श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही। शिवलिंग पर जलाभिषेक हेतु लोग कतारबद्ध होकर आ रहे हैं।सरयू तराई से तमाम ग्रामीण यह सुनकर महादेवा आए थे कि योगी जी आ रहे हैं। उनको निराश होकर लौटना पड़ा। एक स्थानीय निवृत्तमान नेता के रवैया से लोग नाराज नजर आ रहे थे। कहना था कि यह नेता कुछ सामाजिक तत्वों को लेकर आगे आगे फिरता है।जैसे सारी व्यवस्था का वही कर्णधार है। जनसाधारण अकारण धक्का मुक्की से नाराज दिखे।परिसर से भाजपा नेता के लग्गू भग्गू यह भी कहते सुने गए की अगर यही हेलीकॉप्टर कल सोमवार को आया होता तो कितना बढ़िया बात होती।



### जानलेवा साबित हो रही रफ्तार, निगरानी करता खामोश

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की सुबह लखनऊ से कैसरगंज बहराइच 45 यात्री लेकर जा रही डबल टेकर बस नम्बर यूपी 40 एटी 3735 के चालक ने मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम नयागाँव के निकट आगे आगे जा रही डीसीएम नम्बर एम पी 04 जी बी 5701 को ओवरटेक कर ऐसी टक्कर मारी की डीसीएम के प्रखच्चे उड़ गये। टक्कर के बाद असुंतलित बस गहरी खाई मे पलटते पलटते बची। गनीमत रही दोनो वाहनों के यात्री सुरक्षित रहे। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने डबल टेकर बस मे सवार सभी यात्रियों को दूसरे वाहन मे बिठा कर दोनो वाहनो को सीज़ कर दिया है। नेशनल हाइवे पर बेधड़क यात्रियों की जान का खतरा बन कर चलने वाली डबल टेकर बसे अक्सर बस चालकों की लापरवाही के कारण दुर्घटनाओ का सबब बनती है जरा सी लापरवाही से बसे असुंतलित होकर यात्रियों के लिए काल बन जाती है। इसी क्रम मे ग्राम नेवला करसंडा स्थित मजार के निकट एक अज्ञात डंफर ने बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही डिजायर गाडी नम्बर यूपी 32 पी आर 0095 को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे डिजायर मे बैठे लोग आंशिक रूप से घायल हो गये।

### लोनिवि में भ्रष्टाचार, चहेते को लाभ के लिए नियमों की अनदेखी, उच्चस्तरीय जांच की मांग

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार कि उच्स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इटौंजा- कुर्सी- देवा- चिनहट मार्ग के 4 लेन में परिवर्तन के संबंध में प्राप्त अभिलेखों के अनुसार इस मार्ग पर 23 तथा 45 किलोमीटर पर पड़ने वाले दो पुलों का काम पहले पीडब्ल्यूडी को आवंटित किया गया। इस संबंध में राज्य सेतु निगम के एमडी की उत्तर प्रदेश में 60 मीटर से लंबे पुल सेतु निगम द्वारा बनाए जाने के नियम संबंधी अपत्ति पर इसे नियमानुसार सेतु निगम को दे दिया गया। लेकिन कुछ ही दिनों बाद शासन ने एक बार फिर पलटी मारते हुए यह काम पीडब्ल्यूडी को दे दिया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य एक विशेष ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है, जिसमें पुल की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले इस काम हेतु 210 करोड़ का टेंडर निकाला गया और बाद में उसी काम के टेंडर को 301 करोड रुपए का बताया गया, जो स्पष्टतया आपत्तिजनक दिखता है ।इसके अलावा अमिताभ ठाकुर ने बलिया और गोरखपुर जिले के कुल 980 करोड़ रुपए के 6 ऐसे टेंडर के मामले प्रेषित किए, जिनमें बलिया के एक फर्म सी एस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को ही बार-बार टेंडर मिले। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि अभिलेखों से इन मामलों में एक कार्टेल के बनने की स्पष्ट स्थिति दिखती है. साथ ही इन छहों मामलों में ओवर प्राइसिंग तथा मौके पर निम्नस्तरीय काम के भी आरोप हैं ।उन्होंने मुख्यमंत्री एवं पीडब्लूडी मंत्री योगी आदित्यनाथ से इन सभी आरोपों की उच्चस्तरीय जांच व कार्यवाही की मांग की है।

### पाइप लाइन फटने से शहर के कई मोहल्लों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर मे सिटी इण्टर कालेज के पास कल्याणेश्वर महादेव शनि मंन्दिर के सुबह पाइपलाइन फट जाने से पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई। शहर के मोहल्ला पीरवटावन,सरावगी आदि में पेयजल का संकट गहराया । क्रांतिकारी पहचान बरिसल अधिवक्ता रितेश मिश्रा ने जब पालिका प्रशासन से बातचीत की और जानकारी दी तब तक उन्हें पाइपलाइन फटने की खबर तक नहीं लगी थी। अर्थात पाइपलाइन फटने की जानकारी नही हो पाई है ।और आज भी पानी की फटी पाइपलाइन की ढुढ़ाई व खोदाई कर रहे है। मौके पर नगर पालिका का कोई जिम्मेदार अधिकारी नही पहुंचा है और न ही नगर पालिका द्वारा सामायिक कोई भी पानी की व्यवस्था टैंकर आदि नगर वासियों के लिए की गई है। अधिवक्ता श्री मिश्र द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर तत्काल समस्या निराकारण की मांग की है। श्री मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी में विषय का तत्काल संज्ञान लेते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय ट्रस्टी रितेश कुमार मिश्र आन्दोलनकारी अधिवक्ता के साथ संजय गांधी, दिवाकर सिंह, पुरुषोत्तम मिश्रा,रितेश कुमार, श्रीकांत, मो आशिफ,शुभम शर्मा, शैलेन्द्र कुमार, फरहत फातिमा,सुमन देवी, रानी कश्यप, खुशी, अभिरूप मौर्या, आकाश राय,शाकिब आदि लोग उपस्थिति रहे।

# बालाजी बचपन रक्तदान शिविर, नौ महादानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बालाजी ग्रुप आफ स्कूल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में कुल 9 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया । संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर ने बताया कि बालाजी का बचपन स्कूल के कक्षा नर्सरी की छात्रा ईवाना पटेल के अभिभावक श्री हिमांशु वर्मा व कक्षा नर्सरी का छात्र अनघ गुप्ता और कक्षा पांचवी की छात्रा आन्या गुप्ता के अभिभावक श्री जय कुमार गुप्ता व समाजसेवी मोहदम्मद नजरूल हसन, राकेश कुमार, हसन यूसुफ, अयान, अदनान अली, अमन, शशांक जी ने रक्तदान कर महादान बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

# कामरेड राम दुलारे को भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि देश में गरीबों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, 5000 प्राथमिक विद्यालय बंद किए जा रहे हैं जिससे नौनिहाल शिक्षित न हो सकें। श्री वर्मा का. स्वर्गीय रामदुलारे यादव की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि प्रदेश में क़ानून का राज समाप्त हो गया है, खुले आम काँवाड़िये उपद्रव कर रहे हैं और शासन प्रशासन फूल बरसा रहा है, पार्टी के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा ने कहा देश में भ्रष्टाचार चरम पर है,सत्ता के करीबी भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाही नही होती, किसान सभा अध्यक्ष-विनय कुमार सिंह ने कहा कि किसानों को खाद उपलब्ध नही हो पा रही, एक बोरी खाद के साथ नैनो यूरिया जबरन बेंची जा रही है। पार्टी नेता मुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि कामरेड रामदुलारे जीवन भर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य रहे। सम सामयिक मुद्दों पर गीत भी गाकर लोगों को जागरूक करते थे, नेत्र हीन होने के बाद भी पार्टी में सक्रिय थे, श्रद्धांजलि सभा में जितेंद्र श्रीवास्तव जित्तू भैया ने कविता के द्वारा श्रद्धांजली दी, सभा में, दीपक शर्मा, संदीप तिवारी, ज्ञानेश्वर वर्मा, योगेंद्र सिंह, ओमप्रकाश वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर उनकी पत्नी व पुत्री पार्टी कार्यालय पर मौजूद रहे। *सभी लोगों ने स्वर्गीय रामदुलारे यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया।

# भूजल सप्ताह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन जागरण : स्वतंत्रदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मंगलवार को कहा कि भूजल सप्ताह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन जागरण है, हमारी धरती की प्यास बुझाने का संकल्प है।

उन्होने कहा इस अभियान को सिर्फ एक सप्ताह की जागरूकता तक सीमित मत रखिए, इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाइए। जिस दिन आपका घर, आपकी कॉलोनी, आपका शहर-सब मिलकर जल बचाना शुरू करेंगे, उसी दिन एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित भारत का निर्माण शुरू हो जाएगा। भूजल सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे जल शक्ति मंत्री ने जल की प्रत्येक बूँद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि जल हमारे ग्रह का जीवन रक्त है, जो जीवन को बनाए रखता है। प्रदेश की तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में जल की भूमिका बहुआयामी है तथा इसकी उपलब्धता विभिन्न क्षेत्रों को अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करती है। इसलिए आज यह आवश्यक हो गया है कि हम जल संरक्षण एवं संवर्धन को त्वरित गति प्रदान करें एवं इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### श्रम बन्धु एवं उद्योग बंधु समिति की बैठक

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जाए निदान : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तीव्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में दुकानदारों को शिफ्ट किए जाने संबंधी प्रकरण पर समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण सीसीटीवी कैमरे, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यीकरण संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण पर चर्चा की गई। ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री अरुण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

### अज्ञात शव बरामद

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर लहड़रा मार्ग के पास एक अज्ञात मानसिक विक्षिप्त का शव बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक मृतक मानसिक विक्षिप्त था ।मृतक के दोनों हाथों पर जय मां बाराही और के टैटू बने हैं ।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।वहां शव 72 घंटे सुरक्षित रखा जाएगा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त रखने में करें सहयोग : जिलाधिकारी

## छाया चौराहे के पास पंजाब नेशनल बैंक एटीएम वाली गली से अवैध अतिक्रमण हटवाने के दिये निर्देश, शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में करें सहयोग, लेबर अड्डे को व्यवस्थित करने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में लागू एकल दिशा वन वे मार्गों की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नगर निकाय एवं यातायात पुलिस आपसी समन्वय से सतत निगरानी करें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई भी करते रहें। शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो।

छाया सिनेमा के पीछे खाली पड़े स्थान पर बनेगा वाहन पार्किंग स्थल : शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम नवाबगंज और ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज को स्थान चिन्हित करने के पूर्व में निर्देश दिए थे जिसके क्रम में छाया सिनेमा के पीछे जमुरिया नाले से सटे खाली पड़े स्थान पर पार्किंग स्थल बनाने पर सहमति बनी है। शहर में अन्य स्थानों पर भी पार्किंग स्थल चिन्हित करने का कार्य जारी है। उन्होंने नगर पालिका व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर लटकते तारों और बीच सड़क में लगे विद्युत खंभों की पहचान कर उन्हें शिफ्ट करने की कार्यवाही शीघ पूरी कर ली जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि छाया चौराहे के पास पंजाब नेशनल बैंक एटीएम वाली गली में व सामने की पार्क में दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है जनता बार बार इसकी शिकायत करती है। इसके लिये जिलाधिकारी ने एसडीएम और ईओ नवाबगंज को निर्देशित किया कि संयुक्त अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को शीघ्रता से हटवाने की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने तथा नियमित निगरानी के निर्देश दिए। मालगोदाम रोड में वर्षा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने ई0ओ0 नगर पालिका को वहां जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने व मरम्मत कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि जनसुविधा के अनुसार उचित समाधान लागू किए जा सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में लेबर अड्डो को व्यवस्थित किया जाए। जिससे मजदूर इधर उधर सड़कों पर बेतरतीब न खड़े नजर आए। लेबर अड्डे के रूप में चिन्हित किये गए स्थानों पर ही लेबर अपने काम की तलाश में रुके।





# चोटों से जूझ रहे भारत की निगाहें सीरीज में बराबरी करने पर

एजेंसी



मैनचेस्टर। इंग्लैंड और भारत की टीमें बुधवार को जब ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर चौथे टेस्ट के लिए उतरेंगी, तो भारत का इरादा ना सिर्फ इस मैदान पर पहली जीत हासिल करने का बल्कि सीरीज में वापसी करने का होगा।

भारतीय टीम फिलहाल चोटों से गुजर रही है और उनके मुख्य टीम के तीन से चार खिलाड़ी चोटिल हैं। हालांकि उनके लिए अच्छी खबर यह है कि उनके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पूरी तरह फिट होते दिख रहे हैं, जो लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग के दौरान चोटिल हो गए थे।

ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी घुटने की चोट के कारण पूरे सीरीज से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह शार्दुल ठाकुर वापसी कर सकते हैं, जो पहले टेस्ट में खेले थे। वहीं अर्शदीप सिंह बाएं हथेली की चोट के कारण इस टेस्ट से बाहर हैं, जबकि आकाश दीप को भी एक निगल है। ऐसे में टीम में बुलाए गए युवा तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को जगह मिल सकती है।

वहीं इंग्लैंड की टीम लॉर्ड्स टेस्ट जीतकर आ रही है और उनका इरादा इस मैच को जीतकर पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी पर कब्जा ज़माना होगा। पिछले मैच में अपनी उंगली तुड़वा बैठे ऑफ स्पिनर बशीर अहमद सीरीज से बाहर हैं और उनकी जगह लियाम डॉसन को अंतिम एकादश में जगह मिली है। इंग्लैंड ने मैच के दो दिन पहले ही अपने एकादश का ऐलान कर दिया है। इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें अंशुल कम्बोज : कम्बोज को आनन-फानन में टीम में शामिल किया गया है, लेकिन लाल गेंद के साथ उनका घरेलू क्रिकेट का अनुभव उन्हें बड़े स्तर के लिए तैयार बनाता है। उन्होंने हाल ही में इंडिया ए की तरफ से इंग्लैंड का दौरा किया था और दो मैचों की तीन पारियों में पांच विकेट लिए थे, साथ ही बल्ले के साथ भी एक अर्धशतक बनाया था। इसके पहले उन्होंने आईपीएल 2025 में आठ मैचों में आठ विकेट लिए थे। अगर कम्बोज के प्रथम श्रेणी करियर की बात की जाए तो दाएं हाथ की तेज गेंदबाजी करने वाले हरियाणा के इस तेज गेंदबाज ने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 22.88 की औसत से 79 विकेट लिए हैं, जिसमें दो पंजा और एक 10-विकेट हॉल शामिल है। उन्होंने केरल के खिलाफ एक रणजी ट्रॉफी मैच की एक पारी में 10 विकेट लिए थे। वहीं 2024-25 के दलीप ट्रॉफ़ी में उन्होंने तीन मैचों की आठ पारियों में 16 विकेट लिए थे, जिसमें एक पारी में 8 विकेट-हॉल शामिल था। उन्होंने अपने इस प्रदर्शन की मदद से प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और चयनकर्ताओं की नजर में अपनी जगह बनाई। अब अगर उन्हें मौका मिलता है, तो वह इस मौके को पूरी तरह भुनाने की कोशिश करेंगे। लियाम डॉसन : जहां इस मैच में कम्बोज का डेब्यू हो सकता है, वहीं इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर आठ साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं।

# डीपीएल का दूसरा सीजन 2 अगस्त से, महिला लीग 17 अगस्त से

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) का दूसरा संस्करण 2 अगस्त से शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ होगी, जिसके बाद पहला पुरुष मैच होगा, जबकि फाइनल 31 अगस्त को राजधानी के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में होगा।

मौसम संबंधी व्यवधान या अप्रत्याशित परिस्थितियों की स्थिति में, पुरुषों के फाइनल के लिए 1 सितंबर को एक आरक्षित दिन निर्धारित किया गया है।

दूसरे सीजन में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें होंगी, जिनका मुख्य ध्यान प्रतिस्पर्धी संतुलन, उभरती प्रतिभाओं और प्रशंसकों की भागीदारी पर होगा।

दिल्ली प्रीमियर लीग ने अपनी आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया है। ग्रुप ए में आउटर दिल्ली वॉरियर्स, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, न्यू दिल्ली टाइगर्स और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स शामिल हैं। ग्रुप बी में वेस्ट दिल्ली लायंस, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और पुरानी दिल्ली 6 शामिल हैं। पुरुष लीग प्रारूपः पुरुषों के इस टूर्नामेंट में कुल 40 मैच होंगे, जिनमें 8 टीमें खिताब के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगी। टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की 3 टीमों के साथ डबल राउंड रॉबिन (2 मैच - होम और अवे) खेलेगी और दूसरे ग्रुप की 4 टीमों के साथ सिंगल राउंड रॉबिन (1 मैच) खेलेगी, जिससे कुल 10 मैच होंगे। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। शीर्ष दो टीमें क्वालीफायर 1 में आमने-सामने होंगी, जिसमें विजेता को सीधे फाइनल में जगह मिलेगी। इस बीच, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। एलिमिनेटर का विजेता क्वालिफायर 2 में क्वालिफायर 1 की हारने वाली टीम से भिड़ेगा। उस मैच का विजेता फाइनल में शेष स्थान सुरक्षित कर लेगा और क्वालिफायर 1 के विजेता से भिड़ेगा। ग्रैंड फाइनल 31 अगस्त को होगा। पुरुषों के फाइनल के लिए 1 सितंबर को एक रिजर्व दिन निर्धारित है। महिला लीग प्रारूपः 17 अगस्त से 24 अगस्त तक चलने वाली महिला प्रतियोगिता में चार टीमें होंगी और राउंड-रॉबिन प्रारूप में कुल 6 मैच खेले जाएंगे। लीग चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। लीग से पहले, डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, ''डीपीएल का दूसरा सीजन दिल्ली में घरेलू फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगा। राउंड-रॉबिन प्रारूप और दो नई पुरुष टीमों के शामिल होने से प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी बढ़ जाएगा। महिला लीग भी लगातार आगे बढ़ रही है और राजधानी की उभरती महिला क्रिकेटरों के लिए एक मजबूत मंच साबित होगी। हमारा लक्ष्य एक उच्च-गुणवत्ता वाली, टिकाऊ लीग बनाना है जो दिल्ली के खिलाड़ियों को वह पहचान दिलाए जिसके वे हकदार हैं, और हमें डीपीएल के साथ रखी जा रही नींव पर गर्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक डूरंड कप 2027 तक सोनी पर अपनी शानदार विरासत जारी रखेगा

**मुंबई।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (एसपीएनआई) ने ऐतिहासिक डूरंड कप के अपने विशेष प्रसारण और डिजिटल अधिकारों के अगले तीन सत्रों, यानी 2027 तक, के लिए नवीनीकरण की घोषणा की है। भारतीय सेना की पूर्वी कमान द्वारा तीनों सेनाओं की ओर से आयोजित डूरंड कप, 1888 में अपनी शुरुआत से ही भारतीय फुटबॉल का आधार रहा है, जो देश के शीर्ष क्लबों और उभरती प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करता है। इस टूर्नामेंट की विरासत और प्रतिस्पर्धी भावना इसे भारतीय फुटबॉल कैलेंडर में एक प्रमुख आयोजन बनाती है। डूरंड कप के आगामी संस्करण रोमांचक मुकाबलों और धमाकेदार फुटबॉल एक्शन का वादा करते हैं, जिसमें शीर्ष भारतीय क्लब और उभरते सितारे शामिल होंगे। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया के पास भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंटों में से एक तक व्यापक पहुंच है। इस नवीनीकरण से सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया को विशेष टेलीविजन और डिजिटल अधिकार प्राप्त हुए हैं और टूर्नामेंट का भारत और उपमहाद्वीप में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क चैनलों पर सीधा प्रसारण और सोनी लिव पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। एसपीएनआई और डूरंड कप के बीच एक फलदायी साझेदारी रही है, इस सहयोग के दौरान कई पहल की गई हैं। इस महीने, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने ट्रॉफियों का अनावरण किया और डूरंड कप ट्रॉफी टूर के 133वें संस्करण को हरी झंडी दिखाई। इस दीर्घकालिक सहयोग के तहत, एसपीएनआई ने विशेष रूप से तैयार किए गए अभियानों के लिए पूर्व भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री, टीम के मालिक-अभिनेता जॉन अब्राहम और बॉलीवुड सुपरस्टार कार्तिक आर्यन के साथ सहयोग किया। पिछले दो सीजन में एसपीएनआई डूरंड कप का प्रसारण स्थल रहा है, जिससे टूर्नामेंट के दर्शकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में संचयी पहुंच में 100% वृद्धि और औसत इंप्रेशन में 27% की वृद्धि (2023 सीजन की तुलना में) देखी गई।

### मुंबई में बेहद आलीशान घरों की बिक्री पहली छमाही में 20 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** मुंबई में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले बेहद आलीशान (अल्ट्रा-लक्जरी) घरों की बिक्री इस साल पहली छमाही (जनवरी-जून) में 20 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 14,751 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। संपत्ति सलाहकार इंडिया सोथबी इंटरनेशनल रियल्टी (आईएसआईआर) और डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। यह रिपोर्ट मुंबई के आलीशान आवास बाजार (प्राथमिक और द्वितीयक दोनों) पर आधारित है। आंकड़ों के अनुसार, मूल्य के लिहाज से मुंबई में बेहद आलीशान घरों (10 करोड़ रुपये और उससे अधिक) की बिक्री इस साल के पहले छह महीनों में 20 प्रतिशत बढ़कर 14,751 करोड़ रुपये हो गई। यह आंकड़ा पिछले साल की इसी अवधि में 12,285 करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से, इस साल जनवरी-जून में बेहद आलीशान घरों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 692 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 622 इकाई रही थी। आईएसआईआर के कार्यकारी निदेशक सुदर्शन शर्मा ने कहा, ''मुंबई का लक्जरी रियल एस्टेट बाजार एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में रिकॉर्ड बिक्री खासतौर से वर्ली, प्रभादेवी, ताड़देव, मालाबार हिल और बांद्रा पश्चिम जैसे स्थापित बाजारों में लगातार मांग का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचे और आलीशान घरों की नई आपूर्ति के कारण मांग बढ़ी है। सीआरई मैट्रिक्स के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक किरण गुप्ता ने कहा कि मुंबई के आलीशान आवास बाजार में खरीदारों की दिलचस्पी लगातार बनी हुई है।

### शांति गोल्ड का आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा मूल्य दायरा 189-199 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली।** स्वर्ण आभूषण विनिर्माता कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल ने अपने आगामी 360 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 189 से 199 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा और 29 जुलाई को संपन्न होगा। आईपीओ पूर्णतः 1.81 करोड़ नए शेयर पर आधारित है इसमें ब्रिकी पेशकश (ओएफएस) का काई घटक शामिल नहीं है। इस निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल जयपुर में एक इकाई स्थापित करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने, कर्ज भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित शांति गोल्ड विभिन्न प्रकार के स्वर्ण आभूषणों के 'डिजाइन' तैयार करने और उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। वर्तमान में कंपनी की स्थापित विनिर्माण क्षमता 2,700 किलोग्राम प्रति वर्ष है।

### अकासा एयर का 2032 तक अपने बेड़े में विमानों की संख्या 226 तक पहुंचाने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने 2032 तक अपने विमानों के बेड़े की संख्या को 226 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी अंकुर गोयल ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन का इस अवधि के दौरान सालाना 25 से 30 प्रतिशत की क्षमता जोड़ने का इरादा है। आकासा एयर की शुरुआत 2022 में हुई थी। वर्तमान में 30 बोइंग 737 मैक्स विमानों के बेड़े के साथ यह 23 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानों का परिचालन करती है। राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने कहा कि एयरलाइन कंपनी लागत पर ध्यान दे रही है। अकासा एयर ने 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिए हैं। इनमें से 30 का वर्तमान में कंपनी द्वारा परिचालन किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि विमानन कंपनी का लक्ष्य 2032 तक बेड़े में 226 विमान रखना है।

### वीनस विलियम्स चाहती हैं कि उनकी बहन सेरेना रिटायरमेंट से वापसी करें

**न्यूयॉर्क।** सात बार की मेजर चैंपियन वीनस विलियम्स एक साल से ज्यादा समय तक टेनिस से दूर रहने के बाद डीसी ओपन में टेनिस में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। जब पत्रकारों ने उनसे सोशल मीडिया पर हाल ही में पोस्ट किए गए एक वीडियो के आधार पर उनकी बहन सेरेना की खेल में वापसी के बारे में पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया, ''मेरा मतलब है, मैं अपनी टीम से कहती रहती हूँ : 'अगर वह यहां होतीं, तो यह सब बेहतर होता,' जैसे हम हमेशा सब कुछ साथ करते थे, इसलिए मुझे उनकी याद आती है। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, वीनस ने अपनी वापसी से पहले पत्रकारों से कहा, ''लेकिन अगर वह वापस आती हैं, तो मुझे यकीन है कि वह आप सभी को बता देंगी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, विलियम्स ने पत्रकारों को हाल ही में हुए एक प्रशिक्षण सत्र के बारे में बताया, जहां सेरेना कुछ समय के लिए अपनी बहन के साथ शामिल हुई थीं।

# करुण नायर की घर वापसी, अब कर्नाटक के लिए खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर तीन सीजन बाद कर्नाटक टीम में वापसी करने जा रहे हैं। नायर पिछले दो सीजन से विदर्भ के साथ थे। उन्हें सोमवार शाम विदर्भ क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला, जिससे वह अपनी मूल राज्य टीम के लिए फिर से खेल सकेंगे। नायर की कर्नाटक वापसी ऐसे समय में हो रही है जब उनके प्रदर्शन का स्तर पहले की तुलना में काफी ऊपर पहुंच चुका है। इस साल की शुरुआत में विदर्भ को तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जिताने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 16 पारियों में 53.93 की औसत से चार शतकों की मदद से 863 रन बनाए थे, जिसकी बदौलत उन्हें आठ साल बाद भारत की टेस्ट टीम में वापसी का मौका मिला। इनमें केरल के खिलाफ फाइनल में खेली गई विजयी शतकीय पारी भी शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि 2021-22 में जब नायर को कर्नाटक टीम से बाहर किया गया था, तब केरल उन्हें अपने साथ लेना चाहता था। नायर ने 50 ओवर के विजय हजारे ट्रॉफी में रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन किया। उन्होंने विदर्भ की कप्तानी करते हुए टीम को उपविजेता बनाया और आठ पारियों में 124.01 के स्ट्राइक रेट से 779 रन बनाए, जिसमें लगातार पांच शतक शामिल है। टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने एक नया लिस्ट ए रिकॉर्ड बनाया और बिना आउट हुए सबसे ज्यादा 542 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। इंग्लैंड दौरे पर अब तक उनका प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा है। इंडिया ए के लिए इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ बेकेनहैम में दोहरा शतक जमाने के बावजूद उन्होंने अब तक खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 0, 20, 31, 26, 40 और 14 रन बनाए हैं। उनकी हालिया चार पारियां नंबर तीन पर आई हैं। नायर एक ऐसी कर्नाटक टीम में लौट रहे हैं जो प्रतिभाशाली बल्लेबाजों से भरी हुई है। आर स्मरण, केएल श्रीजित और केवी अनीश ने 2024-25 सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्मरण ने रणजी सीजन में दस पारियों में 516 रन बनाकर टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि श्रीजित ने अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू पर शतक जड़ा। मयंक अग्रवाल के कप्तान बने रहने की संभावना है और देवदत्त पड़िक्कल का खेलना तय माना जा रहा है, जिससे टीम चयन में मैनेजमेंट के सामने अच्छी खासी चुनौती आ सकती है। यह स्थिति कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की भविष्य पर केंद्रित नीति से थोड़ा हटकर हो सकती है, जिसके मिसाल के तौर पर पिछले सीजन के गोतम और मनीष पांडे जैसे सीनियर खिलाड़ियों का टीम से बाहर होते देखा गया। इस बीच तेज गेंदबाज वी कौशिक ने आगामी सीजन के लिए गोवा जाने के लिए कर्नाटक से एनओसी प्राप्त कर लिया है। वह एक देर से उभरने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2019-20 में 27 साल की उम्र में कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर रणजी डेब्यू किया।

## भारत को कुलदीप को खिलाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिएः हार्मिसन

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन का मानना है कि भारत को चौथे टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश में कुलदीप यादव को शामिल करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि पहले से ही संतुलित टीम में इस कलाई के स्पिनर को शामिल करना चयन की दुविधा पैदा कर सकता है। ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच से मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिन गेंदबाजी को मदद मिलने की उम्मीद है और हार्मिसन ने कहा कि भारत को बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे टेस्ट से पहले साहसिक फैसला करना होगा कि उसे तीन स्पिनरों के साथ खेलना है या नहीं। हालांकि अगर मेहमान टीम दो स्पिनरों के साथ खेलने और कुलदीप को शामिल करने का फैसला करती है तो उसे वाशिंगटन सुंदर या रविंद्र जडेजा में से किसी एक को बाहर करना होगा जिन्होंने अब तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे वैश्विक स्थिरता का आधार बनाती है: सुमन बेरी

एजेंसी



नई दिल्ली। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने मंगलवार को कहा कि भारत की सतत आर्थिक वृद्धि उसे विश्व के लिए स्थिरता का आधार बनाती है जिसे वृद्धि के नए इंजनों और विकास मॉडलों की आवश?यकता है, जिन्हें बढ़ाया और साझा किया जा सके। बेरी ने कहा कि इस दिशा में भारत एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। सुमन बेरी ने एक्स पोस्ट में बताया कि सोमवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सतत विकास लक्ष्यों पर उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के मंत्रिस्तरीय सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में दुनिया को ऐसे नए विकास मॉडल और वृद्धि के नए इंजनों की आवश्यकता है, जिन्हें बड़े पैमाने पर अपनाया और साझा किया जा सके। उन्होंने कहा कि परिवर्तनशील युग में भारत एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में उभर कर सामने आया है। इसके सामाजिक-आर्थिक संकेतक निरंतर बेहतर हो रहे हैं। साथ ही इसमें समावेशी डिजिटल प्रौद्योगिकी, सैद्धांतिक सुधार और समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। दुनिया महत्वपूर्ण आर्थिक बदलावों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में सतत विकास लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सामूहिक कार्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष बेरी ने कहा कि अनुमान है कि 2013-14 और 2022-23 के बीच के दशक में 24.8 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकल आए हैं। भारत में विश्व में रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं का सबसे बड़ा समूह मौजूद है। भारत ने विकासशील देशों को रियायती वित्त, प्रौद्योगिकी साझेदारी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की है। इसमें सौर ऊर्जा अवसंरचना और डिजिटल शासन उपकरण शामिल हैं। बेरी ने कहा कि दुनिया को स्थिरता के आधार, विकास के नए इंजन और ऐसे विकास मॉडल की जरूरत है, जिन्हें बढ़ाया जा सके।

# बोइंग विमानों के ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली में नहीं मिली कोई समस्याः एयर इंडिया

एजेंसी

मुंबई। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने बोइंग 787 और 737 विमानों के बेड़े पर ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) की लॉकिंग प्रणाली का 'एहतियाती' निरीक्षण पूरा कर लिया है और उसमें कोई भी समस्या नहीं मिली है। एयर इंडिया के बोइंग 787 विमान के 12 जून को हुए भीषण हादसे की जांच के बाद पेश अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त होने के पहले विमान के ईंधन स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद, नागर विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया को 21 जुलाई तक अपने बेड़े में शामिल बोइंग 787 और 737 विमानों में ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। एयर इंडिया का बोइंग 787 विमान 12 जून को लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी जबकि जमीन पर मौजूद 19 लोग भी हादसे में मारे गए थे। टाटा समूह की एयरलाइन ने बयान में कहा, ''ईंधन स्विच की लॉकिंग प्रणाली में निरीक्षण के दौरान कोई भी समस्या नहीं पाई गई। ईंधन नियंत्रण स्विच विमान के इंजन में ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं। एयर इंडिया ने कहा कि उसकी दोनों एयरलाइंस ने 14 जुलाई को जारी डीजीसीए के निर्देशों का अनुपालन कर लिया है। एयर इंडिया ने कहा कि उसने 12 जुलाई को स्वैच्छिक निरीक्षण शुरू किया था और विमानन नियामक की तरफ से निर्धारित समयसीमा के भीतर उन्हें पूरा कर लिया। बोइंग 787-8 दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट कहती है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान के दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति एक सेकंड के भीतर बंद कर दी गई थी, जिससे कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी।


# रिजर्व बैंक का वित्तीय समावेश सूचकांक बीते वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसका वित्तीय समावेश सूचकांक मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष वर्ष में 4.3 प्रतिशत बढ़ा है। यह देश में वित्तीय समावेश यानी वित्तीय सेवाओं तक पहुंच की स्थिति में सुधार को दर्शाता है। आरबीआई ने सरकार सहित संबंधित पक्षों के परामर्श से समग्र वित्तीय समावेश सूचकांक (एफआई-सूचकांक) तैयार किया है। वार्षिक सूचकांक पहली बार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अगस्त, 2021 में प्रकाशित किया गया था। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष वर्ष के लिए सूचकांक संकलित किया गया है। मार्च, 2025 के लिए वित्तीय समावेश सूचकांक का मूल्य 67 है, जबकि मार्च, 2024 में यह 64.2 था। इसमें पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता समेत सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में वित्तीय समावेश सूचकांक में उपयोग और गुणवत्ता आयाम का नतीजा है। यह वित्तीय समावेश के दायरे में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को लाने और वित्तीय साक्षरता की दिशा में निरंतर उठाये गये कदमों को दर्शाता है। एफआई-सूचकांक की अवधारणा एक व्यापक सूचकांक के रूप में की गई है। इसमें सरकार और संबंधित क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंक, निवेश, बीमा, डाक और पेंशन क्षेत्र का विवरण शामिल है। यह वित्तीय समावेश के विभिन्न पहलुओं की जानकारी 0 से 100 के बीच के एकल मान में एकत्रित करता है। इसमें शून्य वित्तीय समावेश के पूर्ण रूप से अभाव, जबकि 100 पूरी तरह से से वित्तीय समावेश को बताता है। सूचकांक में तीन व्यापक मानदंड पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत), और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)३शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक में विभिन्न आयाम शामिल हैं।

# सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली तेजी है। वहीं चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,160 रुपये से लेकर 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,810 रुपये से लेकर 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,15,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मोदी की यात्रा के दौरान लग सकती है भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल से शुरू होने वाली ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है।

श्री मोदी बुधवार को 23 से 26 जुलाई तक दो देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में वह ब्रिटेन जायेंगे और दूसरे चरण में 25 जुलाई को मालदीव पहुंचेंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को यहां विशेष ब्रीफिंग में कहा कि श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। इससे पहले वह 2015, 2018 और 2021 में ब्रिटेन की यात्रा कर चुके हैं। श्री मोदी अपने समकक्ष के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। वह क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच इस समझौते को लेकर बातचीत मई में पूरी हो गयी थी और अब केवल औपचारिकताओं को पूरा किया जाना बाकी है। इस बीच सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच यह समझौता होने



की पूरी उम्मीद है। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे। श्री मिस्री ने कहा कि ब्रिटेन भारत में छठा सबसे बड़ा निवेशक है और उसका भारत में 36 अरब डालर का निवेश है। भारत ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का एक बड़ा स्रोत है, जिसका कुल निवेश लगभग 20 अरब डॉलर है। ब्रिटेन में लगभग एक हज़ार भारतीय कंपनियाँ हैं जो लोगों को रोज़गार प्रदान करती हैं। ब्रिटेन में भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त खालिस्तानी उग्रवादियों से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को इस बारे में भारत की चिंताओं से अवगत करा दिया गया है। भगोड़े अपराधियों को भारत लाये जाने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के आंतरिक मामलों के विभाग इस बारे में निरंतर बातचीत कर रहे हैं और इस संबंध में ब्रिटिश अधिकारियों की मांगों पर कदम उठाए जा रहे हैं। रूस के साथ व्यापारिक संबंधों के कारण नाटो की भारत सहित कुछ अन्य देशों पर प्रतिबंध लगाए जाने की धमकी से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां तक देश की ऊर्जा जरूरतों का का सवाल है यह भारत की प्राथमिकता है। हम इसे पूरा करने के लिए सभी जरूर कदम उठायेंगे। उन्होंने इस मामले में दोहरे मापदंडों को अनुचित करार दिया। यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी और डॉ. मुइज़्ज़ू के राष्ट्रपति बनने के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष की मालदीव की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि ' रहेंगे। प्रधानमंत्री डॉ. मुइज़्ज़ू से मुलाकात करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। श्री मोदी की इस यात्रा से भारत द्वारा अपने समुद्री पड़ोसी मालदीव को दिए जाने वाले महत्व का पता चलता है जो भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति और विजन 'महासागर' में विशेष स्थान रखता है। यह यात्रा दोनों पक्षों को अपने घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ तथा सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करेगी।

## ज़ीशान अहमद खान बने एनएसयूआई सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने हाल ही में अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण फ़ेरबदल करते हुए उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर निवासी ज़ीशान अहमद खान को एनएसयूआई के सोशल मीडिया विभाग का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। ज़ीशान अहमद खान लंबे समय से एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इससे पूर्व वे सोशल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और संयोजक, साथ ही प्रदेश सचिव के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। छात्र राजनीति में उनका अनुभव 10 वर्षों से अधिक का है, जिसमें उन्होंने न केवल संगठन को मज़बूती दी बल्कि युवाओं की आवाज़ को भी प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया। वर्तमान में ज़ीशान जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के छात्र हैं और छात्रों से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संघर्षरत हैं। वे कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं तथा सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोज़गार और संवैधानिक अधिकारों के लिए जारी आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के लिए सोशल मीडिया रणनीति से लेकर ज़मीनी प्रचार कार्य तक में सक्रिय योगदान दिया है। साथ ही, एनएसयूआई के कई राष्ट्रीय अभियानों और आंदोलनों में भी उनका नेतृत्व सराहनीय रहा है। अपनी नियुक्ति पर ज़ीशान अहमद खान ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के प्रति आभार जताते हुए कहा, 'मैं कांग्रेस पार्टी और एनएसयूआई नेतृत्व द्वारा सौंपी गई इस ज़िम्मेदारी के लिए आभारी हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है और मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से संगठन को और मज़बूत करने की दिशा में कार्य करूंगा। डिजिटल स्पेस में संगठन की विचारधारा को और सशक्त करने के लिए मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।'

## बिहार में एसआईआर का 97 प्रतिशत काम पूरा : चुनाव आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में अब तक 97 प्रतिशत गणना का काम पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक 7,16,04,102 गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं जो लगभग 90 प्रतिशत है। इसके अलावा 52,30,126 मतदाता अपने पते पर नहीं मिले जो 6.62 प्रतिशत है। करीब 26 लाख मतदाताओं ने स्थायी रूप से अपना मत स्थानांतरित करवा लिया है जो 3.29 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गणना में 1866869 मृतकों के नाम मतदाता सूची में पाए गए हैं जो 2.36 प्रतिशत है। आयोग ने कहा कि एक अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में सभी योग्य मतदाताओं को शामिल करने के लिए चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इस काम में सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त लगभग एक लाख बीएलओ, 4 लाख वालंटियर्स और 1.5 लाख अधिकारियों की टीम संयुक्त रूप से जुटी हुई है। गत 24 जून के एसआईआर आदेश के मुताबिक एक अगस्त से एक सितंबर 2025 तक आम जनता ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार के लिए आपत्तियां दर्ज करा सकेगी।

## धनखड़ का इस्तीफा किसी और वजह से: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े की वजह उनका स्वास्थ्य कम और कोई दूसरा कारण अधिक प्रतीत होता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा है कि श्री धनखड़ के इस्तीफ़े का सच कुछ और हो सकता है और इसका प्रमुख कारण श्री धनखड़ की भावनाओं को ठेस पहुंचाना लगता है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन की घटना का विवरण देते हुए उन्होने कहा ''कल दोपहर 12.30 बजे श्री धनखड़ ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की अध्यक्षता की। इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत ज़्यादातर सदस्य मौजूद थे। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि समिति की अगली बैठक शाम 4.30 बजे फिर से होगी। श्री धनखड़ की अध्यक्षता में समिति के सदस्य दोबारा बैठक के लिए इकट्ठा हुए। सभी श्री नड्डा और श्री रिजिजू का इंतज़ार करते रहे, लेकिन वे नहीं आए। सबसे हैरानी की बात यह थी कि श्री धनखड़ को व्यक्तिगत रूप से यह नहीं बताया गया कि दोनों मंत्री बैठक में नहीं आएंगे।

## बिहार में पुनरीक्षण के नाम पर हो रहा है लोकतंत्र का कत्ल : प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के काम को लोगों को मतदान से महरूम रखने का प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसा कर लोकतंत्र का कत्ल करने की साजिश रची जा रही है।

कांग्रेस महासचिव वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में बिहार में मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद कहा कि सरकार मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर वोटों की चोरी का खेल कर रही है। इससे पहले इसी तरह की कवायद महाराष्ट्र में भी हुई है और वोट चोरी का यह खेल अब बिहार में चल रहा है। उन्होंने इसे 'वोटबंदी' करार देते हुए मतदाताओं के अधिकार छीनने की साजिश बताया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की सोशल मीडिया पोस्ट में सूचना देते हुए उन्होंने कहा, ल्लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के माननीय नेताओं के साथ संसद परिसर में बिहार में चल रही 'वोटबंदी' के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में हिस्सा लिया। श्रीमती वाड्रा ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतंत्र का कत्ल है, इसलिए हम बार-बार बोल रहे हैं कि ये एकदम गलत है। पहले महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में वोटर बढ़ाकर चुनाव की चोरी की गयी और अब बिहार में वोटर के नाम काटकर यही करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर लागू की जा रही 'वोटबंदी' संविधान में दिए गए मतदान के अधिकार को छीनने की साजिश है। कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन संविधान को कुचलने की हर कोशिश के खिलाफ डटकर खड़ा है।

## वैली ऑफ वर्ड्स में 'फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स' पुस्तक पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। चिकित्सा और साहित्य के प्रेरणादायक संगम के रूप में, देहरादून शहर ने रविवार की शाम, वैली ऑफ वर्ड्स कैफ़े में एक बेहद आकर्षक पुस्तक पैनल चर्चा का साक्षी बना। यह कार्यक्रम डॉ. संजीव चोपड़ा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और वैली ऑफ वर्ड्स के संस्थापक, द्वारा लेखकों और संचालक के परिचय के साथ शुरू हुआ।

उन्होंने कहा कि सर्जनों की कलम से किए गए कार्य, सर्जरी से किए गए कार्यों की तुलना में कई गुना अधिक मूल्यवान हो जाते हैं क्योंकि कलम से किए कार्य न केवल व्यक्ति विशेष बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास का माध्यम बनती है। यह कार्यक्रम विचारोत्तेजक पुस्तक ल्लफ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्सङ्क पर केंद्रित था, जिसे



प्रतिष्ठित पिता-पुत्र की जोडी डॉ. बी. के. एस. संजय और डॉ. गौरव संजय द्वारा लिखा गया है। यह पुस्तक भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे जनकल्याण और राष्ट्रीय महत्व के विषयों के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाएं, शराब की लत, जनसंख्या वृद्धि आदि सामाजिक मुद्दों को भी संबोधित करती है। इसका उद्देश्य जनसाधारण और चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों के पेशेवरों के लिए जागरूकता फैलाना और विशेषज्ञ दृष्टिकोण को एक संग्रहीत एवं संदर्भ योग्य रूप में प्रस्तुत करना है। चर्चा के दौरान डॉ. बी. के. एस. संजय और डॉ. गौरव संजय ने अपने शल्य चिकित्सा जीवन से जुड़े वास्तविक अनुभवों को साझा किया और बताया कि कैसे ये अनुभव पुस्तक को लिखने का आधार बने। दोनों ने चिकित्सा में सहानुभूति के महत्व पर जोर दिया और यह भी बताया कि कैसे लिखने की कला डॉक्टरों और आम जनता के बीच एक माध्यम बना सकती है।

यह पुस्तक चिकित्सा जगत को मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। रोगियों की मार्मिक कहानियों, नैतिक दुविधाओं और एक सर्जन के मन में छिपे भावनात्मक भार को उजागर करती है। कार्यक्रम का संचालन सुनीता विजय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविद सुधारानी पांडे, उद्योगपति एवं समाज सेवी डॉ. एस. फारूक, समाज सेवी विवेकानंद खंडूरी, पूर्व आईएएस इंदु पांडे, डॉ. सुशील उपाध्याय, डॉ. एस.एन. सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्तंभकार सुनीता विजय ने किया।

# पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति...

किरेन रिजिजू समेत ज़्यादातर सदस्य मौजूद थे। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि समिति की अगली बैठक शाम 4:30 बजे फिर से होगी। शाम 4:30 बजे धनखड़ जी की अध्यक्षता में समिति के सदस्य दोबारा बैठक के लिए इकट्ठा हुए। सभी नड्डा और रिजिजू का इंतज़ार करते रहे, लेकिन वे नहीं आए। सबसे हैरानी की बात यह थी कि धनखड़ जी को व्यक्तिगत रूप से यह नहीं बताया गया कि दोनों मंत्री बैठक में नहीं आएंगे। स्वाभाविक रूप से उन्हें इस बात का बुरा लगा और उन्होंने की अगली बैठक आज दोपहर 1 बजे के लिए टाल दी। इससे साफ है कि कल दोपहर 1 बजे से लेकर शाम 4:30 बजे के बीच जरूर कुछ गंभीर बात हुई है, जिसकी वजह से जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने जानबूझकर शाम की बैठक में हिस्सा नहीं लिया। अब एक बेहद चौंकाने वाला कदम उठाते हुए, जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसकी वजह अपनी सेहत को बताया है। हमें इसका मान रखना चाहिए। लेकिन सच्चाई यह भी है कि इसके पीछे कुछ और गहरे कारण हैं। श्री जगदीप धनखड़ का इस्तीफा उनके बारे में बहुत कुछ कहता है। साथ ही, यह उन लोगों की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है, जिन्होंने उन्हें उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था।

### अगला उपराष्ट्रपति...

समाप्त होने के बावजूद, वह तब तक पद पर बने रह सकते हैं, जब तक कि उनका उत्तराधिकारी पद ग्रहण न कर ले। संविधान में एकमात्र प्रावधान उपराष्ट्रपति के राज्यसभा के सभापति के रूप में कार्य के संबंध में है, जो रिक्ति की अवधि के दौरान उपसभापति या भारत के राष्ट्रपति द्वारा अधिकृत राज्यसभा के किसी अन्य सदस्य द्वारा किया जाता है। उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति को त्यागपत्र सौंपकर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफा त्यागपत्र स्वीकार होने के दिन से प्रभावी हो जाता है। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति (उपराष्ट्रपति होने के नाते राज्यसभा के सभापति का पद धारण करते हैं) होते हैं और कोई अन्य लाभ का पद धारण नहीं करते हैं। किसी भी अवधि के दौरान जब उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हैं या उसके कार्यों का निर्वहन करते हैं, तो वह राज्यसभा के सभापति के पद के कर्तव्यों का पालन नहीं करते हैं और राज्यसभा के सभापति को देय किसी भी वेतन या भत्ते के हकदार नहीं होते हैं। संविधान के अनुच्छेद 66 के मुताबिक, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से किया जाता है। उपराष्ट्रपति के चुनाव में राज्यसभा के मनोनीत सदस्यों को मतदान का अधिकार होता है। उच्च सदन में कुल 12 मनोनीत सदस्य हो सकते है और वर्तमान में ऐसे सदस्यों की संख्या 10 है। उपराष्ट्रपति के रूप में कौन निर्वाचित हो सकता है : कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति के रूप में तब तक निर्वाचित नहीं हो सकता जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो; 35 वर्ष की आयु पूरी न कर चुका हो, तथा राज्यसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के लिए योग्य न हो। वह व्यक्ति भी पात्र नहीं है, जो भारत सरकार या राज्य सरकार या किसी अधीनस्थ स्थानीय प्राधिकरण के अधीन कोई लाभ का पद धारण करता हो।

### पलायन का नहीं, बल्कि...

हमारे पास विस्तृत और उर्वरा कृषि भूमि, पर्याप्त जल संसाधन है। दुनिया में यूपी एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जिसका 86 फीसदी से अधिक भूभाग सिंचित है। यहां केंद्र व राज्य सरकार के कृषि विश्वविद्यालयों का बेहतरीन संजाल है। यूपी सरकार पहले से चार कृषि विवि संचालित कर रही है। पांचवां विवि भी स्थापित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रदेश में पहले से ही कृषि विवि संचालित हो रहे हैं और कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है। प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे हैं, जो वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से खेती में लागू कर पा रहे हैं। उन्होने कहा कि देश की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा यूपी में निवास करता है। देश के कृषि योग्य कुल भूमि का केवल 11 फीसदी यूपी में है। इस भूमि पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है। हालांकि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अधिकाधिक शोध और विकास पर ध्यान दिया। उनका क्षेत्र अलग हो सकता है। जिसने जिस क्षेत्र में कार्य किया, वह वहां आगे बढ़ा। योगी ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। कृषि, हॉर्टिकल्चर, सब्जी के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यहां के क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप अनुसंधान और प्रकृति-पर्यावरण के अनुरूप शोध को बढ़ाने के लिए और गति दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होने कहा ल्ल आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है। उन्होने कहा कि 2047 में जब भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉमनी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। हम विजन 2047 की कार्ययोजना के साथ तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि हमें दो वर्ष में क्या अचीव करना है। हमें 2027, 29 और 35 की भी बात करनी चाहिए। पब्लिक को अपील करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर चलना होगा। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इजराइल की मदद से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए थे। उन्होंने हमें तकनीक सहयोग किया था। यहां के वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण लेकर उसे आगे बढ़ाने में योगदान किया था। उसका एक्सटेंशन क्या है। हमें उस दिशा में भी प्रयास करने चाहिए। यदि इजराइल यह कार्य कर सकता है तो हमारे कृषि विवि क्यों नहीं कर सकते। कब तक किसानों को खेतीबाड़ी से पलायन करने के लिए मजबूर होते देखते रहेंगे। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। इस समय भारी बारिश होनी चाहिए, लेकिन प्रदेश के लगभग 15-16 जनपदों में औसत से कम बारिश हुई है। अगल-बगल के राज्यों में जहां बारिश पहले कम होती थी, वहां भारी बारिश हो रही है। इन स्थितियों का सामना कैसे कर सकते हैं। उन्होने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो उसके प्रोड्क्शन पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। सीएम ने पूछा कि क्या लेट वेरायटी के लिए किसानों को तैयार किया। बीज की उपलब्धता व डिमास्ट्रेशन के लिए किसान को प्रशिक्षित किया। यदि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों के माध्यम से समय पर सही जानकारी व डिमास्ट्रेशन से बताएंगे नहीं कि इस बीज से इसका इतना प्रोडक्शन लिया जा सकता है तो उसे विश्वास नहीं होगा। आज भी यदि वह पुरानी रणनीति के तहत पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसलिए, क्योंकि हम उसे केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं। योगी ने कहा कि कृषि, हार्टिकल्चर, सब्जी, पशुपालन-डेयरी में हम थोड़ा भी प्रयास करेंगे तो लोगों को इस दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। पीएम मोदी कहते हैं कि लागत कम और उत्पादन को बढ़ाएंगे तो किसानों के चेहरे पर खुशहाली ला सकते हैं, लेकिन यह शोध और विकास के माध्यम से ही संभव हो सकता है। इसमें बहुत कुछ किया जा सकता है। उन्होने आशा जताई कि उपकार विशिष्ट शोध व विकास कार्यक्रमों के माध्यम से यूपी के किसानों का उपकार करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव रविंद्र, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अपाचे हेलिकॉप्टर...

वायु सेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। वायु सेना को इन हेलिकॉप्टरों से लैस किये जाने के बाद रक्षा मंत्रालय ने 4168 करोड़ रूपये की लागत से सेना के लिए भी छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद के उद्देश्य से बोइंग के साथ अनुबंध किया था।

### 2006 मुंबई ट्रेन...

आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि 12 लोगों में शामिल नवीद खान अभी नागपुर जेल में ही रहेगा, क्योंकि वह हत्या के प्रयास के एक मामले में विचाराधीन कैदी है।

### कांवड़ यात्रा में भोजनालय...

कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसे निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड-आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यताओं या किसी भी अन्य ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की अपील की, जिससे विक्रेताओं के मालिक होने की पहचान या धार्मिक पहचान का खुलासा होता हो।

याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी अपील की गई थी कि वर्तमान अनिवार्यताएं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं।

### विधेयकों को मंजूरी: न्यायालय...

(1) का विरले ही प्रयोग देखने को मिलता है। इस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत होता है कि निम्नलिखित कानूनी प्रश्न उठे हैं और वे ऐसी प्रकृति और सार्वजनिक महत्व के हैं कि उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है। संविधान का अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति की सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श करने की शक्ति से संबंधित है। अनुच्छेद के अनुसार, ''अगर किसी भी समय राष्ट्रपति को ऐसा प्रतीत हो कि विधि या तथ्य का कोई प्रश्न उत्पन्न हुआ है या उत्पन्न होने की संभावना है जो ऐसी प्रकृति और ऐसे सार्वजनिक महत्व का है कि उस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन है, तो राष्ट्रपति उस प्रश्न को विचार के लिए उच्चतम न्यायालय भेज सकते हैं और न्यायालय ऐसी सुनवाई के बाद जैसा वह उचित समझे, राष्ट्रपति को उस पर अपनी राय से अवगत करा सकता है।''

राष्ट्रपति के प्रश्न निम्नलिखित हैं:

जब राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किया जाता है तो भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके समक्ष संवैधानिक विकल्प क्या हैं?

क्या राज्यपाल के समक्ष कोई विधेयक प्रस्तुत किए जाने पर वह भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अपने पास उपलब्ध सभी विकल्पों का प्रयोग करते समय मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बाध्य है?

क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है?

क्या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 361, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के कार्यों के संबंध में न्यायिक समीक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है?

संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और राज्यपाल द्वारा शक्तियों के प्रयोग के तरीके के अभाव में क्या राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत सभी शक्तियों के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से समयसीमा निर्धारित की जा सकती है और प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है?

क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायोचित है?

राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के प्रयोग के लिए संवैधानिक रूप से निर्धारित समय-सीमा और तरीके के अभाव में क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से समयसीमा निर्धारित की जा सकती है और प्रयोग का तरीका निर्धारित किया जा सकता है?

राष्ट्रपति की शक्तियों को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक योजना के प्रकाश में, क्या राष्ट्रपति को भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत संदर्भ के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय से सलाह लेने और राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की सहमति के लिए या अन्यथा किसी विधेयक को आरक्षित करने पर सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने की आवश्यकता है?

क्या भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के अंतर्गत राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय, कानून के लागू होने से पहले के चरण में न्यायोचित हो सकते हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक के कानून बनने से पहले किसी भी रूप में उसकी विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना जायज है?

क्या संवैधानिक शक्तियों के प्रयोग और राष्ट्रपति/राज्यपाल के आदेशों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत किसी भी प्रकार से प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू कानून है?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर क्या इस न्यायालय की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में कानून के पर्याप्त प्रश्न शामिल हैं और इसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को संदर्भित करे?

...(क्या) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं या भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142 ऐसे निर्देश जारी करने/आदेश पारित करने तक विस्तारित है जो संविधान या लागू कानून के मौजूदा मूल या प्रक्रियात्मक प्रावधानों के विपरीत या असंगत हैं?

### एसटीएफ की निगरानी...

के दिन आयोग और एसटीएफ के बीच समन्वय बनाए रखने को एक वरिष्ठ अधिकारी नामित किया जाएगा। साथ ही हर जिले में पुलिस कमिश्नर, एसएसपी या एसपी स्तर के नोडल अधिकारी की तैनाती रहेगी।

### महिलाओं को प्रापर्टी...

पॉलीटेक्निक संस्थानों के उन्नयन पर 6935.86 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पायलेट प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में 45 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में टीटीएल एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिप्लोमा सेंटर के इन शिक्षण संस्थानों में पढ़ाए जा रहे बहुत पाठ्यक्रम के कुछ अंश अब वर्तमान समय की जरूरत के अनुसार प्रासंगिक नहीं है। ऐसे में इस विषमता को दूर करने और विद्यार्थियों को वर्तमान समय की मांग के अनुसार पाठ्यक्रम पढ़ाया जाना जरूरी है।

वर्तमान एवं औद्योगिक जरूरतों के अनुसार राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों का उन्नयन किया जाना जरूरी है। संस्थानों के उन्नयन के साथ ही मशीन व उपकरण भी खरीदे जाएंगे। उद्योगों की मांग के अनुसार विद्यार्थियों को इन टीटीएल एक्सीलेंस सेंटर में तैयार किया जाएगा। कुल 6935.86 करोड़ रुपये की धनराशि में से 87 प्रतिशत यानी 6034.20 करोड़ रुपये टीटीएल खर्च करेगी। वहीं 13 प्रतिशत धनराशि यानी 1063.96 करोड़ रुपये राज्य सरकार खर्च करेगी। फिलहाल, अब टीटीएल की मदद से राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों की सूरत चमकाई जाएगी। जिससे डिप्लोमा सेक्टर के अध्ययनरत छात्रों को गुणवत्तायुक्त तकनीकी शिक्षा उपलब्ध होगी। उनका बेहतर प्लेसमेंट हो सकेगा। औद्योगिक आवश्यकता के अनुरूप छात्रों में सॉफ्ट स्किल और व्यक्तिगत विकास पर जोर दिया जाएगा।

# बिहार विधानमंडल के दोनों सदन में हंगामा सदन बुधवार तक के लिए स्थगित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों सदनों (विधानसभा-विधानपरिषद) में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस हंगामे के बीच विधानसभा से छह विधेयक पास किये गए। दोपहर बाद विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद-कांग्रेस विधायक विधानसभा के मुख्य द्वार पर बैठ गए। इन नेताओं के गेट पर बैठ जाने की वजह से विधायकों को अंदर जाने में परेशानी होने लगी। विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को विधानसभा में जाने से रोकने का प्रयास किया। हालांकि, मार्शल ने हाथ पकड़ कर प्रदर्शनकारी विधायकों को उठा दिया। विपक्षी विधायक लगातार मतदाता सूची पुनरीक्षण और राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर हंगामा करते रहे। सदन के अंदर कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के सदस्य हाथ में पोस्टर लेकर हंगामा करने लगे। विपक्ष के विधायक बेल में चले आए। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विपक्षी विधायकों से हंगामा ना करने का बार-बार आग्रह किया लेकिन विपक्ष के सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विधानसभा की द्वितीय पाली शुरू होते ही विपक्ष के हंगामे के बीचें 6 विधेयक पारित हुए। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही दोबारा दो बजे शुरू होने के बाद मात्र 30 मिनट चली, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विधान परिषद की द्वितीय पाली शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सभापति से कार्य स्थगन प्रस्ताव मंजूर कर इस चर्चा करने की मांग की। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि इस पर चर्चा कराना असंवैधानिक है। आप लोग क्या चाहते हैं, मैं यह असंवैधानिक कार्य की अनुमति दूं? विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही बुधवार 12 बजे भी तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# एसएसबी 21वीं वाहिनी एवं नेपाल एपीएफ ने भारत नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड पर की जॉइंट पेट्रोलिंग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पश्चिम चम्पारण (बगहा)। वाल्मीकिनगर के एसएसबी 21वीं वाहिनी बी कंपनी गंडक बराज के अधिकारी एवं जवानों ने मंगलवार की सुबह पड़ोसी देश नेपाल के एपीएफ के अधिकारी और जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर भारत- नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड पर संयुक्त पेट्रोलिंग किया। यह संयुक्त पेट्रोलिंग सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा सीमावर्ती अपराध और अनाधिकृत प्रवेशों को संयुक्त रूप से रोकने के उद्देश्य से चलाया गया। संयुक्त पेट्रोलिंग का नेतृत्व एसएसबी से सहायक कमांडेंट अवधेश कुमार व नेपाल एपीएफ के इंस्पेक्टर बिग बहादुर गोले द्वारा किया गया। इस दौरान एसएसबी तथा नेपाल एपीएफ के जवानों ने गंडक बराज के नो मैंस लैंड पर पैदल मार्च करते हुए गश्ती अभियान चलाया। सीमा क्षेत्र से तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने और स्थानीय ग्रामीणों के बीच सुरक्षा का भाव जगाने के उद्देश्य से समय-समय पर स्थानीय प्रशासन और पड़ोसी देश के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त गश्ती अभियान चलाया जाता है। मौके पर एसएसबी के एसआई उप निरीक्षक विनोद कुमार, सर्वेश उराव, बलराम कुमार, राजकुमार, रंजीत कुमार, विकास कुमार आदि के अलावा नेपाल एपीएफ के इंस्पेक्टर बिग बहादुर गोले,बंबर दबराली, सूरज चौहान, साबिर अली,टीका प्रसाद पौडेल, बृजनंदन कुर्मी आदि जवान शामिल रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बिहार के खगड़िया में चार बच्चों की डूबने से मौत एसडीआरएफ ने शव किया बरामद

**पटना।** बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र अन्तर्गत कंकड़ कुड़िया बहियार में एक ही परिवार के 4 बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। ये सभी बच्चे सोमवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गये हुए थे। इसी दौरान चारों बच्चे गहरे पानी में डूब गये। एसडीआरएफ की टीम लापता बच्चों की तलाश में जुटी थी। एसडीआरएफ ने मंगलवार को काफी मशक्कत के बाद चारों बच्चों के शव को बरामद कर लिया। बच्चों का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों में 12 साल का गोलू कुमार, 9 साल का कर्ण कुमार दोनों सगे भाई थे। वहीं दो अन्य शव 11 साल की अंशु कुमारी और 10 साल की अन्नू कुमारी का है। ये दोनों भी सगी बहन थीं। चारों बच्चे चचेरे भाई बहन थे। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। गौरतलब है कि सोमवार को चारों बच्चे अपने घर से स्कूल जाने के लिए एक साथ निकले थे। लेकिन स्कूल पहुंचने से पहले रास्ते में भरे पानी के गड्ढे में नहाने लगे। इसी दौरान चारों गहरे पानी में डूब गये। कल सभी बच्चों का कपड़े गड्ढे के किनारे पड़े मिले थे। इसके बाद इन बच्चों की वहां पर काफी खोजबीन की गई। लेकिन कल किसी का कुछ पता नहीं मिल पाया था। लेकिन आज चारों बच्चों का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया है। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है।

## हत्या के प्रयास में दो वांछित आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हत्या के प्रयास के मामले में फरार दो आरोपितों को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान वाजीरपुर निवासी कृष्ण उर्फ नारायण (32) और जहांगीरपुरी निवासी सुमित उर्फ छव्वा उर्फ अभिषेक (27) के रूप में हुई है।आरोपित दो अलग-अलग हत्या के प्रयास के मामलों भरत नगर और जहांगीर पुरी में वांछित थे। महीनों से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार भरत नगर थाने में नौ जुलाई की रात परिवहन कर्मी फिरोज पर मच्छी पुल, वजीरपुर के पास कृष्ण उर्फ नारायण और उसके साथियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। नारायण ने फिरोज के सीने पर गोली चलाई। घटना के वक्त पीड़ित दीवार फांदकर किसी तरह जान बचाकर भागा। अन्य आरोपितो ने तलवार से हमला करने की कोशिश की। उक्त मामले में स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसी क्रम में जहांगीर पुरी थाने में पांच फरवरी को सुमित उर्फ छव्वा उर्फ अभिषेक ने हाथी वाला पार्क के पास पीयूष को सीने में गोली मारी। यह हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया और इसमें उसके दो साथी भी शामिल थे।डीसीपी के अनुसार दोनों मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर चौखंडी क्षेत्र में छापेमारी कर दोनों अपराधियों को दबोचा। जांच में पता चला है कि कृष्ण उर्फ नारायण, अपने पिता कुदु स्वामी (घोषित अपराधी) के नाम से गैंग संचालित करता है। उसका गैंग फिरोज के गिरोह से रंजिश रखता है, और इन दोनों गुटों के बीच कई बार गोलीबारी हो चुकी है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

## पंजाब सीमा पर दो तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन सहित दो ड्रोन बरामद

**जालंधर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पुलिस के साथ मिलकर मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है और हेरोइन के साथ ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात बीएसएफ की खुफिया शाखा द्वारा प्राप्त एक सूचना के आधार पर जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर फिरोजपुर के दोनमत्तर गाँव में एक संदिग्ध घर पर छापा मारा और मादक पदार्थों के दो तस्करों को एक तौल मशीन और दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए व्यक्ति फिरोजपुर जिले के श्री मुक्तसर साहिब और मेघराय के निवासी हैं। मादक पदार्थों की खेप का खुलासा करने के लिए उन्हें लाखो के बेहराम पुलिस थाना को सौंपा है। एक अन्य मामले में बीएसएफ की खुफिया शाखा से मिली जानकारी के आधार पर, कल शाम राज्य पुलिस के सहयोग से बीएसएफ द्वारा चलाए गए एक संयुक्त तलाशी अभियान में फाजिल्का जिले के हजारा राम सिंह गाँव के पास एक खेत से एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किये। ड्रोन में चिपका हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन- 571 ग्राम) के साथ चार ग्लो स्टिक भी मिली हैं। अमृतसर सीमा पर आज सुबह तैनात बीएसएफ के तकनीकी टीम ने ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया, जिसे बाद में बीएसएफ के तलाशी दल ने एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया है, जिसके साथ संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन- 564 ग्राम) जुड़ा हुआ था। यह बरामदगी मोधे गाँव के पास एक खेत से हुई।

## सीबीएसई ने बढ़ते बचपन के मोटापे और मधुमेह से निपटने के लिए स्कूल शुगर बोर्ड शुरू किए: डॉ. वीके आहूजा

**फिल्लौर।** बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से एक अग्रणी कदम उठाते हुए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 24,000 से ज़्यादा संबद्ध स्कूलों को स्कूल शुगर बोर्ड लागू करने का निर्देश दिया है। यह एक स्वास्थ्य जागरूकता पहल है जिसका उद्देश्य छात्रों में चीनी के अत्यधिक सेवन को रोकना है। इस पहल को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) का पुरज़ोर समर्थन प्राप्त है, जो इसके राष्ट्रीय महत्व को और भी रेखांकित करता है। प्रसिद्ध बाल विशेषज्ञ डॉ. वी.के. आहूजा ने मंगलवार को फिल्लौर के गांव झनेरही स्थित सत्य भारती आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इस अभियान का उद्घाटन किया तथा 1,000 से अधिक विद्यार्थियों और 50 शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने बचपन में मोटापे, मधुमेह और अनियमित चीनी सेवन से उत्पन्न अन्य जीवनशैली संबंधी विकारों की मूक महामारी से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। डॉ. आहूजा ने अपने संबोधन में कहा, ल्लहम बच्चों में टाइप 2 डायबिटीज़ के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं — एक ऐसी स्थिति जो पहले केवल वयस्कों को ही होती थी। इसका मुख्य कारण मीठे खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों का अत्यधिक सेवन है, जिनमें से कई को हानिरहित बताकर बेचा जाता है।ड्ड उन्होंने स्कूल कैंटीन और घरों में कोल्ड ड्रिंक्स, पैकेज्ड फ्रूट जूस और प्रोसेस्ड स्नैक्स की आम मौजूदगी को इस समस्या का एक बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि शुगर बोर्ड, लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में चीनी की मात्रा के बारे में रोज़ाना दृश्य अनुस्मारक के रूप में काम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ये बोर्ड तुलनाओं को उजागर करेंगे—जैसे कोल्ड ड्रिंक बनाम छाछ—और अनुशंसित चीनी सेवन सीमा, चीनी के अत्यधिक सेवन के स्वास्थ्य परिणामों और स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों के बारे में तथ्य साझा करेंगे।

## कांवड़ियों की भारी भीड़ से हरिद्वार का नजारा हुआ अलौकिक

हरिद्वार। भव्य कांवड़ यात्रा का आज अन्तिम दिन है। लाखों की संख्या में कांवड़िए गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर कूच कर रहे हैं। प्रस्थान के साथ कांवड़ियों के आगमन का सिलसिला भी जारी है। बता दें कि हरिद्वार भव्य कांवड़ यात्रा के शुभारंभ से लेकर करोड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा जल भरकर पद यात्रा कर पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। कांवड़ यात्रा के अन्तिम दिनों में डाक कांवड़ यात्रा में कई राज्यों से भारी संख्या में शिव भक्तों की टोलियां हरिद्वार गंगा जल लेने आते हैं। जहां हरिद्वार हरकी पौड़ी क्षेत्र से लेकर मुख्य मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग, पर शिव भक्तों का ही कब्जा दिखाई दे रहा है। हरिद्वार पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से सड़कों पर मुस्तैदी के साथ दिखाई दे रहा है। कांवड़ यात्रा के अन्तिम दिनों में हरिद्वार में शिव भक्त भारी संख्या में मोटर साईकिल से गंगा जल लेने पहुंचे हैं। जिससे चारों तरफ शिव भक्तों के वाहनों की लम्बी कतारें दिखाई दे रही हैं। वहीं हर हर महादेव के जयकारों से हर कोई महादेव की भक्ति में डूबा हुआ है।

# प्रथम चरण के मतदान को 89 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण के लिए 24 जुलाई को होने वाले मतदान को जिले के चार विकास खंडों से मंगलवार को 89 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई है।

जिले के ज्योर्तिमठ, नारायणबगड़, थराली और देवाल ब्लॉकों में 24 जुलाई को प्रथम चरण का मतदान होना है। इसके लिए 89 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। जबकि शेष 164 पोलिंग पार्टिया बुधवार को मतदेय स्थलों के लिए रवाना होंगी। चमोली जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए 258 मतदेय स्थलों पर मतदान होगा। पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई है। जिले में बारिश और आपदा की स्थिति को देखते हुए सभी पोलिंग पार्टियों के साथ एसडीआरएफ के जवानों की भी तैनाती की गई है। गौरतलब है कि चमोली जिले में द्वितीय चरण का मतदान 28 जुलाई को होगा। जिसके लिए 26 और 27 जुलाई को पोलिंग पार्टियां विकास खण्ड मुख्यालयों से रवाना होंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान प्रक्रिया को सुचारु और निर्बाध रुप से पूर्ण करवाने की सभी तैयारियां कर ली गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई को जनपद में होने वाले मतदान के लिए मंगलवार को 89 पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थलों के लिए रवाना कर दिया गया है। शेष 164 पोलिंग पार्टियों को बुधवार को रवाना किया जाएगा।

## जय कृष्ण ने एथलीट रजनी को किया सम्मानित

होशियारपुर। पंजाब विधानसभा के उपाध्यक्ष और गढ़शंकर के विधायक जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने मंगलवार को राज्य पुलिस की एथलीट रजनी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री रौड़ी ने कहा कि एथलीट रजनी ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों में कई पदक जीतकर राज्य और देश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने बताया कि रजनी ने 100 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर रिले, 800 मीटर फ्लैट और 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में चार स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने 400 मीटर बाधा दौड़ में एक रजत और 100 मीटर तथा 400 मीटर फ्लैट दौड़ में दो कांस्य पदक भी जीते। श्री रौड़ी ने कहा कि रजनी की उपलब्धियां न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि गढ़शंकर निर्वाचन क्षेत्र और पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा,ल्लपंजाब की एक बेटी को राष्ट्र की सेवा करते हुए समर्पण और उत्कृष्टता का उदाहरण स्थापित करते देखना उत्साहजनक है।

# गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाने में एसजीपीसी का सहयोग करे सरकार: चंदूमाजरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने मंगलवार को कहा कि पंजाब सरकार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वीं शहीदी दिवस के लिए राज्य प्रायोजित अलग समारोह आयोजित करने के बजाय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को अपना पूर्ण प्रशासनिक और रसद समर्थन देना चाहिए।

प्रो चंदूमाजरा ने कहा कि राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह ऐसे महत्वपूर्ण शताब्दी समारोहों के वित्तीय और संगठनात्मक प्रयासों में योगदान दे। उन्होंने कहा कि समानांतर आयोजनों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार को राज्य में शांति और कानून-व्यवस्था बनाये रखने को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने शहीदी दिवस और गुरुपर्व (सिख गुरुओं की जयंती) को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से मनाने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के ईमानदार और समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पंजाब सरकार से एसजीपीसी द्वारा आयोजित स्मरणोत्सवों को अपना पूरा सहयोग देने का आग्रह किया। प्रो चंदूमाजरा ने एसजीपीसी से भी अपील की और उन्हें सलाह दी कि वे इन पवित्र समारोहों को किसी विशेष समूह या राजनीतिक गुट से संबद्ध न होने दें। उन्होंने एसजीपीसी की आयोजन समन्वय समिति से पंजाब के बाहर के तख्त साहिबों के प्रतिनिधियों, साथ ही दिल्ली और हरियाणा गुरुद्वारा कमेटियों के प्रतिनिधियों को बाहर रखे जाने पर गहरी निराशा व्यक्त की।

# भारी बारिश से फगवाड़ा में जीवन अस्त व्यस्त, निचले इलाकों में पानी भरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में सोमवार रात से फगवाड़ा और आसपास के कस्बों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रमुख सड़कों पर और कई निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे निवासियों को घुटनों तक पानी, क्षतिग्रस्त सड़कों, बिजली कटौती और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। फगवाड़ा-बंगा रोड, फगवाड़ा-होशियारपुर रोड, रेलवे रोड और हदियाबाद रोड, हरगोबिंद नगर रोड समेत बुरी तरह जर्जर हो चुकी हैं कई प्रमुख सड़कें और भी खराब हो गई है। बताया जा रहा है कि इन सड़कों का लगभग दो सालों से उचित रखरखाव नहीं हुआ है, जिसके चलते अक्सर दुर्घटनाएँ होती हैं और यात्रा में देरी होती है। बारिश का पानी न केवल सड़कों पर , बल्कि गौशाला रोड, हरगोबिंद नगर, खेरा रोड, पलाहाई रोड, शिव पुरी, ओंकार नगर और न्यू मॉडल टाउन जैसे इलाकों में घरों में भी घुस गया, जिससे निवासियों को जमा पानी निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा। खाली प्लॉटों में कूड़े के ढेर, जो अब बारिश में भीग चुके हैं, दुर्गंध और संभावित स्वास्थ्य खतरों का कारण बन गए हैं। कुछ जगहों पर, जैसे कि हरगोबिंद नगर में भारतीय स्टेट बैंक के पास वाली गली में, खतरनाक रूप से झुके पेड़ों ने जन सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है। नगर निगम की तैयारियाँ सवालों के घेरे में आ गई हैं, नागरिक समूह और निवासी मानसून प्रबंधन की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं। मॉडल टाउन विश्राम गृह के पास अवैध अतिक्रमण ने जल निकासी को और बाधित कर दिया है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। अधिवक्ता सी.आर. गौतम ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की माँग करते हुए कहा कि नगर निगम सार्वजनिक भूमि पर इस तरह अतिक्रमण नहीं कर सकता जिससे बुनियादी नागरिक कामकाज बाधित हो। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, फगवाड़ा के मेयर राम पाल उप्पल ने निवासियों को आश्वासन दिया कि प्रशासन इस मामले को तत्परता से देख रहा है। उन्होंने कहा, ल्लहम लोगों की कठिनाइयों को समझते हैं और बुनियादी ढाँचे और जल निकासी की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नंदा राजजात मार्ग पर पेयजल के प्रस्ताव एक सप्ताह में तैयार करें अधिकारी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने हिमालयी महाकुंभ नंदादेवी राजजात के यात्रा मार्ग पर पेयजल सुविधाओं को बहाल करने के लिए एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध करवाए जाएं। मंगलवार को डीएम तिवारी ने जल संस्थान और पेयजल निगम की ओर से नंदादेवी राजजात यात्रा मार्ग पर करवाए जा रहे कार्यों के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। यात्रा मार्ग में आवश्यक पेयजल सुविधाओं को लेकर विभाग एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आंगणन प्रस्ताव जल्द भेजे जाएं जिससे शासन स्तर पर अनुमोदन एवं बजट स्वीकृति की प्रक्रिया में विलंब न हो। उन्होंने सहायक अभियंताओं को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने को कहा जिससे आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार किए जा सकें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करें जिससे कार्यों में ओवरलैप न हो। उन्होंने कहा कि पिछली नंदा देवी यात्रा के अनुभवों और चुनौतियों के आधार पर इस बार के कार्यों की योजना बनाई जाए। उन्होंने वाण से आगे निर्जन पड़ावों में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए वन प्रभाग के एसडीओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यात्रा को सफल बनाने के लिए समयबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें ताकि यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, सहायक अभियंता दिनेश चंद्र पुरोहित, सहायक अभियंता राजमोहन लाल गुप्ता, सहायक अभियंता कैलाश चंद्र नौटियाल, एसडीओ विकास दरमोड़ा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063